

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 4 अप्रैल, 2024 | वर्ष-16 | अंक-359 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



मोदी की गारंटी चाइनीज माल की तरह : तेजस्वी 02
■ महेश शर्मा समेत 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन
■ चौकीदार की हत्या करने वाला आरोपी सीओ का... 05
■ ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से नौ लोगों की...
■ इजराइली हमले में गाजा में सहायता कर्मियों की ... 07
शिवपाल को फिर मिला भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव 10

**रमजान मुबारक**
4 अप्रैल-24
खत्म सहरी : 4.47
रोजा इफ्तार : 6.43



## सार संक्षेप

### आप सांसद संजय सिंह छह माह बाद जेल से रिहा



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी राज्यसभा सांसद व आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर एक विशेष अदालत के बुधवार को कई शर्तों के साथ जेल से रिहा करने का आदेश दिया। इसके बाद उन्हें करीब छह माह बाद तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया।

### वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित हैं और यहां एम्स में उनका उपचार चल रहा है। पिछले छह महीने से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे श्री सुशील ने सोशल मीडिया एक्स पर स्वयं यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा अब वह लोगों को अपनी बीमारी के बारे में बताने का सही समय समझते हैं। लोकसभा चुनाव में वह ज्यादा कुछ नहीं कर पाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस बारे में सब कुछ बता दिया है।

### समुद्री सहयोग बढ़ाएंगे भारत व आस्ट्रेलिया



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने भारत की यात्रा पर आए ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख के साथ बातचीत की। दोनों अधिकारियों के बीच वार्ता द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर केंद्रित रही। उन्होंने नौसेनाओं के बीच संचालन, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, सूचना साझा करने पर चर्चा की।

### कठुआ गोलीबारी में घायल पुलिसकर्मी की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में गोलीबारी में घायल जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रशिक्षु सहायक उप-निरीक्षक दीपक शर्मा की बुधवार को मौत हो गई। कठुआ में सरकारी मेडिकल कॉलेज के परिसर में गोलीबारी में मंगलवार देर शाम एक गैंगस्टर मारा गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान प्रशिक्षु उप-निरीक्षक दीपक शर्मा घायल हो गए थे। गंभीर अवस्था में उन्हें पठानकोट के अमनदीप अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट पर सुनवाई के लिए तैयार

## एडीआर की तरफ से दायर याचिका अगले हफ्ते की जाएगी सूचीबद्ध

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन की पर्चियों के मिलान के मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एडीआर की तरफ से दायर की गई याचिका अगले हफ्ते मंगलवार या बुधवार के लिए सूचीबद्ध की जाएगी। याचिकाकर्ता संगठन एडीआर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने मांग की कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वीवीपैट के मुद्दे पर दायर एक अन्य याचिका पर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था।

**पीठ ने कहा हालात से वाकिफ हैं**

वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायणन भी इस मामले में कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक हैं और अगर इस मामले पर सुनवाई नहीं की गई





■ सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग व केंद्र सरकार से जवाब मांगा था

■ याचिकाकर्ता के वकील ने जल्द सुनवाई की लगाई थी गुहार

तो यह याचिका निष्फल हो जाएगी। जस्टिस खन्ना के साथ ही पीठ में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि 'वे हालात से वाकिफ हैं और अगले हफ्ते मामले पर सुनवाई करेंगे।' बीते साल 17 जुलाई को शीर्ष अदालत ने एडीआर की याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने याचिका दायर कर ईवीएम मशीनों के साथ वीवीपैट पर्चियों का मिलान करने की मांग की थी। वीवीपैट एक स्वतंत्र वोट सत्यापन मशीन है, जिससे पता चलता है कि मतदाता ने जो वोट डाला है, वो सही तरीके से डाला गया है या नहीं। अभी वीवीपैट पर्चियों के माध्यम से सिर्फ पांच कोई भी चयनित ईवीएम के सत्यापन का चलन है।

## केंद्र के खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से राज्य में हुए भारी नुकसान के मद की 37,000 करोड़ रुपए से अधिक की राहत सहायता राशि कई बार अनुरोध के बावजूद नहीं देने का केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अंतरिम उपाय के तौर पर 2000 करोड़ रुपए तत्काल जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की गुहार लगाई। राज्य सरकार ने राहत सहायता जारी नहीं करने को प्रभावित लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन करार देते हुए सहायता के लिए संविधान के अनुच्छेद के 131 के तहत याचिका दायर की है। याचिका में दिसंबर 2023 के चक्रवात 'मिचौंग' के कारण हुई तबाही के मद में 19,692.69 करोड़ रुपए, जबकि तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में अभूतपूर्व और अत्यधिक वर्षा के कारण हुए नुकसान के लिए वित्तीय सहायता के तौर पर 18,214.52 करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

प्राकृतिक आपदा राहत कोष से धन देने की मांग

## अजित पवार नहीं कर रहे अदालत के निर्देश का पालन : शरद

**सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार गुट से मांगा विज्ञापनों का ब्योरा**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से उसके आदेश के बाद अखबारों में दिए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा है। दरअसल, अदालत ने निर्देश दिया था कि एनसीपी अपने सभी विज्ञापनों में यह डिस्क्लेमर जरूरी देगी कि घड़ी चिह्न का उपयोग एक विचाराधीन मामला है। इसी को लेकर शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसने आरोप लगाया कि अजित पवार गुट (जिसे अब भारत के चुनाव आयोग द्वारा आधिकारिक तौर पर एनसीपी के रूप में मान्यता दी गई) ने अनुपालन नहीं किया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर फैसला सुरक्षित

## हाईकोर्ट में गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई पूरी

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। फिलहाल, फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की। इसके बाद हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अपना जवाब पेश किया।

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी अपना पक्ष रखा। सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ पीएमएलए की धारा 50 के तहत कोई सामग्री नहीं है। ईडी ने पहला समन 30 अक्टूबर 2023 को भेजा गया है और 9वां समन 16 मार्च 2024 को भेजा गया। पहले और आखिरी समन के



■ सिंघवी ने कहा, केजरीवाल को बिना सबूत के गिरफ्तार किया गया

बीच छह महीने बीत गए। बिना किसी सबूत के केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पहला वोट डाले जाने से पहले ही केजरीवाल और उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश है। उनके पास कोई सबूत नहीं हैं, सिर्फ सरकारी गवाहों के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### ईडी ने किया जमानत याचिका का विरोध

ईडी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मामले में जांच शुरुआती चरण में है और जहां तक केजरीवाल का सवाल है, जांच खत्म नहीं हुई है। ईडी की तरफ से पेश हुए एएसजी राजू ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का जो अपराध हुआ है वह स्पष्ट और संदेह से परे है। अदालत ने पूर्व में दायर अभियोजन शिकायतों पर संज्ञान लिया है। संज्ञान अपराध का है, अपराधी का नहीं।

चुनाव से पहले चिराग को बड़ा झटका

# चिराग पासवान की पार्टी के 22 पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**पटना,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले लोजपा (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। चिराग की पार्टी के 22 पदाधिकारियों ने बुधवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया है। इसमें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय दाधिकारी शामिल हैं। इन तमाम नेताओं ने बुधवार को एक साझा प्रेस कांफ्रेंस कर चिराग पासवान पर आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव में उन्होंने मोटी रकम लेकर बाहरी उम्मीदवारों को पार्टी का टिकट बेच दिया है।

लोजपा (रामविलास) के जिन नेताओं ने आज पार्टी से इस्तीफा दिया है, उनमें पूर्व मंत्री

■ चिराग पर टिकट बेचने का आरोप लगाया
■ राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी शामिल

रेणु कुशवाहा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व विधायक सतीश कुमार, पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री रवींद्र कुमार सिंह, पार्टी के प्रदेश विस्तार प्रमुख अजय कुशवाहा, संसदीय बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश यादव, प्रदेश महासचिव राजेश दांगी, प्रदेश महासचिव चितरंजन कुमार, कला संस्कृति एवं क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष खेल एवं संस्कृति प्रकोष्ठ अभिनव चंद्रा, प्रदेश सचिव रंजन पासवान, प्रदेश सचिव अवध बिहारी कुशवाहा, संजय लाल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राज सिन्हा, प्रदेश पदाधिकारी संजय लाल, दीपक कुमार, विपिन पटेल, शंभू पहाड़िया, शैलेंद्र कुमार, अशोक मंडल, अजीत कुशवाहा, राज सिंह, अभिनव पटेल, सुरेंद्र सिंह, चितरंजन कुमार और रंजीत कुमार शामिल हैं।

**40 करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाया**

इनका आरोप है कि कुल 40 करोड़ लेकर चिराग ने तीन टिकट बेच दिए हैं। जबकि पांच टिकटों में एक भी टिकट पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को नहीं दिया गया।

# राहुल गांधी ने वायनाड से भरा नामांकन पत्र

■ कांग्रेस महासचिव प्रियंका भी रहीं मौजूद ■ नामांकन से पहले राहुल ने किया रोड शो

**वायनाड,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान श्री गांधी के साथ उनकी बहन एवं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले श्री गांधी ने वायनाड के कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो भी किया। रोड शो में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। यूडीएफ के सैकड़ों कार्यकर्ता रोड शो के लिए कतार में खड़े थे। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के लोग श्री गांधी की तस्वीर के साथ पार्टी के झंडे, तख्तियां और पार्टी के रंग वाले गुब्बारे लेकर उनका स्वागत करने के लिये सड़कों के किनारे एकत्र हुये।

इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि वह वायनाड के मुद्दों को देश और दुनिया के सामने लाने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि



वायनाड मेरा घर है। यहां के लोग मेरे परिवार के सदस्य की तरह हैं। समृद्ध इतिहास एवं खूबसूरत परंपराओं वाली यह भूमि मुझे प्रेरणा देती है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

अगर केंद्र और केरल में कांग्रेस की सरकार बनी, तो राज्य की सारी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। यहां मुख्य मुकाबला गांधी और भाकपा नेता और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट उम्मीदवार एनी राजा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के बीच है।

## कांग्रेस का घर-घर गारंटी कार्ड अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जनता को पांच न्याय के तहत दी जाने वाली 25 गारंटियों के कार्ड घर-घर पहुंचने का अभियान बुधवार को शुरू कर दिया और चुनाव खत्म होने से पहले आठ करोड़ परिवारों तक इन सभी गारंटियों के कार्ड वितरित किए जाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र में घर-घर गारंटी कार्ड वितरण अभियान की शुरुआत की। पार्टी कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में आठ करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड वितरित करेंगे। गारंटी कार्ड 14 विभिन्न भाषाओं में छापे गए हैं।

पांच न्याय की 25 गारंटियों का कार्ड में विवरण

# हम बेदाग चुनाव चाहते हैं : राजीव कुमार

**लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग ने समीक्षा बैठक की**

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए कानून-व्यवस्था और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त लोकसभा चुनाव सुनिश्चित करने और एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक बैठक है जो चुनाव चक्र के हर पांच साल में होती है। कुमार ने अधिकारियों से कहा कि चुनाव आयोग एकदम बेदाग चुनाव कराना चाहता है।

इस दौरान चुनाव आयोग ने मणिपुर में हाल की हिंसा और शांतिपूर्ण चुनाव के आयोजन पर इसके प्रभावों पर भी चर्चा की। साथ ही चुनाव आयोग से आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों की सहायता के लिए त्वरित कार्रवाई करने और चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।



बैठक में मणिपुर पर भी हुई चर्चा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बैठक में अधिकारियो से कहा गया कि आयोग किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने का फैसला लिया गया। किसी भी तरह की लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही होगी। चुनाव के दौरान राज्यों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त तैनाती रहेगी। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को क्षेत्र पर अपना प्रभाव और असुरक्षित इलाकों में रूट मार्च के लिए तैनात किया जाएगा। वहीं चर्चा यह भी है कि चुनाव आयोग 2024 के लोकसभा चुनाव में भी खर्च की राशि बढ़ा सकता है।

# राज्यसभा से रिटायर हुए मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बुधवार को राज्यसभा से रिटायर हो गए। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे 91 वर्षीय मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी। मनमोहन सिंह के अलावा वर्तमान सरकार के दो वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यकाल भी बुधवार को राज्यसभा में समाप्त हो गया। राज्यसभा सांसद व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया। मनमोहन सिंह लगभग 33 वर्ष तक राज्यसभा के सांसद रहे।



■ 33 साल राज्यसभा सांसद रहे पूर्व प्रधानमंत्री

## धनखड़ ने 12 सदस्यों को शपथ दिलाई

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी।

# भाजपा में शामिल हुए बॉक्सर विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। कांग्रेस नेता और बॉक्सर विजेंदर सिंह ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस दौरान विनोद तावड़े ने विजेंदर सिंह की खेल के मैदान की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उनकी सराहना की।



तावड़े ने विजेंदर की खेल उपलब्धियों को सराहा

**चुनाव** | *केरल में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक*

# 11 राज्यों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाता अधिक

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ग्यारह राज्यों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है। केरल में इनकी संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट में 2024 के आम चुनावों में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी को दर्शाया गया है।**

नई दिल्ली स्थित सार्वजनिक नीति अनुसंधान और परामर्श फर्म क्वांटम हब की एक रिपोर्ट से पता चला है कि केरल में पुरुष मतदाताओं की तुलना महिलाओं की संख्या अधिक है। कुल मतदाताओं में 51 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके बाद गोवा, मिजोरम, मणिपुर और तमिलनाडु का स्थाना आता है।

इसके विपरीत, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार और उत्तराखंड जैसे राज्यों में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी सबसे कम है। इस आम चुनाव में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी भी दो दशकों में सबसे अधिक - 48.6 प्रतिशत है। 2019 के बाद से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार में नई महिला मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। टीक्यूएच कंसल्टिंग की सह संस्थापक अपराजिता भारती ने कहा, निर्वाचक मंडल के रूप में महिलाएं पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। यह क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के चुनाव पूर्व वादों में भी परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा, हम महिला मतदाताओं के बढ़ते महत्व को उजागर करने और ट्रैक करने का प्रयास कर रहे हैं। देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति के लिए राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है।



■ हरियाणा, उप्र, पंजाब जैसे राज्यों में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी सबसे कम

रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों जैसी सेवा और विदेशी क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व क्रमशः 3.5 और 11 प्रतिशत है।

# देश

**उवाच**

"कश्मीर की तीनों सीटों पर पीडीपी उम्मीदवार उतारेगी। इसके लिए मंथन चल रहा है। एक से दो दिन में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उन्हें कहीं का नहीं छोड़ा ऐसे में अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने के लिए मजबूर हूं।"

–महबूबा मुफ्ती,पीडीपी प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 22.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# मोदी की गारंटी चाइनीज माल की तरह : तेजस्वी

## पूर्णिया में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी पर कसा तंज

**पूर्णिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सबसे ज्यादा चर्चा में रहे पूर्णिया लोकसभा सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी बीमा भारती ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर ही दिया। कांग्रेस की पारंपरिक सीट को अपने पाले में कर पप्पू यादव को बेटिकट करने वाले राष्ट्रीय जनता दल की ओर पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में बुधवार दोपहर जनसभा की गई। इसमें स्टार प्रचारक के तौर पर नेता प्रतिपक्ष और लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव शामिल हुए। तेजस्वी ने अपनी पार्टी की प्रत्याशी बीमा भारती के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि पूर्णिया की महान जनता अपनी बेटी बीमा भारती को आशीर्वाद जरूर देगी। इसका मुझे भरोसा है। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि कहा कि मोदी जी आएंगे और कहेंगे मोदी की गारंटी। लेकिन, मोदी जी की गारंटी चाइनीज माल की तरह है। एक दो बार इस्तेमाल कीजिएगा फिर बेकार हो जाएगा। वह केवल चुनाव भर ही गारंटी लेंगे। अरे मोदी जी आप एक बार मेरे चाचा की गारंटी लेकर दिखाइए। उनकी गारंटी है या नहीं यह बताइए। वह कब पलटेंगे पता नहीं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए के 40 में से 39 सांसद हैं, लेकिन बिहार के लिए इन लोगों ने कुछ नहीं किया। 2014 से अब तक पीएम मोदी ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। ना महंगाई पर कुछ बोलते हैं, न बेरोजगारी पर बोलते हैं। 400 पार की बात मोदी करते हैं, लेकिन बिहार को लेकर उनके पास क्या विजन है। बिहार के लिए क्या कुछ अलग करेंगे। इसके बारे में कुछ नहीं बताते हैं। बिहार में लोक सभा चुनाव में जिलों के जो लोकल मुद्दे रहेंगे, उसको हम उठाएंगे।

**तेजस्वी ने अपनी पार्टी की प्रत्याशी बीमा भारती के लिए मांगे वोट**

### राजद माय के साथ बाप की भी पार्टी है : यादव

तेजस्वी यादव ने कहा कि अति पिछड़ा समाज से आतीं हैं और बहादुर महिला हैं। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि आज के दौर में अच्छे से अच्छे लोग पलट जाते हैं। हमारे चाचा भी पलट गए। हमारे चाचा को हाईजैक कर लिया गया।



**2014 से अब तक मोदी ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया न महंगाई पर कुछ बोलते हैं न बेरोजगारी पर : तेजस्वी यादव**

लेकिन, बीमा भारती ने डरने का काम नहीं किया। समाजवादी विचारधारा के साथ रहीं। अन्याय के खिलाफ इन्होंने लड़ाई लड़ी। इनके पति और 18 साल बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों की पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। लालू जी ने भगवतिया देवी को सांसद बनाया। तेजस्वी यादव ने फिर दोहराया कि राजद माय के साथ बाप की भी पार्टी है। ब से बहुजन और पी से पुअर यानी गरीब। राजद सबकी पार्टी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा से लड़ाई लड़ने के लिए आप सबलोग का साथ दिया। यही पूर्णिया की धरती पर पीएम नरेंद्र मोदी आए थे 2014 में। कसम खाकर कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि पूर्णिया की जनता ने तीन बार से एनडीए के प्रत्याशी को जिताया। लेकिन, दिल पर हाथ रखकर सच बताइए कि इन 15 साल में जदयू और भाजपा के सांसद ने क्या किया।

भाजपा और जदयू के विधायक हैं। क्या कोई कारखाना लगा? तेजस्वी ने कहा कि पूर्णिया के लोगों को पलायन, बेरोजगारी और गरीबी मिला। आज हमलोग सवाल पूछते हैं तो मोदी जी ईडी और सीबीआई को भेज देते हैं। हमलोग डरने वाले नहीं हैं। लालू जी ने सांप्रदायिक शक्तियों के आगे घुटना नहीं टेका। तेजस्वी यादव ने कहा कि 17 महीने में हम लोगों ने पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। क्या भाजपा ने 10 साल में पांच लाख से ज्यादा नौकरी पूरे देश में भी दी। आपका बेटा बिहार में आया तो 17 महीने में पांच लाख लोगों को नौकरी दी। पूछिए अपने सांसद और मोदी जी से। जरा हिसाब लीजिए एनडीए वालों से। जब 17 महीने में इतना काम कर सकते हैं तो सोचिए आगे आपलोग मौका दीजिएगा तो कितना काम होगा। इसलिए आप लोगों को न्याय करना है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीमांचल में बहुत लोग वोट काटने का काम करेगा।

### अभिवावक व बड़े भाई जैसे हैं पप्पू यादव : बीमा भारती



राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने कहा कि सीमांचल और पूर्णिया की समस्या का समाधान करेंगे। पूर्णिया का सबसे बड़ा मुद्दा पूर्णिया एयरपोर्ट है। जनता का आशीर्वाद मिला तो पूर्णिया एयरपोर्ट की मांग को पूरा करेंगे। वहीं, पूर्णिया सीट पर बार-बार पप्पू यादव के दावे को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि वह (पप्पू) उनके गार्जियन हैं, अभिवावक हैं और बड़े भाई जैसे हैं। मैं उनका सम्मान करती हूं। बीमा भारती ने कहा कि उनकी पार्टी महागठबंधन में शामिल हैं।

# कोटा–बूंदी लोकसभा सीट से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भरा नामांकन

**कोटा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कोटा–बूंदी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ओम बिरला ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इससे पूर्व ओम बिरला ने कोटा के नयापुरा स्थित जेके पेविलियन स्टेडियम के बाहर सभा को संबोधित किया। नामांकन दाखिल करने के बाद ओम बिरला ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों कार्य योजनाओं और सफलता से पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। पिछले 10 साल के कार्यकाल से लोगों के प्यार और स्नेह के बल पर इस बार फिर से केंद्र में भाजपा सरकार बनने का दावा किया।

कांग्रेस उम्मीदवारों द्वारा मैदान छोड़ने की बात पर बिरला ने कहा कि कांग्रेस में भगदड़ क्यों मची हुई है, यह वही बता सकते हैं। लेकिन उनका हमेशा ही यह मानना रहा है कि सकारात्मक होकर चुनाव लड़ना चाहिए। भाजपा मोदी के विजन के अनुसार, विकसित भारत की सभी योजनाओं को तीसरे कार्यकाल में लागू करके सफल बनाएगी। इस चुनाव में राजस्थान से फिर से तीसरी बार क्लीन स्वीप करते हुए 25 में से 25 सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी और बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश जैन सहित कई वर्तमान व पूर्व विधायक, भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करने के बाद ओम बिरला रैली के रूप में नामांकन भरने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली में हजारों लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं दूसरी ओर राजस्थान में विभिन्न राजनैतिक दलों से आए पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों सहित 314 नेताओं ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह–प्रभारी विजया राहटकर, जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल और श्रवण सिंह बगड़ी ने गंगानगर के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर पन्नू, पूर्व विधायक जे पी चंदेलिया, नंदकिशोर महरिया, शिमला देवी बावरी, युवा ब्राहमण महासभा के प्रदेश महामंत्री निखिल इंदौरिया और ब्यावर से प्रत्याशी रहे इंद्र सिंह बाघावास सहित सैंकड़ो नेताओं को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।



**भाजपा के कई दिग्गज नेता रहे मौजूद**

## सार संक्षेप

### मप्र में दूसरे चरण के लिए 33 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दूसरे चरण में सात संसदीय सीटों पर नामांकन पत्र दाखिले की प्रक्रिया के दौरान बुधवार को 33 प्रत्याशियों ने नामांकनपत्र दाखिल किए। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्य में दूसरे चरण के लिए सात संसदीय सीटों पर नामांकनपत्र दाखिले की प्रक्रिया 28 मार्च को प्रारंभ हुई है। बुधवार को 33 प्रत्याशियों ने 46 नामनिर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। इन क्षेत्रों में अब तक कुल 54 उम्मीदवारों की ओर से 73 नामांकनपत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

### कर्नाटक हाई कोर्ट परिसर में शख्स ने काटा अपना गला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय परिसर में बुधवार को एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायाधीश निलय विपिनचंद्र अंजारिया की मौजूदगी में अपना गला काटकर कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि मैसूरु के श्रीनिवास नामक व्यक्ति ने इस कृत्य को अंजाम देने से पहले सुरक्षा कर्मचारियों को एक फाइल सौंपी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की तत्काल प्रतिक्रिया के बावजूद, श्रीनिवास खुद को नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहे और उन्हें इलाज के लिए तुरंत बॉरिंग अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी श्रीनिवास के इस कदम के पीछे के मकसद को लेकर हैरान हैं, क्योंकि घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### राजनाथ सिंह का उत्तराखंड दौरा 12 अप्रैल को

**चंपावत/नैनीताल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर आएंगे। वह चंपावत में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री सैनिक बाहुल्य वाले पहाड़ी मतदाताओं को रिझाएंगे। उत्तराखंड के पहाडी इलाके में सैनिक पृष्ठभूमि के मतदाताओं की संख्या अधिक है। अधिसंख्य परिवारों के बच्चे या तो सेना में हैं या फिर सेवानिवृत्त हैं। भारतीय जनता पार्टी की रणनीति है कि रक्षा मंत्री के नाते इन मतदाताओं को पार्टी के पाले में करें। पार्टी की चंपावत जनसभा के बहाने पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और बागेश्वर के मतदाताओं में भी संदेश देने की कोशिश रहेगी।

### ओडिशा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा ने दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बक्शीपात्रा के बीजू जनता दल में शामिल होने के कयास लगाये जा रहे हैं। पूर्व मंत्री एवं तीन बार विधायक रहे प्रदीप पाणिग्रही को बरहामपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारने के भाजपा के फैसले पर असंतोष को बक्शीपात्रा के इस्तीफे का कारण माना जा रहा है।

# विजयभूमि यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह आयोजित

नई दिल्ली 3 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की पहली लिबरल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने हाल ही विश्वविद्यालय परिसर में अपने चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित सोलो वायलिन वादक और संगीत के क्षेत्र के दिग्गज डॉ. एन. राजम इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के अध्यक्ष संजय पडोडे ने की, उनके साथ बोर्ड सदस्य कल्पना पडोडे भी मौजूद थीं। वहां उपस्थित गणमान्य लोगों में शासी निकाय के सदस्य, प्रबंधन बोर्ड, अकादमिक परिषद, प्रशासनिक कर्मचारी और अभिभावक शामिल थे।सफल स्नातकों में पोखरकर प्रतीक्षा राजू ने ट्रू स्कूल ऑफ म्यूजिक्स डीन्स मेडल जीता और थाडाथिल निकोल जूलियन को डीन के प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए, पद्म भूषण पुरस्कार सम्मानित, डॉ. एन. राजम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,आप अपने लक्ष्य की दिशा में काम करने से कभी ना रुकें, आप विजयी होंगे।नए स्नातकों को संबोधित करते हुए, संजय पडोडे, प्रेसिडेंट, विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने कहा, यह देखकर मुझे प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि आज हमारा चौथा बैच स्नातक पूर्ण कर रहा है।मेरी आप सबको सलाह है कि बिना रुके निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। यदि आप नियत हैं और निरंतर सीखते रहते हैं तो आप हमेशा ज्ञान अर्जित करेंगे और जीवन में आगे बढ़ेंगे।



**झारखंड में मतदान केंद्रों पर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर निर्देश जारी**

# सभी मतदान केंद्र स्थल से संबद्ध रहेंगी मेडिकल टीम

**रांची,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में झारखंड के सभी मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट के साथ पारा मेडिकल कर्मियों की तैनाती की जाएगी। पोलिंग डे के एक दिन पहले जरूरी दवाइयों, ओआरएस एवं सभी तरह की प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ इन कर्मियों को केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को मतदान केंद्रों पर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टेड चिकित्सक एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करेंगे। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। सभी सिविल सर्जनों को अपने जिले के सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग कराने का निर्देश दिया गया। विशेष परिस्थितियों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।



**आकस्मिक स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी : अजय कुमार**

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन को लेकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन स्थानीय सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर भी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से पोस्टल बैलेट के जरिए मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। इस बैठक में अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आलोक त्रिवेदी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ चंद्र किशोर शाही, विशेष सचिव, जय किशोर प्रसाद, मुख्य निर्वाचन पदधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे सहित स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता में सहयोग करें स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पदाधिकारी

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने पीपीटी के माध्यम से सभी जिलों के सिविल सर्जनों को भारत निर्वाचन आयोग के पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कीट संबंधी गाइडलाइंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पदाधिकारी एवं चिकित्सक मतदाता जागरूकता में सहयोग करें। उन्होंने विशेषकर चिकित्सकों से अपील किया कि अपने यहां आने वाले मरीजों के पर्चे में वहाँ के मतदान दिवस की तिथि एवं मतदान करने संबंधित स्टाम्प लगाकर अपील करें, ताकि सभी मतदाता मतदान के प्रति सजग हो सकें। एयर एम्बुलेंस, एम्बुलेंस आकस्मिक सुविधा आदि विषयों पर जानकारी देते हुए सजग रहने की बातें कही। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**कर्नाटक में सूखा राहत राशि को लेकर सिद्धारमैया का शाह पर पलटवार**

# अगर साबित हुआ तो दे दूंगा इस्तीफा

**बंगलूरू,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले सियासी नेताओं के बीच बयानबाजियां तेज हो गई हैं। इस बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि सूखा राहत राशि की मांग को लेकर केंद्र को प्रस्ताव सौंपने में उनकी सरकार की तरफ से देरी हुई तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बंगलूरू में भाजपा कार्यकर्ताओं को नेताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में सूखा है और राज्य सरकार एक प्रस्ताव को भेजने में तीन महीने की देरी कर रही है। आज केंद्र से सूखा राहत के लिए आवेदन चुनाव आयोग के पास हैं। वे (कांग्रेस सरकार) अब इस पर राजनीति कर रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सिद्धारमैया ने शाह पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और हैरानी जताते हुए कहा कि अगर यह (झूठ) साबित हो गया तो क्या वह केंद्रीय गृह मंत्री के पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने कहा, सितंबर में हमने पहला ज्ञापन दिया था। अक्तूबर में केंद्र की टीम (राज्य में) आई थी।

उन्होंने भी 20 अक्तूबर को अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी थी। अगर यह झूठ निकला तो मैं इस्तीफा दे दूंगा, लेकिन अमित शाह झूठ निकले तो क्या वह पद से इस्तीफा देंगे।



**अमित शाह को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए : सिद्धारमैया**

### अक्तूबर में ही हमने तीन ज्ञापन दिए थे

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अक्तूबर में ही हमने तीन ज्ञापन दिए थे। उसके बाद केंद्र की टीम आई और निरीक्षण किया और रिपोर्ट दी। 19 दिसंबर को मैं प्रधानमंत्री से मिला और 20 दिसंबर को अमित शाह से मिला। मैंने उन्हें रिपोर्ट के बारे में बताया और उनसे एक बैठक आयोजित करने और हमें राहत देने का आग्रह किया। दिसंबर के बाद से चार महीने हो गए हैं। फिर वह कैसे कह सकते हैं कि हमने ज्ञापन में देरी की। हमने पांच महीने पहले ज्ञापन दिया था। अब लगभग छह महीने हो गए हैं। फिर भी उन्होंने कोई राहत नहीं दी है। अगर देश के गृह मंत्री सरासर झूठ बोलते हैं तो उन्हें क्या नैतिक अधिकार है।

### खाद्य सुरक्षा में भारत के योगदान को मिली वैश्विक पहचान

नई दिल्ली 3 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम, 'खाद्य सुरक्षा में उपलब्धियां, सतत विकास लक्ष्यों की ओर भारत के कदम' में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में भारत के स्थायी मिशन ने जीरो हंगर की वैश्विक आकांक्षा की दिशा में भारत की उल्लेखनीय प्रगति का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में पीएम पोषण अभियान के तत्वावधान में '4 अरब भोजन' परोसने की अक्षय पात्र फाउंडेशन की ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया, जो भारत के भविष्य को पोषण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।अपने संदेश में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति में पोषण और समुदाय के गहरे मूल्यों पर जोर देते हुए,अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज द्वारा पढ़े गए एक संदेश में कहा 'यह बेहद गर्व और खुशी की बात है कि मैं अक्षय पात्र फाउंडेशन की पूरी टीम को 4 अरब भोजन परोसने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दे रहा हूं।

# सांसद निशिकांत दूबे तीन मामले में अदालत में हुए पेश

**दुमका,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में गोड्डा के भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दूबे तीन मामले में बुधवार को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह एमपी–एमएलए की अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र राम की अदालत में पेश हुए जहां न्यायालय ने बैद्यनाथ धाम पंडा धर्म रक्षिणी सभा के महामंत्री के साथ कथित विवाद से संबंधित एक मामले में सुलह समझौते के आधार पर मामले को निष्पादित करने के साथ सांसद समेत तीनों आरोपी को बरी कर दिया। देवघर सदर के बैद्यनाथ मंदिर थाना में धर्म रक्षणी सभा के महामंत्री कार्तिक कुमार ठाकुर के लिखित शिकायत पर कांड संख्या 02/2020 में भारतीय दंड विधान की धारा 323,504 और 506 के तहत दर्ज की गयी थी।



इस मामले में सांसद निशिकांत दूबे की ओर से अधिवक्ता प्रतीक झा व मनोज कुमार साह ने जमानत की अर्जी दाखिल की जिसे न्यायालय ने मंजूरी दे दी। मामले में सूचक और आरोपी सांसद, उनकी पत्नी अनुकांत दूबे और गोविंद मालाकार द्वारा संयुक्त रूप से सुलह पत्र दाखिल किए गए तथा बयान दर्ज किए जाने के बाद तीनों को इस मामले में बरी कर दिया गया।

**राजनीति** | *जम्मू-कश्मीर से लोकसभा चुनाव जीत मिथ्य तोड़ना चाहते हैं गुलाम नबी आजाद*

# आजाद ने मात्र तीन बार ही जम्मू कश्मीर से आजमाई थी किस्मत

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस से अलग हो कर अपनी अलग पार्टी बनाने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर से लोकसभा चुनाव जीत कर इस मिथ्य को तोड़ना चाहते हैं कि वे भी राज्य से लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं। अभी तक राज्य से मात्र एक बार विधानसभा का चुनाव जीत पाने वाले गुलाम नबी आजाद कई सालों तक राज्यसभा का सदस्य रहे हैं।**

अपने 47 साल के राजनीतिक कैरियर में उन्होंने राज्य में मात्र तीन बार ही किस्मत आजमाई थी। अब जबकि आजाद ने अपनी नई पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के बैनर तले अनंतनाग राजौरी सीट से मैदान में उतरने की घोषणा की है इस कारण मुकाबला रोचक होने की संभावना इसलिए बन गई है क्योंकि आजाद के साथ कांग्रेस का एक तबका आज भी सहानुभूति रखता है और कांग्रेस ने इस संसदीय क्षेत्र में नेकां को समर्थन देने की घोषणा की है। हालांकि इससे पहले गुलाम नबी आजाद उधमपुर डोडा सीट से 2014 में चुनाव हार गए थे। हालांकि 1977 में पहली बार जमानत जब्त करवाने वाले गुलाम नबी आजाद ने 30 सालों के बाद वोट पाने का रिकार्ड तो बनाया था लेकिन अब सवाल यह है कि क्या वे अब कश्मीर से लोकसभा चुनाव भी जीत सकेंगें क्योंकि एक बार 2014 में वे लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं। वैसे 1977 में उन्होंने अपने गृह जिले डोडा से विधानसभा चुनाव जीतने की कोशिश में मैदान में छलांग मारी थी मगर वे उसमें कामयाब नहीं हो पाए थे। फिर वे केंद्रीय राजनीति की ओर ऐसे गए कि पीछे मुढ़ कर उन्होंने कभी नहीं देखा। यहां तक की उन्होंने कभी लोकसभा का चुनाव भी लड़ने की नहीं सोची। फिर गुलाम नबी आजाद ने 27 अप्रैल 2006 को उस मिथ्य को तोड़ा था जो उनके प्रति कहा जाता था कि वे राज्य से कोई चुनाव नहीं जीत सकते। अपने गृह कस्बे से चुनाव जीतना उनका एक सपना था। वह 27 अप्रैल 2006 को पूरा हुआ था। इस सपने के पूरा होने की कई खास बातें भी थीं और कई रिकार्ड भी। अगर 30 साल पहले इसी चुनाव मैदान में आजाद की जमानत जब्त हो गई थी तो अब वे एक नए रिकार्ड से जीत दर्ज कर पाए थे।

तब गुलाम नबी आजाद ने 58515 मतों की जीत के अंतर से यह चुनाव जीता था। यह अपने आपमें एक रिकार्ड था क्योंकि जम्मू–कश्मीर में अभी तक किसी भी नेता या मुख्यमंत्री पद के दावेदार किसी उम्मीदवार को इतनी संख्या में वोट नहीं मिले थे। अभी तक का रिकार्ड पूर्व मुख्यमंत्री शेख मुहम्मद अब्दुल्ला का रहा था जिन्होंने 1977 के विधानसभा चुनाव में गंदरबल सीट से चुनाव जीता तो था लेकिन जीत का अंतर 26162 ही था। वर्ष 2006 से पहले तक राज्य से विधानसभा या लोकसभा का कोई चुनाव न जीत पाने वाले गुलाम नबी आजाद ने जब 2 नवम्बर 2005 को राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला था।



■ **अनंतनाग राजौरी सीट से की है चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा**

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

महिला : मेरा वेट कैसे कम होगा ?
डॉक्टर : अपने गर्दन को दाएं बाएं हिलाएं।
महिला : किस समय ?
डॉक्टर : जब कोई खाने को पूछे।

# देशभर में करेंगे सामूहिक उपवास : गोपाल राय

## केजरीवाल की गिरफ्तार के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आगामी सात अप्रैल को पूरे देश में लोग सामूहिक उपवास करेंगे। देशव्यापी सामूहिक उपवास के जरिए देश से मोदी सरकार की तानाशाही को उखाड़ फेंकने के संकल्प को और मजबूत धार दी जाएगी, ताकि संविधान और लोकतंत्र को बचाया जा सके। बुधवार को 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने सामूहिक उपवास कार्यक्रम का एलान कर देशवासियों से अपील की कि अगर आप अरविंद केजरीवाल का समर्थन करते हैं और संविधान-लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं तो आप जहां हैं, वहीं पर सामूहिक उपवास करें।

**सात अप्रैल को जंतर-मंतर पर जुटेंगे सभी मंत्री, विधायक, सांसद, पार्षद, पदाधिकारी व आप कार्यकर्ता**

सात अप्रैल को सुबह 11 बजे से जंतर-मंतर पर दिल्ली के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे और सामूहिक उपवास करेंगे। गोपाल राय ने स्पष्ट किया कि यह आम आदमी पार्टी का व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह देश से प्रेम करने वाले सभी देशभक्त लोगों का कार्यक्रम है। आप भले ही किसी राजनीतिक पार्टी या संगठन से जुड़े हैं, लेकिन अगर आप मानते हैं कि भाजपा और मोदी सरकार तानाशाही कर रही है, देश में दहशत फैला रही है, अन्याय-अत्याचार कर रही है और आप इसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करना चाहते हैं तो इस सामूहिक उपवास कार्यक्रम में अवश्य भाग लें। आप अपने घर, गांव, मोहल्ले, ब्लॉक, तहसील, जिला या राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक उपवास कर सकते हैं और उसकी तस्वीरें भेज सकते हैं। सामूहिक उपवास कार्यक्रम के दौरान रघुपति राघव-राजा राम भजन गीत सुनेंगे और प्रार्थना करेंगे, ताकि तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे अरविंद केजरीवाल को और शक्ति मिले। आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के नेता बार-बार कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल को 9 समन भेजा और वो पूछताछ के लिए नहीं आए। इसलिए उनको गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को कोर्ट में भाजपा के इस आरोप का भी जवाब मिल गया। क्योंकि संजय सिंह को एक भी समन नहीं भेजा गया। बिना समन भेजे ही ईडी संजय सिंह के घर में घुसी थी और पांच-छह घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया।

संजय सिंह को छह महीने जेल में रखा गया, लेकिन कोई सबूत-कोई मनी ट्रेल नहीं मिला। ईडी को छह महीने में कुछ भी नहीं मिला। मंगलवार को कोर्ट के सामने बोलने के लिए ईडी के पास कुछ भी नहीं बचा था। यही तथाकथित शराब घोटाले की पूरी सच्चाई है।



देशव्यापी सामूहिक उपवास के जरिए देश से मोदी सरकार की तानाशाही को उखाड़ फेंकने के संकल्प को और मजबूत धार दी जाएगी : गोपाल राय

### संजय सिंह की जमानत के बाद तथाकथित शराब घोटाले का सारा सच सामने आ गया है : गोपाल राय

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दो साल से दिल्ली में फर्जी शराब घोटाले का षड़यंत्र करके द्वारा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करने का अभियान चलाया था। भाजपा की केंद्र सरकार ने ईडी-सीबीआई को अपना हथियार बनाकर फर्जी आरोपों के आधार पर एक-एक कर आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार कराया। पहले सत्येंद्र जैन, फिर मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। अब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद बात स्पष्ट हो गई है कि बिना किसी सबूत और प्रमाण के डरा-धमकाकर, दबाव बनाकर, लोगों को सरकारी गवाह बनाकर, झूठे आरोप लगाकर ये सारी गिरफ्तारी की गई है। सुप्रीम कोर्ट में यह सारा सच सामने आ गया है। यह भाजपा के षड़यंत्र और तानाशाही की सबसे बड़ी हार है। मंगलवार को भाजपा के सभी साजिशकर्ताओं को मुंह की खानी पड़ी।

# राजधानी में बादल छाए रहने से गर्मी से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को बादल छाए रहने की संभावना है। इससे मौसम सुहावना रहेगा और गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान सुबह और दिन का तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है। वहीं, शुक्रवार को बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। इस दौरान तेज हवा चल सकती हैं। जिससे पारे में गिरावट आ सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से एक डिग्री कम रहा। दिन के समय दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम व उत्तर-पूर्व दिशाओं से हवा चली। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 18 रहने की संभावना है।




- दो दिन बाद फिर करवट लेगा मौसम
- 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया अधिकतम तापमान

**कल कई इलाकों में बारिश होने की जताई संभावना**

वहीं, शुक्रवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। साथ ही कई इलाकों में बारिश होने के आसार है। दिन में 25 से 35 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। शनिवार को आसमान साफ रहने की आशंका है। दिन में 25 से 35 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चल सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## सार संक्षेप

### बाबा सावन सिंह जी महाराज को दी गई श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने हुजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज के उदाहरण स्वरूप जीवन और उनकी शिक्षाओं को उनके 76वें बरसी भंडारे के अवसर पर याद किया। उन्होंने अपने श्रद्धासुमन हुजूर को अर्पित करते हुए कहा कि हुजूर ने लाखों लोगों को आत्मिक उभार देकर उन्हें प्रभु को पाने के रास्ते पर चलाया। इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि हुजूर प्रेम, दिव्यता और दया के प्रतीक थे। हम सब बहुत ही भाग्यशाली हैं कि उन्होंने हमें अपनी तवज्जो और दया प्रदान कर हम सभी के जीवन को प्रभु के दिव्य-प्रेम से भर दिया। वे 90 साल तक शारीरिक रूप में हम सबके साथ रहे और अपने आस-पास के सभी लोगों के जीवन को पिता-परमेश्वर के प्रेम से भर दिया। उन्होंने लाखों लोगों को मन-माया की दलदल से बाहर निकालकर उनका ध्यान रूहानियत की ओर कर दिया। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सभी को पिछली सदी के महान संत हुजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उनका प्रेम और एकता का संदेश आस्था या धर्म से परे सारे संसार के लिए था। जिन लोगों ने उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढाला वे अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को पहचानने के लायक हुए क्योंकि उन्होंने उन्हें उनके निजघर सचखंड पहुंचा दिया। वे चाहते थे कि हम जीवन के असली उद्देश्य को जानें और अपने आपको जानना तथा पिता-परमेश्वर को पाने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में कदम उठाएं।

### ईडी-भाजपा में कोई अंतर नहीं : सोमनाथ भारती

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सांसद संजय सिंह के मामले में भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता एवं प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व करने पर सवाल खड़ा करते हुए बुधवार को कहा कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। आप के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। भाजपा ने भारत के संविधान और लोकतंत्र को तार-तार किया है। आप ने शुरुआत से कहा है कि ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और चुनाव आयोग भाजपा की राजनीतिक इकाई बन गए हैं। अब यह सिद्ध हो चुका है कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। भाजपा ने आबकारी घोटाले के नाम पर आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने की कोशिश की।

### राजकुमार सिंह को दी डॉक्टरेट की उपाधि

**नई दिल्ली।** इंडिया इन्टरनेशनल सेंटर में एक कार्यक्रम में सोकरेटस सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा केंद्रीय फिल्म बोर्ड के सदस्य राजकुमार सिंह को डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है इस सम्मान शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के अध्यक्ष यादविन्द्र सिंह ने दिया। समारोह में देश-विदेश की जानी मानी हस्तियों को भी सम्मानित किया गया है।सम्मानित राजकुमार सिंह ने कहा कि यह बड़े ही गर्व की बात है कि उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है । अब वे अपने नाम के आगे डॉ राजकुमार सिंह लिख सकेंगे । इस अवसर पर तमाम गणमान्य लोगों ने भाग लिया ।



# केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर राजनीति गलत : दिलीप

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद से अब तक उनका 4.5 किलोग्राम वजह कम हो गया है। केजरीवाल के स्वास्थ्य में आ रही गिरावट को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला। 'आप' के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि अरविंद केजरीवाल देश की जनता की उम्मीद हैं। इसलिए भाजपा उनके स्वास्थ्य को लेकर गंदी राजनीति न करे। गिरफ्तारी के दौरान उनका वजन 69.5 किलो था, जो मात्र 12 दिन में घटकर 65 किलोग्राम हो गया है। अरविंद केजरीवाल लंबे समय से गंभीर डायबिटीज से पीड़ित हैं। डाइट प्लान फॉलो न होने से उनका सुगर लेवल भी गिरकर 46 पर आ गया है।



- केजरीवाल के स्वास्थ्य में आ रही गिरावट को लेकर भाजपा पर बोला हमला

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता और डर है, क्योंकि भाजपा अपने राजनैतिक हितों को साधने के लिए कुछ भी कर सकती है। हालांकि उनके साथ करोड़ों लोगों की दुआएं और भगवान का आशीर्वाद है।

**डायबिटीज से पीड़ित हैं मुख्यमंत्री केजरीवाल**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले लंबे समय से गंभीर डायबिटीज की बीमारी से पीड़ित और परेशान हैं और ईडी की गिरफ्तारी के बाद से उनका डायबिटीज का स्तर काफी गिर चुका है। यह उनके लिए जान का खतरा पैदा कर रहा है। हम सब लोगों की दुआओं में तो वो शामिल हैं, लेकिन पिछले 12 दिनों में उनका वजन और ईडी की कस्टडी में उनका डायबिटीज स्तर गिरकर 46 तक पहुंच गया। जिसे बहुत खतरनाक स्तर माना जाता है।



- दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित धन शोधन मामले में शीर्ष अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के एक दिन बाद पार्टी नेता संजय सिंह की रिहाई से पहले तिहाड़ जेल के बाहर जश्न मनाते आप समर्थक। फोटो इम्तियाज खान

# मांडविया ने गर्मी संबंधित बीमारियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

## आम जनता को बीच जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए मजबूत तैयारियों पर बल देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि इस संबंध में आम जनता को बीच जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

मांडविया ने आज यहां कहा कि गर्मी के प्रभाव (हीटवेव) से निपटने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने में निरंतर प्रयास आवश्यक है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने गर्मी से संबंधित बीमारी से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए, एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गर्मी से संबंधित मौतों और मामलों सहित क्षेत्रीय स्तर के डेटा को साझा करने के लिए राज्यों से सहयोग के साथ एक केंद्रीय डेटाबेस बनाने के महत्व पर ध्यान दिया जाना चाहिए।



**मौसम विभाग से अलर्ट मिलते ही समय पर कार्रवाई करे पर दिया जोर**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि राज्यों में मौसम विभाग से अलर्ट मिलते ही समय पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निवारक उपायों पर लोगों के बीच समय पर और व्यापक जागरूकता से ऐसी गर्मी की लहरों के गंभीर प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी।

# आम आदमी पार्टी का सामूहिक उपवास एक और नाटक : प्रवीण शंकर कपूर

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा सामूहिक उपवास की घोषणा खबरों में आने का एक और नाटक है। आप ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन दिल्ली में कहीं भी पार्टी कार्यकर्ताओं को इकट्ठा नहीं कर सकी, फिर उन्होंने रामलीला मैदान में एक रैली की लेकिन 61 आप विधायक दिल्ली से 6100 लोगों को इकट्ठा नहीं कर सके, जो भी थोड़ी भीड़ आई वह पंजाब और हरियाणा से थी। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा है कि सामूहिक उपवास (अनशन) भी एक फ्लॉप शो साबित होगा क्योंकि प्रदर्शन कॉल के मामले में शायद ही कोई कार्यकर्ता इसमें शामिल होने के लिए आगे आएगा।



# गोगी-कपिल मान गैंग के दो वांटेड शॉर्पशूटर गिरफ्तार



- दोनों शॉर्पशूटर हरियाणा के झज्जर जिले के निवासी
- दो अर्ध स्वचालित अत्याधुनिक पिस्तौलें की बरामद

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि जितेंद्र गोगी-कपिल मान गिरोह के दो वांछित शार्पशूटरों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे गिरोह के सदस्यों के खिलाफ एक मामले में गवाहों को मारने की योजना बना रहे थे। उनके पास से आठ गोलियों वाली .32 बोर की दो अर्ध-स्वचालित अत्याधुनिक पिस्तौलें भी बरामद की गईं। आरोपियों की पहचान हिमांशु (23) और अभिमन्यु उर्फ अभि (22) के रूप में हुई है। दोनों हरियाणा के झज्जर जिले के निवासी हैं। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) मनोज सी. ने कहा कि 30-31 मार्च की रात जहांगीरपुरी और रोहिणी के आसपास के इलाकों में हिमांशु और अभिमन्यु की गतिविधि के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त हुई थी। डीसीपी ने कहा कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, कैलाश फार्म रोड, रमशान घाट मोड़, अलीपुर के पास एक जाल बिछाया गया। दोनों बिना नंबर प्लेट वाली मोटर साइकिल पर सवार थे, उन्हें रोका गया और उन्हें सफलतापूर्वक काबू कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि हिमांशु ने अपने दोस्तों सुमित, हर्ष और सागर के साथ मिलकर 2021 में अपने गांव असौधा में दो लोगों की हत्या की थी। डीसीपी ने कहा, नतीजतन, उनके खिलाफ हरियाणा के रोहतक में एफआईआर दर्ज की गई। फिर, वह एक सामान्य संपर्क के माध्यम से गोगी गिरोह के मुख्य सदस्यों में से एक और वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद कपिल मान उर्फ कल्लू के संपर्क में आया। मान ने अपने मामले में एक गवाह को मारने के लिए अपने स्रोतों के माध्यम से अवैध हथियारों की व्यवस्था की।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम ग्राम नवादा में उप जिलाधिकारी, सदर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1266/एस.टी.-एस.डी.एम/2019 दिनांक 11.03.2019 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 राज सिंह पुत्र रिसाल व कमला पत्नी स्व0 राज सिंह नि0 नवादा तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर की मृत्यु कमशः दिनांक 03.12.2018 व 06.05.2017 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु/जन्म तिथि | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जगनपुर अफजलपुर | 562 | 1076 1077 1087 | स्व0 राज सिंह पुत्र रिसाल व स्व0 कमला पत्नी स्व0 राज सिंह नि0 ग्राम नवादा, तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री भुवनेश्वर | पुत्र | 27 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती अनिता | पुत्री | 31 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती सुनिता | पुत्री | 29 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती मधू | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती रीना | पुत्री | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती पूजा | पुत्री | 25 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मौहम्मदपुर गूजर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1036/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 28.10.2023 के द्वारा स्व0 जगदीश पुत्र स्व0 श्री हरप्रसाद, नि0 ग्राम डेरीन गूजरा दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मौहम्मदपुर गूर्जर | 412 | स्व0 जगदीश पुत्र स्व0 श्री हरप्रसाद, नि0 ग्राम डेरीन गूजरा दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती इन्द्रवती | पत्नी | 65 वर्ष |
| | | | श्री प्रदीप | पुत्र | 42 वर्ष |
| | | | श्री शिव कुमार | पुत्र | 37 वर्ष |
| | | | श्री अरूण | पुत्र | 34 वर्ष |

उपरोक्त पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0-01 सैक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Khushboo Sahkari Awas Samiti Ltd. माध्यम से आवंटित भवन संख्या A-101, 1st Floor, Sector-Pi-1, Greater Noida क्षेत्रफल-115.67 वर्ग मीटर, Shri Dal Chand Gupta S/o Shri Mitra Sen Gupta के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Shri Dal Chand Gupta की मृत्यु दिनांक-21.02.2020 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर उनके स्थान पर उनके पुत्र Mr. Vinay Kumar Gupta S/o Late Dal Chand Gupta ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Shri Dal Chand Gupta के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनके पुत्र Mr. Vinay Kumar Gupta S/o Late Dal Chand Gupta के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-सिरसा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एस.आई.आर.0117, भूखण्ड संख्या-103, क्षेत्रफल-130 वर्ग मीटर सर्वश्री जयचन्द, बालचन्द, लखीचन्द, लालचन्द पुत्रगण श्री हरकेश व श्रीमती ज्ञानवती पत्नी श्री हरकेश, निवासी-ग्राम-सिरसा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी सर्वश्री लालचन्द, बालचन्द पुत्रगण श्री हरकेश की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती ज्ञानवती पत्नी स्व० श्री हरकेश माता स्व० श्री लालचन्द, श्री बालचन्द, निवासी-ग्राम-सिरसा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती ज्ञानवती पत्नी स्व० श्री हरकेश माता स्व० श्री लालचन्द, श्री बालचन्द, निवासी-ग्राम-सिरसा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

गाजियाबाद नगर निगम जहां कर वसूली को लेकर बेहतर कार्य किया है। वहीं प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान भी वृहद स्तर पर अभियान चला है। गाजियाबाद नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा जोनल प्रभारी की टीम लगातार शहर वासियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए जागरुक कर रही है : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

### रक्षा मंत्री ने अतुल गर्ग के समर्थन में सभा को किया सम्बोधित बोले,

## गाजियाबाद से मेरा बहुत आत्मीय रिश्ता




**गाजियाबाद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने घंटाघर रामलीला मैदान में गाजियाबाद लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने जहां अतुल गर्ग को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। वहीं उन्होंने गाजियाबाद में अपने संस्मरणों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि 2009 में उन्होंने गाजियाबाद से सांसद चुने गए थे। इसके बाद गाजियाबाद की जनता का जो प्रेम उन्हें मिला उसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। अपने सम्बोधन के दौरान उन्होंने महापौर सुनीता दयाल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुनीता दयाल एक संघर्षशील नेता है और उनसे कोई और टकराने की हिम्मत नहीं कर सकता है।

> सुनीता दयाल एक संघर्षशील नेता है और उनसे कोई और टकराने की हिम्मत नहीं कर सकता है : **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

> जिस तरह से हमें जनता का समर्थन मिल रहा है मेरी जीत निश्चित है : **अतुल गर्ग, भाजपा उम्मीदवार**

उन्होंने कहा कि गाज़ियाबाद से मेरा बहुत आत्मीय रिश्ता है। यह वही क्षेत्र है, जिसने पहली बार मुझे चुनकर, लोक सभा में अपना प्रतिनिधित्व करने का काम किया था। गाजियाबाद आना मेरे लिए कोई घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से ही मैंने लोकसभा चुनाव का आगाज किया था। गाजियाबाद से जब लखनऊ लड़ने गया था तब वहां भी संगठन का काम करता रहा हैं। पहले मुझे बताया गया कि गाजियाबाद कठिन सीट है आपको यहां से चुनाव नहीं लड़ना चाहिए लेकिन यहां की जनता ने मुझे अभूतपूर्व प्यार दिया और एक लाख से ज्यादा मतों से जिताकर भेजा। गजियाबाद की ही जनता ने वीके सिंह को भी दो बार दोबार सांसद बनाया, और वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। अब पार्टी ने इस बार अतुल गर्ग को मौक़ा मिला। पार्टी संगठन उन्हें जिताने के लिए मेहनत कर रहा है। जिसकी बदौलत अतुल गर्ग निश्चित तौर पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे।

राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर इशारों-इशारों में कहा कि आज कोई भ्रष्टाचार करता जेल जाता है तो लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री जेल भेज रहे हैं। लेकिन अगर कोई ग़लत हो रहा है तो आप कोर्ट जाएं लेकिन ऐसे भ्रष्टाचारियों को तो कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिलती है।

भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कहा कि पार्टी ने जिस तरह से उन्हें जनता का समर्थन मिल रहा है उनकी जीत निश्चित है।

## जमीन की कमी के कारण परियोजनाओं पर पड़ रहा असर

**नोएडा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित हो रहे प्राधिकरण के नए सेक्टरों में विकास कार्य जमीन के कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। इसको लेकर बुधवार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री ने सेक्टर-162, 163, 164 का किया निरीक्षण किया।

> अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिविल ने किया निरीक्षण

इस दौरान उनके साथ सिविल विभाग उप महाप्रबंधक विजय कुमार रावल, वर्क सर्किल दस वरिष्ठ प्रबंधक सतेंद्र गिरी, प्रबंधक वैभव नागर, वर्क सर्किल नौ वरिष्ठ प्रबंधक प्रबंधक प्रवीन सलोनिया, ओएसडी भूलेख अरविंद सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान नियोजन विभाग की टीम नहीं पहुंचने पर अपर मुख्य कार्यपालक ने कड़ी आपत्ति जताई। ओएसडी भूलेख से कहा कि जल्द से जल्द जमीन का अधिग्रहण किया जाए।

## चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस



> गौतमबुद्ध नगर में लगी धारा-144, पुलिस-पैरामिलिट्री, पीएसी, बम-डॉग स्क्वायड ने किया फ्लैग मार्च

**नोएडा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव , आगामी त्योहारों को देखते हुए नोएडा पुलिस अलर्ट मोड में है। ऐसे में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी व एसीपी द्वारा समस्त पुलिस बल, पैरामिलिट्री, पीएसी, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड टीम एवं एलआईयू टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। यहां मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र, धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल मार्च किया गया।

पैदल मार्च के जरिए भीड़ व यातायात प्रबंधन व अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जा रहा है। एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र व एसीपी प्रथम प्रवीन सिंह ने नोएडा द्वारा थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के अंतर्गत पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान सम्बन्धित क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्ट्रीशीटर व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उन्हे कठोर चेतावनी दी गई। संभ्रांत व्यक्तियों से मिलकर सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वार्तालाप किया गया। इसके अतिरिक्त इसमें पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भी नजर रखी जा रही है। आगामी त्योहारों जिसमें 5 अप्रैल को अलविदा जुमा की नमाज, 9 को नवरात्रि , 11 को ईद, 14 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती , 17 को रामनवमी के अलावा 26 को मतदान होने के चलते 26 अप्रैल तक धारा-144 को लागू किया जा रहा है। इसके तहत बिना अनुमति के जुलूस नहीं निकाला जा सकता।

## सार संक्षेप

### ऑटो सवार युवती का आईफोन लूटा

**नोएडा।** सेक्टर-71 स्थित मेट्रो अपार्टमेंट के पास बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो सवार युवती का आईफोन लूट लिया। मीडियाकर्मी युवती ने मामले की शिकायत फेज तीन पुलिस से की है। शिकायत में दिल्ली निवासी मानवी सिंह ने बताया कि बीते दिनों वह मास्टर्स की प्रवेश परीक्षा देने के लिए सेक्टर-62 जा रही थी। वह जैसे ही सेक्टर-71 के पास पहुंची पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर युवती का आईफोन लूट लिया। ऑटो सवार युवती नीचे गिरते-गिरते बची। परीक्षा देने के बाद मानवी ने ईएफआईआर दर्ज कराई पर किसी कारणवश निरस्त हो गई। अब युवती ने फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार में मिली ढाई लाख की नकदी

**नोएडा।** चुनाव को ध्यान में रखते हुए गठित की गई स्टेटिक सर्विलांस टीम ने मंगलवार रात 12 बजे के करीब चेकिंग के दौरान एक कार से ढाई लाख रुपये बरामद कर लिया। रकम एक बिल्डर की बताई जा रही है। चुनाव को देखते हुए महज 50 हजार रुपए कैश लेकर चलने की अनुमति है। अगर इससे ज्यादा रकम मिलती है तो पूरा ब्यौरा और दस्तावेज साथ रखना होगा। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि महामाया फ्लाईओवर के पास मंगवार रात 11 बजकर 45 मिनट पर एक कार से ढाई लाख रुपये बरामद हुए। रकम को सील कर दिया गया है। आयकर विभाग और चुनाव पर्यवेक्षक समेत अन्य विभागों को इसकी जानकारी दे दी गई है। कार मालिक का कहना है कि वह मजदूरों को भुगतान करने के लिए कैश लेकर जा रहा था।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-51 के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सेक्टर-49 पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-168 निवासी आशु ने बताया कि सोमवार को शाम चार बजे के करीब उसके पिता लीलू अपने ऑफिस से स्कूटी से आ रहे थे। जब वह सेक्टर-51 के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी।राहगीरों की मदद से घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया।

### नोफा की सचिव से बैग लूटने का प्रयास

**नोएडा।** सेक्टर-50 में मंगलवार शाम नोफा की सचिव से बैग लूट का प्रयास किया गया। गनीमत रही कि बैग जमीन पर गिर गया और इस दौरान बदमाश फरार हो गए। रमिता चोपड़ा तनेजा एसोसिएशन की सचिव हैं। मंगलवार शाम सात बजे वह अपनी महिला मित्र के साथ बाजार जा रही थीं। जैसे ही वह सेक्टर-50 के एफ ब्लाक में मदर डेयरी के पास पहुंचीं तो बाइक सवार बदमाशों ने उनका बैग छीनने का प्रयास किया।

## पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड गिरफ्तार



■ रीवा के एक रिसॉर्ट में गैंग के साथ पेपर पढ़वाया था, एनएचएम घोटाले व यूपी टेट पेपर लीक में जा चुका है जेल

**नोएडा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा को अरेस्ट कर लिया गया है। मेरठ एसटीएफ ने राजीव नयन को 2 अप्रैल की रात ग्रेटरनोएडा के परिचौक से गिरफ्तार कर कंकरखेड़ा थाने लाई है। राजीव ने एसटीफ को बताया कि रीवा के महादेव शिव शक्ति रिसॉर्ट में 300 कैंडिडेट्स को एक साथ बैठाकर पुलिस का पेपर पढ़वाया था। हर कैंडिडेट से 7 लाख रुपए में डील हुई थी। कुछ कैंडिडेट्स ने रुपए दे दिए थे, जो नहीं दे पाए थे। उनके ओरिजिनल डॉक्यूमेंट रख लिए थे। राजीव पहले भी एनएचएम घोटाले में ग्वालियर और यूपी टेट पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है।

एसटीएफ एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम एसटीएफ को इनपुट मिला था कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने वाला राजीव नयन मिश्रा नोएडा में है। इसके बाद टीमें अलर्ट हुईं और नोएडा पहुंचीं। नोएडा के परी चौक से एसटीएफ ने राजीव को अरेस्ट कर लिया।

एएसपी के मुताबिक, राजीव ने बताया कि रवि अत्रि ने ही उसे फोन पर ऑफर दिया था कि यूपी पुलिस भर्ती का पेपर पढ़वाना है। मैं तुम्हें पेपर दूंगा तुम मध्य प्रदेश में इसे पढ़वाना और पैसा कमाना। कैंडिडेट्स से 5 से 7 लाख रुपया लेना है। जो पैसा मिलेगा उसे दोनों बांटेंगे। राजीव नयन मूल रूप से प्रयागराज के थाना मेजा के अमोरा गांव का रहने वाला है। इन दिनों भरत नगर जेके रोड भोपाल में रहता है। उसके खिलाफ मेरठ के कंकरखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज है। राजीव ने भोपाल से इंजीनियरिंग की है। इसके बाद उसने जॉब नहीं किया और करियर एंड प्लेसमेंट कंसलटेंसी का ऑफिस खोल लिया। करियर कंसल्टेंट बनकर वो युवाओं के बीच बैठता। युवाओं को नौकरी दिलाने के बहाने ठगने लगा। यही उसने अपना धंधा बना लिया। पहले एनएचएम और यूपी टेट पेपर लीक में शामिल हुआ और पैसा कमाया। इन दोनों कांड में राजीव जेल भी गया। जेल से छूटकर आया तो रवि अत्रि के जरिए पुलिस पेपर लीक में शामिल हो गया। राजीव की एक बहन की शादी प्रयागराज में हुई है। राजीव खुद भी शादीशुदा है। उसकी पत्नी गांव में रहती है। राजीव पिछले 10 सालों से भोपाल में अकेला रहता है। यहीं पढ़ने आया और यहीं ऑफिस खोल लिया। भोपाल में एक रेलवे अधिकारी की बेटी उसकी गर्लफ्रेंड है, जिससे उसका अफेयर चल रहा है।

## भाजपा के अतुल व बसपा के पुंडीर समेत पांच ने दाखिल किए नामांकन



**गाजियाबाद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के के प्रत्याशी अतुल गर्ग तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर समेत पांच प्रत्याशियों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर अपने नामांकन दाखिल किए। इस दौरान सभी ने अपनी जीत का दावा किया।

गाजियाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में पहले के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक जनसभा को संबोधित किया। सभा समाप्ति के बाद अतुल गर्ग भाजपा नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी तथा लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर समेत तमाम भाजपा के शामिल रहे। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र का अपील किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता तिलक चौधरी शामिल थे। इसके अलावा तीन अन्य प्रत्याशी ने भी अपने नामांकन दाखिल किए।

## चाय बेचने वाले युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लिंक रोड थाना क्षेत्र में नवीन एवं फल सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाने वाले युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया है। एसीपी रजनीश उपाधयाय ने बताया कि मरने वाले युवक का नाम मोबीन खान था। उसकी उम्र 32 साल थी। वह साहिबाबाद सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनके भाई फरीद का आरोप है कि रात एक बजे झंडापुर का गौरव दुकान पर आया। उसने आते ही उनके भाई मोबीन से धार्मिक नारे लगाने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर उसने भाई के ऊपर एक के बाद एक लोहे की रॉड से कई वार किए। वह लहुलूहान हो गया। उसे निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि 20 दिन पहले भी आरोपित ने उसे धार्मिक नारे नहीं लगने पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि घटना के दौरान 50 मीटर की दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी हुई थी। सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। करीब एक घंटे बाद पुलिस आई। हत्या का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। आरोपित गौरव को गिरफ्तार कर लिया है।

## मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर कोतवाली पहुंचे परिजन

■ ईएसआईसी अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ दी शिकायत
■ पुलिस हस्तक्षेप के बाद किया रेफर

**नोएडा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-24 स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल प्रबंधन और डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर सेक्टर-24 स्थित कोतवाली पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल के डायरेक्टर व अन्य डाक्टरों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी। मामला बढ़ता देख सेक्टर-24 कोतवाली प्रभारी विवेक श्रीवास्तव मरीज के साथ अस्पताल पहुंचे। प्रबंधन से वार्ता कर मरीज को दिल्ली स्थित वेंकटेश्वर अस्पताल रेफर करवाया है।

सेक्टर-10 के रिम थापा का कहना है कि 60 साल के पिता सीबी थापा का लिवर खराब है। डाक्टरों ने लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता बताई है। बहन ट्रांसप्लांट के लिए लिवर देने को तैयार है। लेकिन पिछले ढाई माह से ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन से ट्रांसप्लांट की अनुमति के लिए चक्कर काट रहे हैं। विरोध और धरने के बाद लिवर ट्रांसप्लांट के नाम पर प्रबंधन की ओर से गुरुग्राम स्थित आर्टेमिस अस्पताल में आठ मार्च को रेफर किया गया था। आर्टेमिस अस्पताल प्रबंधन की ओर से कहा गया कि मरीज को ओपीडी में सिर्फ परामर्श के लिए भेजा गया है। तीन दिन बाद मरीज को आर्टेमिस अस्पताल ले गए थे, लेकिन आर्टेमिस अस्पताल ने ईएसआईसी अस्पताल के पैनल में नहीं होने की बात कही। जबकि ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आर्टेमिस अस्पताल लिवर ट्रांसप्लांट के लिए पैनल में शामिल है। इस संबंध में प्रबंधन की मांग पर आर्टेमिस अस्पताल के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। इसके बाद ईएसआईसी प्रबंधन ने मरीज को दिल्ली एम्स में सिर्फ ओपीडी के लिए रेफर किया है। स्ट्रेचर पर मौजूद मरीज को एम्स की ओपीडी में दिखाना संभव नहीं है।

तबीयत खराब होने पर मार्च में मरीज को यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचे। एक सप्ताह तक बेहतर इलाज के लिए प्रबंधन ने पेट में पानी नहीं भरने की समस्या को दूर करने यथार्थ अस्पताल ने टिप्स डालने की अनुमति मांगी।

## तीन करोड़पति प्रत्याशी के बीच होगा चुनावी दंगल

■ भाजपा प्रत्याशी की आय 47.87 करोड़ से बढ़कर 83.82 करोड़ हुई
■ बसपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी 10 करोड़ का भी नहीं छू सके आंकड़ा

**नोएडा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा, सपा-कांग्रेस के अलावा बसपा तीनों के प्रत्याशियों ने नामांकन कर दिया है। इनके एफिडेविट की जांच होगी। तीनों ही उम्मीदवार करोड़पति है। लेकिन सबसे ज्यादा संपत्ति भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा की है। डॉक्टर शर्मा और उनकी पत्नी की कुल संपत्ति 83.82 करोड़ है। सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉक्टर महेंद्र नागर की कुल संपत्ति 8.76 करोड़ वही बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी की संपत्ति करीब 8.83 करोड़ है। हालांकि हाथ में नकदी के मामले में बसपा प्रत्याशी के स्वयं के पास 5 लाख, भाजपा प्रत्याशी के पास 1 लाख 63 हजार और सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास 1 लाख रुपए है।

### अलग-अलग प्रत्याशी के पास कितनी है संपत्ति

भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा 2019 में थे 47.87 करोड़ के मालिक अब 83.82 करोड़

भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा और उनकी पत्नी डॉ. उमा शर्मा के पास करीब 83.82 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति हैं। इसमें से डॉ. महेश शर्मा के पास चल-अचल संपत्ति करीब 58.68 करोड़ रुपए है, जबकि उनकी पत्नी के नाम 25.14 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। 2019 में दंपती के पास 47.87 करोड़ रुपए संपत्ति थी। वहीं 2014 में 44.49 करोड़ रुपए थी।

डॉ. महेश के पास 7 मकान नोएडा के सेक्टर-15ए में एक, सेक्टर-19 में चार, नोएडा सेक्टर-27 में एक व दिल्ली के न्यू अशोक नगर में एक मकान है। 2019 में इसकी संख्या 6 थी, लेकिन 2024 में इसमें एक मकान का इजाफा हुआ है। महेश शर्मा ने एक नया मकान सी 481 सेक्टर 19 में खरीदा है। नामांकन में दिए ब्यौरे में भाजपा प्रत्याशी और उनकी पत्नी के पास तीन वाहन बताए गए हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के नाम टोयोटा फारचूनर कार है। जिसकी कीमत 40 लाख रुपये है। पत्नी के नाम टोयोटा इनोवा और मारुति जिप्सी आदि हैं।

इनकी कीमत 30.77 लाख रुपए है। कुल कीमत करीब 70.77 लाख रुपए हैं। डॉ. महेश शर्मा को जेवरात का शौक है। इनके पास 4.64 लाख रुपये के जेवरात हैं। इनमें पांच तोला सोना व 25 तोला चांदी व अन्य शामिल हैं। पत्नी के पास 37.07 लाख रुपए के जेवरात हैं, जिसमें 44 तोला सोना, 100 तोला चांदी व अन्य शामिल हैं।

### विधायक पेंशन और किराए से चलता है बसपा प्रत्याशी का गुजारा

बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी की कुल संपत्ति 8.83 करोड़ रुपए है। इसमें इनकी स्वयं की संपत्ति 5.78 करोड़ और पत्नी 3.05 करोड़ है। बसपा प्रत्याशी की आय का एक मात्र साधन पेंशन है। जिसके जरिए इनकी वार्षिक आय 3.46 लाख जबकि पत्नी की वार्षिक आय 12.60 लाख है। राजेंद्र सोलंकी की अचल संपत्ति 5.44 कबरोड़ जबकि पत्नी के पास 3 करोड़ की अचल संपत्ति है। इन दोनों के पास कोई जेवरात नहीं है। केवल एक कार है। बसपा प्रत्याशी एमए पास है। उनका कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

डॉ. महेन्द्र नागर के पास कुल संपत्ति 8.76 करोड़ की है। इसमें डॉक्टर महेंद्र नागर की स्वयं की संपत्ति 3 करोड़ 81 लाख 21 हजार 550 है, जिसमें मोटर यान, जेवरात, एलआईसी पॉलिसी, शेयर, बैंक खाता में जमा और नगदी शामिल है।

## संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निगम पांचों जोन में करा रहा फॉगिंग

> आंतरिक गलियों में भी प्रमुखता पर फॉगिंग तथा एंटी लारवा का छिड़काव करें : **नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जा रही है। पांचो जोन में मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी उपकरणों के माध्यम से होगी का कार्य तथा एंटी लारवा छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम जहां अपने कार्य को बखूबी निभा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की टीम मॉनिटरिंग का कार्य भी कर रही है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी प्रमुखता से एंटी लारवा का छिड़काव कराया जा रहा है। फॉगिंग का कार्य भी तेजी से चल रहा है। विजयनगर जोन अंतर्गत प्रताप विहार, सुदामा पुरी, व अन्य मार्केट एरिया में फॉगिंग कराई गई मोहन नगर जोन अंतर्गत लाजपत नगर राजेंद्र नगर शालीमार गार्डन अर्थला करेड़ा अन्य क्षेत्रों में फॉगिंग कराई गई। सिटी जोन अंतर्गत पटेल नगर बजरिया नवयुग मार्केट नंदग्राम व अन्य क्षेत्रों में एंटी लारवा में फॉगिंग कराई गई। कवि नगर क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 23 संजय नगर कवि नगर सी ब्लॉक मार्केट राजनगर, गोविंदपुरम मे फॉगिंग कराई गई।



वसुंधरा अंतर्गत सूर्य नगर चंदन नगर वैशाली वसुंधरा बृज विहार व अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर अभियान के रूप में फॉगिंग कराई गई। आवासीय क्षेत्र के साथ-साथ मार्केट एरिया तथा औद्योगिक क्षेत्र में भी फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया गया कि महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश के अनुसार लगातार एंटी लारवा तथा फॉगिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है क्षेत्रीय पार्षदों से समन्वय कर फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। समस्त एस एफ आई अपनी-अपनी टीम के साथ कार्य की मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जहां फॉगिंग का कार्य भी चल रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर वासियों को बचाव के लिए भी अपील की जा रही है।

## प्लास्टिक मुक्त अभियान में गाजियाबाद नगर निगम प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**गाजियाबाद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्लास्टिक मुक्त अभियान में गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश में तीसरे साथ पर रहा। वित्तीय वर्ष में जुर्माने के वसूले गए 46 लाख 5 हजार की वसूली हुई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम जहां कर वसूली को लेकर बेहतर कार्य किया है। वहीं प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान भी वृहद स्तर पर अभियान चला है। गाजियाबाद नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा जोनल प्रभारी की टीम लगातार शहर वासियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए जागरुक कर रही है।



कहीं-कहीं गाजियाबाद नगर निगम को अभियान चलाते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे व्यापारियों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। इसकी के कारण गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान जुर्माना वसूलने पर तीसरे स्थान पर आया है।

उवाच

28 मार्च से नामांकन प्रकिया शुरु हुई जो 4 अप्रैल बृहस्पतिवार तक चलेगा। नाम निर्देशों की संवीक्षा 5 अप्रैल शुक्रवार, नाम वापसी की अंतिम तारीख 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल व मतगणना 4 जून को किया जाएगा : **मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

# महेश शर्मा समेत 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन






**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों की तरफ से 6 नामांकन प्रपत्र लिए गए।

अब तक प्रत्याशियों के द्वारा कुल 52 नामांकन प्रपत्र प्राप्त किए जा चुके हैं। बुधवार को जिला मुख्यालय पर 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर महेश शर्मा, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मनीष कुमार द्विवेदी, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी के नरेश नौटियाल, जय हिंद नेशनल पार्टी के राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी की कुमारी शालू, सुपर पावर इंडियन पार्टी के रण सिंह डुडी, निर्दलीय शिवम आशुतोष, रोदास गुप्ता, मोहम्मद मुमताज आलम, रितु सिन्हा व इखलाक सम्मिलित हैं। अब तक कुल 18 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 28 मार्च से नामांकन प्रकिया शुरु हुई जो 4 अप्रैल बृहस्पतिवार तक चलेगा। नाम निर्देशनों की संवीक्षा 5 अप्रैल शुक्रवार, नाम वापसी की अंतिम तारीख 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल व मतगणना 4 जून को किया जाएगा।

**द्वितीय चरण के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन**

## शिकायत व सुझाव सुनेंगे सामान्य प्रेक्षक

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से गौतम बुद्ध नगर के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में सिमरनदीप सिंह को नियुक्त किया गया है, जो जिले में पहुंच चुके हैं। सामान्य प्रेक्षक से लोकसभा चुनाव को लेकर अपने सुझाव व शिकायत के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के परिसर में इंटरनेशनल गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या-103 में प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। सामान्य प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 9821370798 तथा लाइजन अधिकारी उत्सव शर्मा का मोबाइल नंबर 9990603358 है।

# विपक्ष हताशा में कर रहा उल-जूलूल की बयानबाजी : पाठक

**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ने जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन किया। इस मौके पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। डीएमके स्टलिन के बयान पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयान बाजी उलूल जलूल लगातार विपक्ष कर रहा है। स्टालिन ने जिस तरह से अपने मंत्री को कंट्रोल नहीं किया सनातन के बारे में जो बोला गया प्रदेश और देश की जनता देख रही है। इन्हीं के बयान पर ही इस बार चार सौ पार होगा। उन्होंने कहा कि यहां प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को सभी जाति, धर्म, वर्ग का वोट एक तरफा मिल रहा है। नोएडा में प्रधानमंत्री की योजनाएं जन-जन तक पहुंची है। नोएडा वर्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित हो चुका है। लोगों का मानना है कि भाजपा एक बढ़िया नेतृत्व दे सकते है। प्रदेश में 80 में 80 सीट भाजपा बहुमत के साथ आ रही है। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन फ्लॉप हो रहा है। प्रत्याशी नहीं मिल रहे। बार बार प्रत्याशी बदल रहे है। नामांकन में नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, रालोद जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी शामिल हुए।

**सपा ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' देने का काम किया, विपक्ष बार-बार बदल रहा है प्रत्याशी : बृजेश पाठक**



## जाति बिरादरी से उठकर करें मतदान : डॉ. महेश शर्मा

लोकसभा प्रत्यासी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि बिना किसी प्रत्याशी का नाम लिए बिना कहा कि जातिवाद व धर्मवाद की राजनीति करने वाले 15 साल कहां थे। प्रदेश में बसपा की एक सीट नहीं है और अखिलेश की तीन सीट है। ऐसे में विपक्षी पार्टियों का क्या अस्तित्व रह गया है। उन्होंने मोदी के प्रधानमंत्री बनने में आहुति डालने का आह्वान करते हुए कहा कि जाति बिरादरी से उठकर मतदान करें। कार्यकर्ताओं को एक-एक वोट की अहमियत का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि यहां से यह संकल्प लेकर जाओ कि अपने- अपने क्षेत्र में 80 फीसदी वोटिंग होनी चाहिए। इस सीट पर होने वाली बड़ी जीत कार्यकर्ताओं की होगी। इस मौके पर शारदा विवि के चांसलर पी.के. गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी, पूर्व विधायक सतवीर गुर्जर, पूर्वमंत्री हरिश्चंद भाटी, गीता पंडित, रालोद जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी, वरिष्ठ नेता अजित सिंह दौला, इंद्रवीर भाटी, योगेंद्र चौधरी, योगेश चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील भाटी, कर्मवीर आर्य मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश, एक-एक वोट का बताया महत्व

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा के समर्थन में शारदा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदेव रावल ने की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन कभी सफल नहीं हुआ। गठबंधन की रजनीति करने वाले भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। परिवारवाद की राजनीति करने वाले इन लोगों को कार्यकर्ताओं व आमजन के हितों की चिंता नहीं है। परिवार के लोगों को बढ़ाने का काम किया है। भाजपा में अगला अध्यक्ष कौन होगा किसी को नहीं पता है। भाजपा कार्यकर्ता बेस पार्टी है, कोई भी आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उसके सामने दो चुनौती थी। वैश्विक स्तर पर देश की सही तस्वीर पेश करना और गरीबी व अमीरी के बीच की खाई को पाटना। सरकार ने गरीब कल्याण योजना चलाकर जीवन स्तर ऊपर उठाया। घर- घर शौचालय दे महिलाओं के लिए इज्जत से जीने का काम किया। उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, स्कूलों की कायाकल्प आदि काम किए हैं। इससे पूर्व नोएडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि आने वाला पांच साल निर्णायक होगा। भ्रष्टाचारियों की हवाइयां उड़ जाती हैं। सही के साथ सही होगा और गलत के साथ गलत होता है। पहले बुल्डोजर नहीं निकलता था। अब निकलता है तो लगता है कि किसी माफिया पर कार्रवाई होने जा रही है।

## नामांकन के पहले डॉ. महेश शर्मा ने मंदिर में किया पूजा

नामांकन से पहले डॉक्टर महेश शर्मा ने अपनी पत्नी और परिवार के साथ सनातन धर्म मंदिर गए। यहां परिवार के साथ कलश स्थापित किया। इसके बाद विधिवत तरीके से पूजा अर्चना की। साथ ही नारियल फोड़कर चुनावी समर की शुरुआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता के साथ महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे।

# चौकीदार की हत्या करने वाला आरोपी सीओ का बेटा गिरफ्तार

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूछताछ में हत्या का हो सका खुलासा



**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जेपी अमन से कुंडली गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर दो दिन पहले हुई बुजुर्ग नंदराम की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। सेवानिवृत्त सीओ के बेटे ने चौकीदार की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी शाश्वत सिंह को गिरफ्तार किया है। वह शाहजहांपुर के गांव डभौरा थाना तिलहर का रहने वाला है। वर्तमान में वह जेपी अमन सोसायटी में रह रहा था। पूछताछ करने पर पता चला है कि चौकीदार रात के दौरान शाश्वत के सोसायटी से बाहर निकलने पर टोका टाकी करता था। इस वजह से उसने चौकीदार को मौत के घाट उतार दिया। नालेज पार्क कोतवाली प्रभारी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि दो दिन पहले शाश्वत व चौकीदार नंदराम की रात साढ़े बजे बहस हो गई थी। शाश्वत जब भी रात के दौरान सोसायटी से बाहर निकलता था तो चौकीदार उसको टोकता था कि रोज इतनी राज में कहा जाते है। घटना वाली रात भी नंदराम ने उसको टोका। दोनों के बीच बहस हुई और कहासुनी के बाद आरोपी ने चौकीदार के सिर में पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना में इस्तेमाल पत्थर बरामद कर लिया गया है। पत्थर के अलावा आरोपी के पास से खून से लथपथ कपड़े भी बरामद हुए है। दरअसल आरोपी व चौकीदार के बीच जब बहस शुरू हुई तो चौकीदार ने शाश्वत को दौड़ा लिया था।

## परिवार पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**दनकौर**। बिलासपुर कस्बे में करीब 8 दिन पहले एक परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने की आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसको बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शोएब ने रंजिश के चलते 25 मार्च की रात अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पड़ोस के ही एक व्यक्ति और उसके परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया था। साथ ही घर में तोड़फोड़ करते हुए पथराव कर पीड़ित परिवार को घायल किया था। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के 67 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।



## मतदाता जागरूकता के तहत अभिभावकों को दिलाई शपथ



ग्रेटर नोएडा, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। राम -ईश इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें अभिभावकों ने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु अपने मतदान अधिकार प्रयोग करने की लिए शपथ ग्रहण समारोह में उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# सार्वजनिक पुस्तकालय का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी कैंपस में,एनटीपीसी दादरी द्वारा गुर्जर विद्या सभा की जमीन पर निर्मित सार्वजनिक पुस्तकालय का हवन करा कर शुभारंभ किया गया। यह पुस्तकालय गरीब बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस सार्वजानिक पुस्तकालय में क्षेत्र को कोई भी व्यक्ति सदस्यता ले कर अपना पंजीकरण करा सकता है। हवन में गुर्जर विद्या सभा के सचिव रामशरण नागर एडवोकेट, पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष मास्टर लज्जाराम भाटी, मिहिर भोज इंटर कॉलेज समिति के प्रबंधक राजेश भाटी, समाजसेवी बलबीर आर्य, चौधरी नारायण वीर सिंह, प्रधान श्याम वीर भाटी कठेडा एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



## रोजगार मेले के लिए छात्रों को इंटरव्यू की तैयारी के लिए कार्यशाला का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। लॉयड ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स फार्मेसी में 6 अप्रैल को शैक्षणिक 2023-24 के अंतर्गत 8वां रोजगार मेला आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए एक दिन पूर्व 5 अप्रैल को प्री-इवेंट वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रोजगार पाने के इच्छुक पंजीकृत छात्रों के आलावा अन्य अभ्यार्थी भी सीधे आकर हिस्सा के सकते है और इंटरव्यू में खुद को बेहतर साबित करने के कौशल सीख सकेंगे। इस वर्कशॉप का उद्देश्य प्रोफेशनल स्किल ट्रेनर्स द्वारा युवाओं को इंटरव्यू में सफलता के गुर सिखाएंगें। लॉयड ग्रुप जॉब मेले की शुरूआत वर्ष 2016 में की गई थी जो की पीएम मोदी के रोजगार विजन आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय मिशन पर आधारित है।

# जीबीयू के बौद्ध अध्ययन विभाग ने संघसेन सिंह को दी श्रद्धांजलि

### प्रो. संघसेन बौद्ध अध्ययन में एक विश्व प्रसिद्ध विद्वान थे

**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। जीबीयू के बौद्ध अध्ययन विभाग के शिक्षक एवं छात्र, प्रो. संघसेन सिंह के निधन पर विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन विभाग में श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. प्रियसेन सिंह बौद्ध अध्ययन विभाग से जुड़े थे और वह यहां दस से अधिक वर्षों तक अपनी सेवा दी। अत: यह हमारे विभाग के लिए भी एक बढ़ी क्षति है जिसकी भरपाई कर पाना असंभव है। प्रो. संघसेन बौद्ध अध्ययन में एक विश्व प्रसिद्ध विद्वान थे। वे भारत और विदेश में कई बौद्ध, पाली, और संस्कृत विश्वविद्यालयों के साथ संबंधित थे। उन्होंने बौद्ध अध्ययन, पाली बौद्ध धर्म, और बौद्ध संस्कृत विषयों पर कई महत्वपूर्ण कामों को अपने नाम किया, जिससे इन विषयों के व्यापक क्षेत्र अपने कार्य के लिए चर्चित थे। उनका जीबीयू के बौद्ध अध्ययन विभाग के साथ संबंध व्यापक और प्रभावी संबंध रहा। प्रो संघसेन सिंह 91 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह गए। बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में गहरे शैक्षिक योगदान और शिक्षानुरोध की एक विरासत छोड़ गये हैं। इस अवसर पर वियतनाम, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस, थाईलैंड, भूटान, श्रीलंका और मंगोलिया जैसे सात देशों से थे और सभी बौद्ध भिक्षु या भिक्षुणी ने श्रद्धांजलि दी।



## नवाचार, डिजाइन व उद्यमिता आईडीई बूटकैंप आज से



**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय को आईडीई बूटकैम्प के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में नियुक्त किया गया है, यह (आईडीई) बूटकैम्प का दो दिन 4 और 5 अप्रैल तक चलेगा। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा. के मल्लिकार्जुन बाबू ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल के निर्देश पर नवाचार, डिजाइन, और उद्यमिता बूटकैम्प जो शैक्षिक नवाचार परिषद द्वारा आयोजित किया गया है, जो कि शैक्षिक शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल, एआईसीटीई, और एनसीईआरटी के साथ एक शैक्षिक सहयोग कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

**खोया-पाया**

मैं जयपाल सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम वैना परगना टप्पल, खैर, जिला अलीगढ मेरा बी0एस0सी0 वर्ष 2015 का डिग्री खो गया है। जिसका रौल न0 बी.0422553 व एनरोमेन्ट नं0 एम.11117784 है। एन0आर0ई0सी0 कॉजिल खुर्जा

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# पानी के मूल्यों में वृद्धि के विरोध में फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज ने खोला मोर्चा



**फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ से मिल कर जताई नाराजगी**

**ग्रेटर नोएडा**, 3 अप्रैल(देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफआरडब्ल्यूऐज ग्रेटर नोएडा ने जलपूर्ति के मूल्यों में बढ़ोत्तरी के विरोध में मोर्चा खोला दिया है। बुधवार को फेडरेशन का प्रतिनिधि मंडल जल के मूल्यों में वृद्धि , पानी की सप्लाई में अनियमितता, जिन जगहों पर पानी की लाइन नहीं है, वहां से पानी के बिल की वसूली ,और पानी का बिल ग्रेटर नोएडा स्थित मकानों पर भेजने का विषय पर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मिला। उन्होंने वर्ष 2013 के बोर्ड बैठक के निर्णय का अवलोकन कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। उन्होंने मौके पर महाप्रबंधक जल जितेंद्र गौतम को मौके पर बुलाया और व्यवस्था को सुधारने का निर्देश दिए गए हैं और नोएडा ,यमुना प्राधिकरण, गाजियाबाद के जल मूल्यों की लिस्ट मांगने का आदेश दिया है ताकि ग्रेटर नोएडा वासियों को राहत प्रदान की जा सके तथा ग्रेटर नोएडा वासियों को जल के बिलों की सूचना मैसेज के माध्यम से भेजने के निर्देश भी दिए गए है। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज के अध्यक्ष देवेंद्र टाइगर, महासचिव दीपक कुमार भाटी, ऋषिपाल सिंह, आलोक नागर आदि लोग मौजूद थे।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में तहसीलदार बडखल, फरीदाबाद हरियाना द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण दिनांक 23.09.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 994 | स्व0 शौकत अली पुत्र रमजानी नि0 ग्राम धनौरी, परगना तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती जैनम | 52 | पत्नी |
| | | | श्री मुबारिक | 34 | पुत्र |
| | | | श्री शमशाद | 32 | पुत्र |
| | | | श्री इरशाद | 25 | पुत्र |
| | | | श्री नौशाद | 24 | पुत्र |
| | | | श्रीमती शबाना | 34 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती रूखसाना | 29 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती चॉदनी | 19 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित भूखण्ड संख्या-98, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-420 वर्ग मीटर आवंटी श्री केशराम पुत्र स्व० मलखान निवासी ग्राम सैनी, जिला-गौतम बुद्ध नगर के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री केशराम पुत्र स्व० मलखान की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्रीमती राजवती, श्री संजय, श्रीमती बबली श्रीमती सरोज उर्फ पप्पी, श्रीमती मधुवती, श्रीमती नीतू उर्फ लाली पत्नी/पुत्र/पुत्री स्व० केशराम निवासी ग्राम सैनी, जिला-गौतम बुद्ध नगर द्वारा श्रीमती राजवती पत्नी स्व० केशराम व श्री संजय पुत्र स्व० केशराम निवासी ग्राम सैनी, जिला-गौतम बुद्ध नगर के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में श्रीमती राजवती पत्नी स्व० केशराम व श्री संजय पुत्र स्व० केशराम निवासी ग्राम सैनी, जिला-गौतम बुद्ध नगर के रूप में दर्ज किया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-बिसरख जलालपुर की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल-570 वर्ग मीटर सर्वश्री मेहरूद्दीन, निजामुद्दीन पुत्रगण श्री मखबूल, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 को आरक्षित किया गया था। सहःआवंटी निजामुद्दीन पुत्र श्री मखबूल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती सितारा बेगम पत्नी स्व0 श्री निजामुद्दीन, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्रीमती सितारा बेगम पत्नी स्व0 श्री निजामुद्दीन, निवासी-ग्राम-बिसरख जलालपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Revnenue Department, Govt of NCT of Delhi Office of the District Magistrate Rohini North West District द्वारा प्रस्तुत Certification No 90660000167031 दिनांक 16.11.2022 के अनुसार मृतक Ravindra Kumar Raizada S/o Nathu Ram Raizada R/o HNO-3-4 SF PKT-8 Rohini 23 Delhi के अनुसार ग्राम खेरली भाव में निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 556म 557म | Ravindra Kumar Raizada S/o Nathu Ram Raizada R/o HNO-3-4 SF PKT-8 Rohini 23 Delhi | Prashant Raizada | 30 | SON |
| | | | Sushma Raizada | 64 | WIFE |
| | | | Upasna Raizada | 32 | Daughter |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरूवार 4 अप्रैल 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## 'आप' की दुर्दशा से विपक्ष के लिये सबक

एक तरफ तो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज़ एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं। हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफ हो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं।

अब तो यह भी साफ हो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनज़र वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं।

यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह 'ऑपरेशन लोटस' के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है।

अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है (यह निर्णय भी उसने काफी देर से लिया) तथा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया के सभी दलों ने एक विशाल रैली भी की थी- तो भी यह उन दलों व नेताओं के मंथन का मुफ़ीद अवसर है जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते देश व लोकतंत्र पर छाये उस बड़े खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं जो एक बहुत बड़े रूप में सबके समक्ष है। पिछले 10 वर्षों में, खासकर भाजपा के 2019 से जारी दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस प्रकार से सरकार निरंकुश बनी है, उसमें प्रमुख हमला विपक्ष पर हो रहा है। 2014 में तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'कांग्रेस मुक्त भारत' का ही नारा दिया था लेकिन अब वह 'विपक्ष मुक्त भारत' का सपना न केवल देख रही है बल्कि उसे साकार भी कर रही है। उसका ऑपरेशन लोटस तथा विपक्ष को तोड़ने में जांच एजेंसियों का निर्लज्ज इस्तेमाल इसी अभियान के माध्यम व उपकरण हैं। हाईकोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कह चुके हैं कि भाजपा आप को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है।

यह समय इस बात को याद करने का भी है कि आप लम्बे समय तक भाजपा की 'बी' टीम के रूप में काम करती रही है। राजनैतिक महत्वाकांक्षा कोई बुरी बात नहीं और यह सभी का हक भी है कि वह जिस प्रकार से चाहे अपना विस्तार करे, लेकिन आम आदमी पार्टी के बहुत से निर्णय भाजपा को मजबूत करने के हुए हैं। जनांदोलन तथा सिविल सोसायटियों से निकली पार्टी यह समझ नहीं पाई- यह आश्चर्य है। उसने कई ऐसे राज्यों में चुनाव लड़े जहां उसका अस्तित्व तक नहीं था। अब भी पंजाब में वह कांग्रेस से अलग चुनाव लड़ रही है। आप की जो मौजूदा दुर्दशा है उसके लिये वह खुद बड़े पैमाने पर जिम्मेदार है और उसकी इस हालत से उन दलों को सबक लेना चाहिये जो भाजपा के विरोध में तो हैं पर विपक्षी मत विभाजन के भी जिम्मेदार हैं।

# इस भारत को न जानने और न मानने वाले

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

**18वीं** लोकसभा का चुनाव शुरु होने में अब केवल 15 दिन रह गए हैं। भाजपा का दावा है कि वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लालकिले से ऐलान कर ही दिया था कि वे अगली बार भी झंडा फहराने आएंगे। इसके अलावा अलग-अलग मौकों पर कई मंचों से उन्होंने अपनी वापसी का तानाशाही भरा ऐलान किया। हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 90वें स्थापना दिवस पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं सौ दिन चुनाव में व्यस्त हूं, तब तक का वक्त आप लोगों के पास है। उसके बाद आप तैयार हो जाइए धमाधम काम आने वाला है। उनकी इस बात पर वहां मौजूद तमाम रसूखदार लोग कठपुतलियों की तरह ताली बजाते और ठहाका भरते नजर आए। किसी ने यह सवाल करने की जहमत नहीं उठाई कि साहब पहले मतदान तो हो जाने दीजिए। सात चरणों में मतदान होगा, फिर 4 जून को नतीजे आएंगे, तब बता दीजिएगा कि धमाधम काम आएगा या नहीं। प्रधानमंत्री का एकालाप मगन होकर सुनने वालों में राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री और भारत सरकार के आला दर्जे के अफसर सभी शामिल थे, लेकिन सभी में रीढ़ की हड्डी गायब दिखी। इनकी शिक्षा, अनुभव, ओहदा, सब बेकार नजर आए। वहीं एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में तिहाड़ जेल जा चुके एक कथित पत्रकार भाजपा के झूठ को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। अपने संबोधन में इन पत्रकार महोदय ने यूक्रेन और रूस के युद्ध को नरेन्द्र मोदी ने रुकवाया है, इस झूठ को आगे बढ़ाने की कोशिश की। लेकिन श्रोताओं में मौजूद एक छात्रा ने पलट कर कह दिया कि अच्छा तो तब लगता जब युद्ध वाकई रुका होता। इस छात्रा की हिम्मत रिजर्व बैंक के समारोह में उपस्थित कथित गणमान्य लोगों की काबिलियत पर भारी दिखी। कम से कम उसने सच बोलने और झूठ बोलने पर टोकने का जज्बा तो दिखाया वर्ना यह सिलसिला ऐसे ही आगे बढ़ता रहता।

इस वक्त देश में उस छात्रा जैसी हिम्मत और तार्किक सोच रखने वालों की सख्त जरूरत है। क्योंकि इस बार के चुनाव वाकई तय करेंगे कि अब देश में संविधान बचा रहेगा या फिर देश हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। व्हाट्सऐप पर एक संदेश इन दिनों खूब प्रसारित किया जा रहा है। जिसमें लिखा है कि किसे वोट दें, यह समझ नहीं आए तो किन-किन लोगों से पूछना चाहिए। फिर इसमें कश्मीरी पंडितों, राम मंदिर के भक्तों, तीन तलाक पाने वाली महिलाओं, 5 किलो मुफ्त अनाज पाने वाले गरीब, आयुष्मान कार्डधारी लोगों, ऐसे कई वर्गों का जिक्र किया गया है और इसमें खुलकर झूठ का बखान भी है, जैसे 24 घंटे बिजली पाने वाले, सीधे खाते में रुपए पाने वाले आदि बातों को लिखा गया है। बड़ी सफाई से 15 लाख हर खाते में, हर साल 2 करोड़ रोजगार, किसानों की दोगुनी आय, सस्ता पेट्रोल और रुपए की कीमत में सुधार जैसी बातों को छोड़ दिया गया है। फिर इसमें अपील की गई है कि इसे 10 हिंदू मित्रों और रिश्तेदारों के साथ साझा करें। आगे इस संदेश में ये भी बताया गया है कि इस बार 400 पार जाना क्यों जरूरी है। संसद में सीटों का आंकड़ा समझाते हुए कहा गया है कि इस बार मोदी जी को 407 सीटें दीजिए। मोदी 3.0 2024 में होगा तो वक्फ बोर्ड खत्म होगा, 10 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगा देंगे, अल्पसंख्यक आयोग खत्म होगा, पूजा स्थल कानून खत्म हो जाएगा, आतंकवाद की फैक्ट्री वाले मदरसों पर रोक लगाई जाएगी और समान शिक्षा कानून बनाया जाएगा, केंद्र और 29 राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे 600 अल्पसंख्यक मंत्रालय खत्म हो जाएंगे, 4-4 निकाह और 3 तलाक पर रोक लग जाएगी, पत्थरबाजों और दंगाइयों की 100प्रतिशत संपत्ति जब्त कर 10 साल की सजा का प्रावधान होगा। इसके बाद आखिरी में लिखा है कि आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, एआई, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश 100प्रतिशत बढ़ाया जाएगा।

> **इस बार के चुनाव शुरु होने से पहले ही जिस तरह बार-बार बहुमत की जगह 4 सौ के आंकड़े को भाजपा ने लोगों के दिल-दिमाग में बिठाने की कोशिशें शुरु कर दी हैं, दरअसल वह एक बड़े खेल की रणनीति है। जिसमें जनता को मानसिक तौर पर एक बड़े बदलाव के लिए तैयार किया जा सके। 2014 में अच्छे दिनों का जुमला भी ऐसा ही एक खेल था।**

व्हाट्सऐप पर प्रसारित हो रहा ये संदेश बहुत बड़ा है, जिसे संक्षिप्त में ऊपर वर्णित किया गया है। इस संदेश को देखने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के पीछे की मंशा देश का संविधान बदलना है। ध्यान देने की बात ये है कि भाजपा अपने इस मकसद को बड़ी चालाकी से जनता तक पहुंचा रही है। क्योंकि मोदी की गारंटियों में कहीं हिंदू राष्ट्र बनाने का जिक्र नहीं है। भाजपा का घोषणापत्र भी अब तैयार हो रहा है, जिसमें सरकार की उपलब्धियों और कश्मीर, राम मंदिर जैसी बातों का उल्लेख होगा, लेकिन साफ तौर पर ये कहीं नहीं लिखा होगा कि हम तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो संविधान बदल देंगे। मगर भाजपा काम उसी दिशा में कर रही है।

भाजपा के सांसद अनंत हेगड़े ने पिछले दिनों कहा था कि अगर 4 सौ से ज्यादा सीटें एनडीए को मिलती हैं, तो संविधान बदल देंगे। वहीं हाल ही में राजस्थान के नागौर से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वे अपने प्रचार के दौरान लोगों से कह रही हैं कि- आप लोग जानते हैं कि अगर संविधान में हमें कोई बदलाव करना होता है तो संसद के दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत की आवश्यकता होती है। लोकसभा में आज बीजेपी और एनडीए के पास प्रचंड बहुमत है लेकिन राज्यसभा में आज भी हमारे पास बहुमत नहीं है।

यहां ज्योति मिर्धा ने संसद के आंकड़े वैसे ही लोगों को समझाए जैसे व्हाट्सऐप में समझाए गए हैं। इसका मतलब भाजपा का एजेंडा एकदम साफ है कि उन्हें 4 सौ सीटें संविधान बदलने के लिए चाहिए। ज्योति मिर्धा के इस वीडियो पर जब सवाल उठे, तो उन्होंने सफाई दी कि उनके बयान को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया है। वे लोगों को केवल संविधान संशोधन की प्रक्रिया समझा रही थीं। ज्योति मिर्धा का यह दावा भी झूठा ही है, क्योंकि उन्होंने साफ-साफ संविधान में बदलाव की बात की है। जबकि 1950 से लेकर अब तक सौ से ज्यादा संशोधन संविधान में हो चुके हैं और इस दौरान जो भी गठबंधन या दल सत्ता में रहा, उसे इसके लिए 4 सौ से ज्यादा सीटों की जरूरत नहीं पड़ी।

इस बार के चुनाव शुरु होने से पहले ही जिस तरह बार-बार बहुमत की जगह 4 सौ के आंकड़े को भाजपा ने लोगों के दिल-दिमाग में बिठाने की कोशिशें शुरु कर दी हैं, दरअसल वह एक बड़े खेल की रणनीति है। जिसमें जनता को मानसिक तौर पर एक बड़े बदलाव के लिए तैयार किया जा सके। 2014 में अच्छे दिनों का जुमला भी ऐसा ही एक खेल था, जिसमें उलझ कर जनता ने भाजपा को बहुमत दिया था। यह एक किस्म की मनोवैज्ञानिक रणनीति है, जिसमें एक ही बात को इतनी बार कहा जाए कि फिर उसके होने पर लोग यकीन करने लगें और जब दावे के अनुरूप कुछ न हो, तब भी सवाल पूछने की जरूरत महसूस न हो।

जनता को मनोवैज्ञानिक तौर पर प्रभावित करने का एक और जरिया फिल्में और गीत भी हैं। कश्मीर फाइल्स और द केरला स्टोरी के बाद इस बार के चुनाव से पहले आर्टिकल 370, वीर सावरकर और जेएनयू जैसी फिल्मों का जिक्र भाजपा खेमे से होने लगा है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार अपने भाषणों में इन फिल्मों का प्रचार करते दिखे और यह समझना कठिन नहीं है कि देश के लिए करने वाले सारे कामों को छोड़कर उन्हें किसी फिल्म के प्रचार की जरूरत क्यों पड़ती है। बहरहाल, जेएनयू यानी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी नाम की फिल्म का एक गीत अभी चर्चा में आया है, जिसमें लेखक, अभिनेता पीयूष मिश्रा पर फिल्माया गया है, आवाज भी उन्हीं की है। इस गीत के बोल हैं- पूंजीवाद से मुझको डराते हो क्यों, मुझको लेनिन के सपने दिखाते हो क्यों, चे ग्वारा है जो, सिर्फ चेहरा है वो, उसके अंदाज को, उसके जज्बात को मैं नहीं मानता, मैं नहीं जानता।

ये गीत सीधे-सीधे पाकिस्तान के बड़े शायर हबीब जालिब की नज्म दस्तूर की नकल पर लिखा गया है, हालांकि इसमें अक्ल का इस्तेमाल जरा भी नहीं किया गया है। हबीब जालिब ने लिखा था-

दीप जिस का महल्लात ही में जले, चंद लोगों की ख़ुशियों को ले कर चले,

वो जो साए में हर मस्लहत के पले, ऐसे दस्तूर को सुब्ह-ए-बे-नूर को

मैं नहीं मानता मैं नहीं जानता।

इस गीत में तानाशाही के खिलाफ बड़े सलीके से आवाज बुलंद की गई थी और इसकी कीमत भी हबीब जालिब ने चुकाई। लेकिन उनके दस्तूर को बड़ी बेहूदगी के साथ जेएनयू फिल्म के गीत में निभाया गया है। कोई लेनिन या चे ग्वारा को माने या न माने, यह उसकी मर्जी है। लेकिन उन्हें केवल चेहरा बताने की सोच यह दर्शाती है कि इस गीत को लिखने और गाने वालों के पास इतिहास, राजनीति और कला बोध की बेहद कमी है। हालांकि इतना तय है कि पूंजीवाद से डराने पर आपत्ति करने वाले असल में तानाशाही कायम करने के हिमायती हैं, तभी वे लेनिन के सपनों और चे ग्वारा के अंदाज ही नहीं नेहरू, गांधी और अंबेडकर के अनेकता में एकता वाले भारत को भी न जानते हैं, न मानते हैं।

# दुनिया में अब तक का सबसे महंगा होगा 2024 का लोकसभा चुनाव

■ अंजन रॉय

**आ**पने भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इस साल की शुरुआत में उनके द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट के बारे में जो भी सोचा हो, एक बात आपको माननी ही होगी कि वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं। भारत सरकार के लाखों करोड़ रुपये के खर्च की अध्यक्षता करने के बाद, भी वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके पास संसदीय चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन नहीं है।

दरअसल, भारतीय चुनाव बेहद महंगे हैं और यह आश्चर्य की बात है कि इतने सारे दावेदार इन्हें इतने भव्य तरीके से कैसे लड़ते हैं। चुनावी फंडिंग हमेशा से एक पेंचीदा विषय रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई उतार-चढ़ाव आये हैं।

वास्तव में पैसा कहां से आयेगा? एक समय था जब कॉर्पोरेट योगदान कानूनी थे और कॉर्पोरेट्स से खुले तौर पर और कानूनी रूप से योगदान करने की उम्मीद की जाती थी, इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्री ने इसमें अंकुश लगाया था, जिन्होंने राजनीतिक दलों और चुनावों में कॉर्पोरेट योगदान पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद, उनके बेटे राजीव गांधी ने प्रतिबंध हटा दिया।

पारदर्शी चुनाव की खोज में अनगिनत प्रस्ताव रखे गये। शीर्ष पंक्ति में से एक चुनाव के लिए राज्य द्वारा वित्त पोषण था। राजनीतिक दलों द्वारा लूट-खसोट के लिए सरकारी वित्त के दुरुपयोग के डर से इसे तुरंत स्वीकार नहीं किया गया। अब भी, दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां ऐसी फंडिंग व्यवस्था के पक्ष में हैं।

> **व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है। पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज़ के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा।**

दोनों वामपंथी दलों को छोड़कर, अधिकांश राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग को लेकर परेशान रहते हैं क्योंकि वे चोरी-छिपे पैसा कमाने का रास्ता अपनाते हैं। भाजपा जहां एक ओर अवैध धन कमाने की अवधारणा पर हमला कर रही है, वहीं उसने अब असंवैधानिक घोषित चुनावी बांड स्वीकार कर लिया, और हम चुनावी बांड के बारे में जो कुछ भी जानते हैं, उससे तो बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग का रहस्य और भी गहरा हो गया है।

एक लॉटरी किंग चुनावी बांड के दानकर्ताओं में सबसे आगे रहा। बांड से मिले धन किसे लाभ पहुंचाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। लेकिन जाहिर है, लाभार्थियों से मेल खाने वाले योगदानकर्ताओं की स्मोकस्क्रीन के तहत, यह अनुमान लगाना अभी भी संभव है कि कौन किस पार्टी को योगदान दे रहा है- यह योगदानकर्ता के प्रमुख संचालन के क्षेत्रों और उस क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के बीच होना चाहिए।

इसका कारण यह है कि दक्षिण स्थित लॉटरी किंग को अत्यधिक लोकप्रिय दक्षिणी पार्टियों में से कुछ को लाभ पहुंचाना चाहिए। पूर्व भारत में, बिजली वितरण कंपनी, जो सिटी ऑफ जॉय अर्थात कोलकाता में एकाधिकार का आनंद ले रही थी, उसके वहां के ही राजनीति बॉस को खुश रखने की उम्मीद थी न कि सुदूर उत्तर प्रदेश या छत्तीसगढ़ में।

भाजपा के पास बड़ा चुनावी बांड का अधिक हिस्सा जाना कोई आखिरी आश्चर्य भी नहीं है। लेकिन कुछ क्षेत्रीय सरदार भी काफी धन पा सके। एक उदाहरण के रूप में छोटे अंकगणित पर विचार करें: भाजपा को देश भर में अपने सहयोगियों के साथ 543 सीटें हासिल करनी हैं और 8250 करोड़ रुपये जुटाने हैं। इसलिए प्रति सीट चुनावी बांड के तहत संग्रह लगभग 16 करोड़ रुपये होगा। यदि यह माना जाये कि भाजपा लगभग 500सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष सहयोगी दलों के लिए छोड़ देगी तो यह चुनावी बांड की कुल धनराशि उस वास्तविक राशि का एक छोटा सा हिस्सा है जो पार्टी वास्तव में अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए खर्च करेगी।

इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस ने 1600 करोड़ रुपये जुटाये हैं और उसे लगभग 42 सीटें, प्लस/माइनस कुछ और सीटें जीतनी हैं। इसलिए प्रतियोगिता के लिए प्रति सीट 38 करोड़ रुपये की सम्मानजनक राशि है, जो एक छोटी पार्टी के लिए बुरा नहीं है।

व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है। पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज़ के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा। ब्लूमबर्ग के अनुमान के अनुसार, 2019 में पिछले आम चुनाव में लगभग 8.6 बिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। मौजूदा चुनाव में लगभग 12 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। देश की 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए इस आम चुनाव में खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.15 फीसदी ही होगा। एक छोटा अंश, अधिसंख्य लोग सोचेंगे।

वास्तव में, दो कारणों से ऐसा नहीं है। पहला, आम चुनाव हमेशा कीमतों को बढ़ाता है। चूंकि अधिकांश खर्च जमीनी स्तर पर होंगे, और पैसा उन जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के हाथों में चला जाता है, जिससे उनके हाथ में थोड़े समय के भीतर काफी अधिक आय खर्च करने योग्य होता है।

प्रतिशत के अलावा, इस तरह के पैसे को अचानक सबसे निचले स्तर पर डालने से मांग में थोड़ा उछाल आता है। ऐसी स्थिति में जब कीमतें पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रही हैं, मूल्य नियंत्रित करने वाले अभिभावकों को थोड़ा सतर्क ही रहना चाहिए। अधिक उदार मौद्रिक नीति की कोई भी आशा संदर्भ से थोड़ी हटकर होगी।

दूसरे, अधिकांश खर्च नकद में होंगे। नतीजतन, खर्च वह होगा जिसे मोटे तौर पर काला धन कहा जा सकता है। दान देने वाले और खर्च करने वाले सभी ऐसे खर्चों में आनंद लेंगे जहां पैन नंबर जांच का पहला बिंदु नहीं होगा। काले धन के प्रचलन में बढ़ोतरी इसके निहितार्थ होंगे।

यह मानकर चला जा सकता है, और मैं विश्वास करता हूं कि 'काले धन को रोकने' के लिए नोटबंदी का एक और दौर नीति-निर्माताओं के मन में नहीं होगा।

## पावन प्रसंग

# क्रोध एक महाविष के समान

क्रोध करने पर हित अनहित में, शुभ -अशुभ में, शांति-अशांति में, हिंसा अहिंसा में, परमार्थ स्वार्थ में, विनम्रता अहंकार में, शक्ति विध्वंस में और भाईचारा टकराव में बदल देता है। क्रोध एक ऐसे विषाक्तता में बदल देता है। क्रोध एक ऐसे विकार के रूप में है जो कई तरह की बीमारियों को जन्म देता है। चिकित्सकों के अनुसार, कैंसर, उच्च रक्तचाप, सिरदर्द और मानसिक रोगों की एक मुख्य वजह क्रोध ही है। मनुष्य के जितने भी मनोविकार है, जो बुद्धि विवेक और भावना, सबको नष्ट कर देता है।

कोई माने या हैं, न माने किन्तु यह सत्य है कि किसी से दुर्भाव या मनमुटाव रखना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके विपरीत यदि व्यक्ति किसी को क्षमा कर देता है तो इसका उसके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ता है। हॉलैंड स्थित होप कॉलेज के शोधकर्ताओं ने इस बात की पुष्टि की है। इस कॉलेज में उन्होंने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ एक हजार से अधिक लोगों पर परीक्षण करने के बाद ये नतीजे निकले हैं। प्रो. वैन के अनुसार- जिन लोगों ने किसी के प्रति अपने दिल में भरी हुई नकारात्मक भावनाओं को निकाल दिया, तो उनका बढ़ा हुआ रक्तचाप दवाई के सेवन के बगैर ही स्वत: कम हो गया।

वैन की राय है कि नकारात्मक भावों, जैसे-प्रतिशोध, घृणा, तनाव, निराशा, क्रोध व आक्रोश का शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इन नकारत्मक प्रवृत्यों का हृदय पर कुछ ज्यादा ही असर पड़ता है। वैन का कहना है कि उच्च रक्तचाप के रोगियों को किसी के प्रति वैरभाव नहीं रखना चाहिए और गुस्सा करने से बचना चाहिए। लेकिन घर परिवार में रहते हुए ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं कि व्यक्ति गुस्सा करता है। एक तो गुस्सा करना स्वभाव में आ जाता है और दूसरा परिस्थितियों के कारण गुस्सा आ जाता है। आंतरिक रूप से लगातार गुस्सा करने से मन में दुर्भाव आ जाता है।

मनुष्य का यह नैसर्गिक स्वभाव नहीं है कि वह गुस्सा करे, आक्रोश करे, वरन ये सब तो मानवीय स्वभाव की विकृतियां हैं। जिस तरह दर्पण में फूंक मारने पर वह धुंधला हो जाता है और उसमें चेहरा साफ दिखाई नहीं देता, वही स्थिति क्रोध के समय व्यक्ति की होती है। मन के दर्पण में क्रोधरूपी फूंक मारने से आत्मा मन का दर्पण धुंधला हो जाता है और फिर हम अपना असली चेहरा नहीं देख पाते हैं। श्रीमद्भागवतगीता के दूसरे अध्याय (2/62-63) में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि-

ध्यायतो विषयान्पुंस: संग्ङस्तेषूपजायते।
सग्डात्संजायते काम: कामात्क्रोधोअभिजायते।।
क्रोधाभ्दवति सम्मोह: सम्मोहत्स्मृतिविभ्रम:।
स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धि नाशात्प्रणश्यति।।

अर्थात विषयों का चिंतन करने वाले पुरुष की उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पड़ने से क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से अत्यन्त मूढ़भाव उत्पन्न हो जाता है। मूढ़ भाव होने से स्मृति में भ्रम हो जाता है।

क्रोध का पहला प्रहार विवेक पर व दूसरा होश पर होता है। इसलिए कठिन कार्यों, संकट के समय और अपमान होने पर धैर्य रखे। श्रेष? व्यक्ति वही है, जिसने अपने शत्रुओं पर विजय पाली है और सर्वप्रथम अपने क्रोध रूपी शत्रु पर नियंत्रण कर लिया है। ऐसा होने पर ही दुर्भावनाएं मन को घेर नहीं पाएंगी और व्यक्ति पूर्णरूप से स्वस्थ रह सकता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में बर्बाद

नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती, और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा हैं। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जब्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं।

वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सूखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरतापूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है। देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है।

शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलत: मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है7 निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए7 मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी होने पर समझ में आया परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सूखे नशे से अपराधी ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शून्य हो जाते हैं ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते। केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## यमन में सेना और हूती लडाकों के बीच संघर्ष में 21 लोग मारे गए

**अदन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुये संघर्ष में 21 लोग मारे गये। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लाहज के उत्तर में शुरायजाह मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ।जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुयी। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गयी और अन्य आठ घायल हो गये।

# देश विदेश

# ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से नौ लोगों की मौत, 821 घायल



**ताइपे,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। ताइवान में बुधवार को आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 821 अन्य लोग घायल हो गए। ताइवानी प्रसारक सानलिह ने अग्निशमन विभाग के हवाले से यह जानकारी दी।

- रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गई
- 25 सालों में अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप

केंद्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक वू चिएन-फू ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गयी। पिछले 25 सालों में अब तक के सबसे शक्तिशाली भूकंप के कारण कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और सुनामी की चेतावनी दी गई। जापानी मौसम विज्ञान एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि ताइवान में आज सुबह कई शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहले भूकंप की तीव्रता 7.7 मापी गयी। इसके बाद भी भूकंप के झटके महसूस किए जिनकी तीव्रता क्रमश: 6.6, 6.3 मापी गयी थी।

प्रवक्ता ने रिपोर्ट में बताया कि स्थानीय समयानुसार 16:30 बजे तक मरने वालों की संख्या नौ तक पहुंच गयी है, जबकि अन्य 821 लोग घायल हुए हैं और कम से कम 127 अभी तक इमारतों के मलबे में फंसे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि भूकंप से हुलिएन काउंटी में ताइवानी वायु सेना के अड्डे पर तैनात कम से कम आठ एफ-16 लड़ाकू विमान मामूली तौर पर क्षतिग्रस्त हो गए और भूकंप के झटकों से बेस हैंगर की दीवारें टूट गईं। उन्होंने कहा कि भूकंप से लड़ाकू विमानों के अड्डे पर कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और कहा कि आवश्यक मरम्मत कार्य प्रगति पर है और लड़ाकू विमानों की क्षमता पूरी तरह से बहाल कर ली गई है।द्वीप की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि ताइवान के तारोको नेशनल पार्क के पर्वतीय क्षेत्र में लगभग 1,000 लोग फंसे हो सकते हैं और बचाव दल पर्वतारोही समूहों के संपर्क करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं।

### मोदी ने ताइवान में भूकंप से जानमाल के नुकसान पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने एक्स पर उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की, जिन्होंने प्राकृतिक आपदा में अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि आज ताइवान में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम ताइवान के लचीले लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं, क्योंकि वे इसके परिणामों को सहन कर रहे हैं और इससे उबर रहे हैं। इससे पहले, बुधवार को आए शक्तिशाली भूकंप में नौ लोगों की मौत हो गई और 900 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसे देश में कम से कम 25 वर्षों में आया सबसे बड़ा भूकंप माना गया। 7.2 तीव्रता के भीषण भूकंप के परिणामस्वरूप खतरनाक कोणों पर झुकी इमारतों की तस्वीरें और वीडियो देखकर लोग चिंतित और स्तब्ध रह गए।भूकंप सुबह करीब 8 बजे आया। भूकंप के कारण हुआलिएन में करीब 40 साल पुरानी इमारत बुरी तरह झुक गई। रिपोर्टों के मुताबिक, अब तक कई फंसे हुए लोगों को घरों से निकाला गया है। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ताइवान में विदेश मंत्रालय के संपर्क में है। मंत्रालय ताइपे में तैनात भारतीय राजनयिकों से नियमित अपडेट मांग रहा है। खबरें हैं कि कम से कम 26 इमारतें ढह गई हैं। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि भारत भूकंप प्रभावित देश को हरसंभव मानवीय मदद के लिए तैयार है।

## सुडोकू 6514

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 3 | 2 | |
| | | 2 | | 7 | | | 8 | 1 |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | 7 | | 1 | | | 3 |
| | | 9 | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| 6 | 1 | | | 4 | | 7 | | |
| | 7 | 3 | | | | | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 4 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आज आप परिजनों के साथ मिलकर घरेलू मामलों में महत्वपूर्ण विचार विमर्श करेंगे। घर की काया पलट करने के लिए कुछ नई योजना बनाएंगें। कार्यस्थल पर उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

वृषभ - आज का दिन व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा प्रतीत हो रहा है। वे नई योजनाएं बना सकेंगे। नए बिजनेस में भी उन्हें आर्थिक लाभ की संभावना है। विदेश में रहने वाले दोस्तों और रिश्तेदारों से समाचार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

मिथुन - आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क - आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह - आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या - आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक - आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु - आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।


मकर - आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ - आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन - आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजराइली हमले में गाजा में सहायता कर्मियों की मौत पर बाइडेन नाराज



**वाशिंगटन,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा में इजराइली हमले में मारे गए एक अमेरिकी सहित वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के सात कार्यकर्ताओं की मौत पर नाराजगी और दुख जताया है। बाइडेन ने कहा कि युद्ध के बीच भूखे लोगों को भोजन उपलब्ध करा रहे कार्यकर्ताओं की मौत एक त्रासदी है। इजरायली हमले में मारे गए डब्ल्यूसीके कार्यकर्ता ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड, यूके, अमेरिका और कनाडा के दोहरे नागरिक और फिलिस्तीन से थे। डब्ल्यूसीके ने एक बयान में बताया कि उसके कार्यकर्ताओं पर तब हमला किया गया, जब वे दीर अल-बलाह गोदाम में समुद्री मार्ग से गाजा के लिए लाई गई 100 टन से अधिक खाद्य सामग्री उतार कर बाहर आ रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इजराइल ने वादा किया है कि वह सहायता कर्मियों के वाहनों पर हवाई हमले की गहराई से जांच कराएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हमले की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक दुखद बात यह है कि ये कोई अकेली घटना नहीं है। इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। बाइडेन ने कहा कि इज़राइल ने नागरिकों की मदद कर रहे सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं।


> **हमले की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए : जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

## गाजा में सहायता कर्मियों की मौत पर इजराइल ने मांगी माफी



**तेल अवीव,** 3 अप्रैल (एजेंसियां) इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा में एक सहायता काफिले पर हवाई हमले में मारे गए वर्ल्ड कंट्रोल किचन (डब्ल्यूसीके) के सात कर्मचारियों की मौत पर माफी मांगी है। आईडीएफ प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने कहा कि गलत पहचान के कारण वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात कर्मचारी मारे गए। हलेवी ने आगे कहा कि डब्ल्यूसीके एक महत्वपूर्ण संगठन है, जो संघर्ष वाले क्षेत्रों में काम करता है। आईडीएफ ने अतीत में इसके साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आईडीएफ ने हमले की प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है।

## ब्रिटेन में सोने का शौचालय चोरी के मामले में जेम्स ने कबूला जुर्म



**लंदन,** 3 अप्रैल (एजेंसियां।) ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सर विंस्टन चर्चिल के ब्लेनहेम पैलेस से सोने का शौचालय चोरी होने के मामले में कुख्यात चोर जेम्स शीन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। ब्रिटिश अखबार द सन की रिपोर्ट के अनुसार 39 वर्षीय जेम्स ने चोरी, आपराधिक साजिश रचने और डकैती के मामले में अपना अपराध कबूल किया। अट्ठारह कैरेट वाले इस शौचालय को इतालवी कलाकार मौरिज़ियो कैटेलन ने बनाया था और 2019 में ब्लेनहेम पैलेस में स्थापित करने से पहले इसे पहले अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सोलोमन आर गुगेनहेम संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया था।

अखबार ने रिपोर्ट बताया कि 18 कैरेट से बना यह शौचालय एक बार अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पेश किया गया था। आगंतुकों को इस शौचालय का उपयोग तीन मिनट तक करने की अनुमति दी गयी थी। यह शौचालय सितंबर 2019 में चोरी हो गया था।


# गरीबी रेखा से नीचे आ सकते हैं 10 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी : विश्व बैंक



**इस्लामाबाद,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बैंक ने बताया कि सुस्त आर्थिक विकास दर और चालू वित्त वर्ष में 26 प्रतिशत की चौंका देने वाली मुद्रास्फीति के साथ 10 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी गरीबी रेखा से नीचे जा सकते हैं। विश्व बैंक की पाकिस्तान डेवलपमेंट आउटलुक नामक द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश की अर्थव्यवस्था की एक बहुत ही गंभीर तस्वीर पेश की गई है, जिससे संकेत मिलता है कि यह अपने किसी भी प्रमुख व्यापक आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने में पीछे रह जाएगा। डब्ल्यूबी रिपोर्ट में यह बताया गया है कि पाकिस्तान को अपने प्राथमिक बजट लक्ष्य से भी चूकने की संभावना है, जिससे इस्लामाबाद कम से कम तीन और वर्षों तक घाटे में रहेगा। डब्ल्यूबी रिपोर्ट के मुख्य लेखक सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी ने कहा कि व्यापक आधार वाले उभरते आर्थिक सुधार के बावजूद गरीबी उन्मूलन के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास दर 1.8 प्रतिशत के मामूली स्तर पर स्थिर रहने का अनुमान है, जिससे गरीबी दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी रहेगी, लगभग 98 मिलियन पाकिस्तानी पहले से ही गरीबी से जूझ रहे हैं। 10 मिलियन व्यक्तियों का गरीबी रेखा से नीचे आने का खतरा है। डब्ल्यूबी रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि और उच्च परिवहन लागत के साथ जीवनयापन संकट के चलते स्कूली बच्चों की संख्या में कमी और खराब स्वास्थ्य व्यवस्था देश में बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसके ऊपर खाद्य सुरक्षा एक गंभीर संकट है।डब्ल्यूबी रिपोर्ट में कहा गया है, कमजोर विकास, कम श्रम आय और लगातार उच्च मुद्रास्फीति के कारण मध्यम अवधि में गरीबी में कमी आने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, पर्याप्त वृद्धि के अभाव में नीतिगत अनिश्चितता के साथ-साथ दीर्घकालिक मुद्रास्फीति, सामाजिक असंतोष का कारण बन सकती है और नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

> **व्यापक आधार वाले उभरते आर्थिक सुधार के बावजूद गरीबी उन्मूलन के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं: सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी**

## वर्ग पहेली 6514



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काट कर जीवनयापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6513

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | न्न | २ य | न | | | ३ अ | भि | ४ क | र्ता |
| पा | | था | | ५ ख | स | म | | च्छ | |
| ६ स | र्व | नि | यं | ता | | ७ रा | ष्ट्र | प | ८ ति |
| ना | | र्दि | | ९ वा | क | ई | | | क |
| | १० क | ष्ट | ११ क | र | | | १२ रो | क | ड़ |
| | म | | मा | | १३ पा | ठ | क | | म |
| १४ उ | ला | १५ ह | ना | | व | | १६ ना | १७ थ | |
| प | | म | | १८ ता | क | १९ ना | | र्रा | |
| २० यो | ज | ना | | रि | | २१ प | ह | ना | २२ वा |
| ग | | २३ म | नो | का | म | ना | | | णी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1716 – रुस और प्रशिया की सेनाओं ने उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर कब्जा किया।
1721 – रॉबर्ट वाल्पोल ग्रेट ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने।
1814 – नेपोलियन ने फ्रांस के सम्राट के रूप में पदार्पण किया।
1818 – अमेरिकी संसद ने राष्ट्रीय ध्वज में लाल रंग की 13 पट्टी और 20 स्टार रखने का फैसला किया।
1841 – विलियम हेनरी हैरिसन कार्यालय में मरने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।
1857 – एंग्लो और फ़ारसी युद्ध समाप्त हुआ।
1873 – यूनाइटेड किंगडम में दुनिया का पहला केनेल क्लब की स्थापना।
1887 – सुसाना मेडोरा साल्टर पहली अमेरिकी महिला महापौर बनी।
1905 – हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में भूकंप में लगभग 20000 लोग मारे गए।
1916 – अमेरिकी सीनेट में प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की।
1932 – वैजिस्लाव मरिन्कोविक यूगोस्लाविया के प्रधानमंत्री बने।
1949 – उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन (नाटो) की स्थापना हुई।
1960 – अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की।
1968 – अमेरिकी नेता मार्टिन लूथर किंग, जूनियर की मेम्फिस, टेनेसी में हत्या।
1969 – सर्जन डेंटन कोलेई और डोमिंगो लिओटा ने पहले कुल कृत्रिम हृदय को प्रत्यारोपित किया।
1975 – बिल गेट्स और पॉल एलन ने अल्बर्ट, न्यू मैक्सिको में माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की।
1977 – न्यू होप, जॉर्जिया में एक राजमार्ग पर दक्षिणी एयरवेज की उड़ान 242 दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 72 लोग मारे गए।
1979 – पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दी गई।

**सफलता** *परीक्षण से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है*

# उ.कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

**सोल 03 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने मध्यम दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। मीडिया रिपोर्टों में बुधवार को कहा गया कि देश के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को कहा कि परीक्षण ने पहली बार चिह्नित किया कि देश ने ह्वासोंग-16 बी नामक नयी मध्यम दूरी की ठोस-ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परिक्षण किया है,** जो नवविकसित हाइपरसोनिक ग्लाइडिंग वारहेड से लैस थीं। रिपोर्ट में कहा गया कि मिसाइल को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के बाहरी इलाके में सेना की एक प्रशिक्षण क्षेत्र से पूर्वोत्तर की ओर दागा गया। रिपोर्ट के अनुसार, मिसाइल से अलग होने के बाद, हाइपरसोनिक ग्लाइडिंग वारहेड 101.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर अपनी पहली चोटी पर पहुंचा और 72.3 किलोमीटर की ऊंचाई पर दूसरी चोटी पर पहुंचा, जबकि 1,000 किलोमीटर लंबी उड़ान भरते के बाद वह कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी जल में सफलतापूर्वक गिरा। रिपोर्ट में कहा गया कि इस परीक्षण से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। श्री किम जोंग उन, कोरियन वर्कर्स पार्टी के महासचिव और डीपीआरके के राज्य मामलों के अध्यक्ष ने इस मिसाइल को 'डीपीआरके रक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पूर्ण लाभ को प्रदर्शित करने के लिए एक अन्य शक्तिशाली रणनीतिक आक्रामक हथियार' कहा। केसीएनए ने कहा कि श्री जोंग उन ने कहा कि देश ने अपनी सभी सामरिक, परिचालन एवं रणनीतिक मिसाइलों को ठोस-ईंधन, वारहेड-नियंत्रित और परमाणु वारहेड-ले जाने की विभिन्न श्रेणियों में रखा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के मिसाइल विकास अभियान वाले सिद्धांतों का सफल कार्यान्वयन किया गया जिसमें तीव्र, सटीक और शक्तिशाली रूप से दुनिया में अपने दुश्मनों के किसी भी लक्ष्य पर हमला करना शामिल हैं। श्री किम ने कहा कि वर्तमान समय देश के सामने सबसे जरूरी काम ऐसी शक्ति का विकास करना है।



> **देश ने अपनी सभी सामरिक, परिचालन एवं रणनीतिक मिसाइलों को ठोस-ईंधन, वारहेड-नियंत्रित और परमाणु वारहेड-ले जाने की विभिन्न श्रेणियों में रखा है : श्री जोंग उन**

## दुनिया को जानें

# घाना में पादरी ने नाबालिग लड़की से रचाई शादी , देश में आक्रोश

**अक्करा,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। घाना में एक पादरी ने एक नाबालिग लड़की से शादी कर ली है जिससे देशभर में आक्रोश व्याप्त है और पादरी की गिरफ्तारी की मांग जोरों पर है। पादरी जी वुलोमो ( 63) ने शनिवार को यहां राजधानी अक्करा के पास एक पारंपरिक समारोह में 13 वर्षीय लड़की से शादी की। शादी के तुरंत बाद लड़की और उसकी मां को पुलिस सुरक्षा में रखा गया और घाना के अटॉर्नी जनरल ने इस विवाह की जांच शुरू कर दी है। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, अगर आरोप साबित हो जाता है, तो यह एक अपराध है, जिसमें शामिल सभी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया जायेगा। घाना के कानून के तहत, शादी के लिए कानूनी न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। पुलिस और अधिकारियों का कहना है कि लड़की 13 वर्ष की है। संबंधित अधिकारियों का हालांकि कहना है कि वह 16 वर्ष की है। पादरी के प्रवक्ता मनक्रालो श्वोनोटालोर ने बचाव करते हुए कहा कि शादी यौन संबंधों को लेकर नहीं हुयी है। उन्होंने कहा कि लड़की से तब तक वैवाहिक कर्तव्यों को पूरा करने की उम्मीद नहीं की जाएगी जब तक वह 18 वर्ष की नहीं हो जाती।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल के हर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होगा एक हरित पोलिंग बूथ : गर्ग

**शिमला।** लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक हरित पोलिंग बूथ स्थापित होगा। यहां मतदान प्रक्रिया के दौरान स्थानीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने निर्वाचन की तैयारियों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को नए मतदाताओं के नामांकन की प्रक्रिया में तेजी लाने और मतदाता पहचान पत्रों (एपिक) का समयबद्ध वितरण करने के निर्देश दिए। दस मई 2023 से अब तक कुल नए मतदाताओं की संख्या 1,81,509 है। अब तक वितरित एपिक कार्डों की कुल संख्या 1,67,135 है।

# मोदी ने देशहित में अनेक बड़े फैसले लिए : धामी

## प्रधानमंत्री के संदेश वाहक बनकर भटवाड़ी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

■ अमरनाथ तिवारी



**उत्तरकाशी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के भटवाड़ी में विशाल रोड शो किया। सीएम के रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही। सीएम पुष्कर सिंह धामी रोड शो के बाद भटवाड़ी के रामलीला मैदान पहुंचे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टिहरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यालक्ष्मी शाह

**■ रोड शो के बाद चुन-चुनकर गिनाई उपलब्धियां**

के जनसभा को संबोधित करने भटवाड़ी पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे आपके बीच संदेश वाहक के रूप में भेजा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के देश में प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्व में भारत का डंका बजा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के बदौलत उत्तराखंड में तीन जी-20 करने का मौका मिला है। इस दौरान सीएम धामी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देशहित में अनेक बड़े फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के भारत 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश तीन तलाक प्रथा खत्म हुई है। साथ ही देश में भव्य राम मंदिर का निर्माण भी हो पाया है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता के सामने रखा, उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में मोदी की सरकार बनी है, तब से देश के विकास में तेजी आई है। उन्होंने जो जनता से वादा किया है, चाहे राम मंदिर का मुद्दा हो या धारा 370 का, या फिर तीन तलाक का मुद्दा हो, वो प्रथमिकता से पूरा किया। मोदी ने विदेशों में भारत का मान बढ़ाया है।

## हिमाचल में मोदी सरकार ने 10 वर्षों में सुदृढ़ की रोड कनेक्टिविटी : अनुराग ठाकुर

**शिमला,** 3 अप्रैल (देशबन्धु) केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विकास किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा की आज हिमाचल प्रदेश में चारों ओर 2 लेन और 4 लेन हाईवे बने हैं जिसके कारण हिमाचल में यात्रा का समय पहले के मुकाबले लगभग आधा रह गया है। इससे जनता के पैसे व समय दोनों की बचत हुई है और इसके साथ-साथ पूरे हिमाचल प्रदेश में विकास के एक नए युग की शुरूवात हुई है। ठाकुर ने कहा कि मोदी ने सदैव हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है। हिमाचल प्रदेश का विकास उनकी प्राथमिकताओं में हमेशा शीर्ष पर रहा है इसीलिए एक छोटे पहाड़ी राज्य को पिछले 10 वर्षों में उन्होंने इतना दिया है जो पहले अकल्पनीय था। रेल हो, सड़क हो या हवाई साधन तीनों में हिमाचल प्रदेश आज बेहद उन्नत है अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, केवल सड़कों की बात हो तो पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने हिमाचल को कम से कम 50,000 करोड़ से ज्यादा की सड़कों की सौगात दी है। अगले एक वर्ष में हिमाचल की सड़कों पर लगभग 1 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। अभी हाल ही में हमीरपुर से अवाहदेवी चौक, धर्मपुर से लेकर मंडी तक 1200 करोड़ की सड़के मंजूर हुई हैं जिन पर तेजी से कार्य चल रहा है। अगले 6 से 7 महीनों में इस सड़क को पूरा कर लिया जाएगा जिससे हमीरपुर और मंडी के बीच यात्रा के समय में भारी कमी आएगी। इसी प्रकार सोलन और बिलासपुर जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग 205 पर कलार बाला गांव से नौनी चौक तक मौजूदा सड़क को पेव्ड शोल्डर के साथ फोर लेन में अपग्रेड करने हेतु लगभग 1245 करोड रुपए की स्वीकृति मिली है।



## कांग्रेस महिला अध्यक्ष चंदेल ने भाजपा प्रत्याशी कंगना की आलोचना की

**शिमला,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष जैनब चंदेल ने मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की आलोचना करते हुए कहा है कि वह अपनी चुनावी रैलियों में लोगों की भावनाओं से खेलने का असफल प्रयास कर रही है। अगर उन्हें लोगों के प्रति लगाव होता तो वो आपदा के समय लोगों के दुख -दर्द में अवश्य शामिल होती जब लोगों को सबसे ज़्यादा मदद और हमदर्दी की जरूरत थी मगर ऐसा नहीं हुआ। आज जब चुनाव है तो वोट की खातिर झाड़ू तक लगा रही हैं। ये जनता है सब जानती है। जैनब चंदेल ने कहा है कि कंगना को कांग्रेस के नेताओं को ज्ञान देने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें अपना राजनीतिक कद देख कर कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ कोई बयानबाजी करनी चाहिए। पहली बार राजनीति में अपनी किस्मत आजमाने के लिये कंगना को इस क्षेत्र के विकास के लिये अपने विजन को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद प्रतिभा सिंह ने इस क्षेत्र मेंअपनी सांसद निधि से विकास कार्यों को गति प्रदान की है और आगे भी यही गति जारी रहेगी। आपदा के समय भी रानी प्रतिभा वीरभद्र सिंह जनता के बीच में ही रही। कांग्रेस सरकार ने लोगों की मदद युद्ध स्तर पर की थी। कांग्रेस जो कहती है वो करती है। भाजपा की तरह चुनावी वादे नहीं करती है और चुनाव हो जाने पर कहती है कि वो तो जुमला था।

**सार संक्षेप**

### मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में आज होगी बैठक

**शिमला।** वित्त विभाग में निर्धारित मानदेय पर नए पद भरने की आवश्यकता है, ताकि कामकाज सामान्य तौर पर चल सके। सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को देखते हुए कई वर्ष से वित्त विभाग को अपेक्षानुरूप कर्मचारी नहीं मिले हैं। इसी तरह से प्रदेश सरकार के कई विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चार अप्रैल यानि बुधवार को मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में कमेटी आफ सेक्रेटरीज की बैठक आयोजित होगी। ये बैठक तीन साल के अंतराल के बाद आयोजित हो रही है। इस बैठक में विभिन्न विभागों के सचिव भाग लेंगे और एजेंडा के तहत मुद्दों का समाधान निकालेंगे। इस बैठक के संबंध में प्रशासनिक सुधार संगठन की ओर से सूचित किया गया है। आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से भांग की खेती दवाओं के उपयोग करने के लिए मादक दवा एवं मानसिक रोग अधिनियम में संशोधन किया जा सके। इस बारे में विधानसभा में चर्चा हो चुकी है कि प्रदेश हित को देखते हुए भांग की खेती शुरू होनी चाहिए और इसका उपयोग दवा निर्माण में करने की अनुमति मिलनी चाहिए।

### 'आप' को उत्तराखण्ड में कांग्रेस को समर्थन

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव को लेकर के सभी पार्टियां अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में आज आम आदमी पार्टी में उत्तराखंड में प्रेस क्लब में प्रिंस वार्ता कर आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन का ऐलान किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर ने कहा कि आज लोकतंत्र को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का समर्थन किया है। वहीं इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी मौजूद रहे।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कांग्रेस के समर्थन से काफी बल मिलेगा साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को काफी फायदा होगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि और प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट भी मौजूद रहे ।

### नैनीताल जेल में क्षमता से ज्यादा कैदी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जेल के जर्जर भवन और अव्यवस्था मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नैनीताल जेल से कैदियों को जल्द सितारगंज जेल में शिफ्ट करने को कहा। साथ में कोर्ट ने जेल प्रशासन को सरकार से अनुमति लेकर सितारगंज जेल में सजा काट चुके कैदियों को रिहा करने के निर्देश भी दिए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

### सुडोकू 6514 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## भाजपा ने धनबल व प्रलोभन पर प्रदेश सरकार को अस्थिर करने के लिए कोशिश की : जगत सिंह

**शिमला,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह ने कहा है कि बालूगंज थाने में दर्ज एफआईआर की जांच रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा ने धनबल व प्रलोभन पर प्रदेश सरकार को अस्थिर करने के लिये कोशिश की है। कांग्रेस के छह विधायकों व तीन निर्दलीय विधायकों पर करोड़ों खर्च किए गए। उन्हें हैलीकॉप्टर में लाया ले जाया गया। एक महीने से अधिक समय तक इन्हें बंधक बना कर रखा गया जो पूरी तरह अपराध बनता है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, इनके अध्यक्ष राजीव बिंदल व अन्य भाजपा नेताओं ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के पोलिंग एजेंट के साथ बदसलूकी करते हुए इस चुनाव में व्यवधान डाला।





विधानसभा परिसर के गेट को तोड़ने की कोशिश की गई। इस सबकी शिकायत कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की है पर आयोग ने अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की है। जगत नेगी ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों पर भाजपा का डर व भारी दबाव है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से त्यागपत्र नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष इसकी पूरी जांच कर रहें है और इसके बाद ही इस पर कोई निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश पर उप चुनाव थोप कर विकास की गति को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि कबायली क्षेत्रों में जहां भारी बर्फबारी की बजह से विकास कार्यो के निर्माण को बहुत कम समय मिलता है वहां यह कार्य पूरी तरह रुक गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ साथ पार्टी से गद्दारी करने वाले किसी भी नेता को प्रदेश के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। जगत नेगी ने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र अब प्रदेश के लोगों के सामने

> भाजपा के साथ-साथ पार्टी से गद्दारी करने वाले किसी भी नेता को प्रदेश के लोग कभी माफ नहीं करेंगे : जगत नेगी

पूरी तरह आ गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के अंदर कांग्रेस की गारंटियों को जारी करने को लेकर होहल्ला करने वाली भाजपा ने महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी जारी करने पर रोक लगाकर उनका महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ओपीएस बहाल कर कांग्रेस सरकार ने अपनी पहली ही कैवनिट में जो तोफा कर्मचारियों को दिया है वह ऐतिहासिक है। जगत नेगी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत में है। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद प्रदेश सरकार को चार लोकसभा व छह विधानसभा उप चुनावों के बाद जो जीत हासिल होगी।

## कांग्रेस को हार का डर, नहीं कर रहे निर्दलियों के इस्तीफे मंजूर : हंसराज

**शिमला,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी स्पीकर हंस राज ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री केवल मात्र अपनी पार्टी के बचाव में ब्यान बाजी कर रहे हैं और सच्चाई तो उनको भी पता है। उन्होंने कहा कि जितने भी आरोप कांग्रेस के मंत्री द्वारा लगाए गए हैं वह निराधार, झूठे और बेबुनियाद है। सच्चाई जनता के समक्ष है और जो घटनाक्रम हिमाचल प्रदेश में चल रहा है वह सबके सामने, कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों ने अपना वोट दिखा कर डाला यह कितनी बड़ी बात है, ऐसा इतिहास में कभी नहीं हुआ इसका मतलब स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार में घुटन का माहौल है। जब कोई विधायक अपने क्षेत्र की समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री के सामने जाता है तो उसको 2 से 3 महीने का समय दिया जाता है ऐसा आज से पहले कभी नहीं हुआ, कांग्रेस पार्टी केवल मात्र अपना चेहरा बचाने का प्रयास कर रही है। निर्दलीय भी परेशान थे और वह तो केवल मात्र अपना हक मांग रहे हैं। उन्होंने इस्तीफा दिया और कांग्रेस पार्टी की सरकार उनको भी मंजूर नहीं कर रही है, क्योंकि उनको पता है कि 9 की 9 सीटें



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी हार जाएंगे। क्योंकि जनता के बीच कांग्रेस पार्टी के प्रति बहुत बड़ा रोष है और यह फीडबैक उनके नेता भी आलाकमान को दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता केवल मात्र दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है, वह सभी विधायकों के प्रति बदला बदली की भावना से कम कर रहे हैं, किसी नेता का घर का रास्ता रोक रहे हैं, तो किसी के कारोबार को हानि पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, झूठे केस बना रहे हैं और सरकार का पूर्ण दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे कर्मों के लिए जनता इनको माफ नहीं करेगी आने वाले चुनाव में स्पष्ट हो जाएगा जब हिमाचल प्रदेश में चारों लोकसभा सीटें और नौ उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी जीतेगी।

## बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में 5 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**देहरादून,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नानकमत्ता तरसेम सिंह हत्याकांड के पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस की टीम जगह-जगह हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। वहीं बताया जा रहा है कि पुलिस को हत्यारोपियों को लेकर कुछ अहम सुराग हाथ लगे है। पुलिस को जो इनपुट मिले है, उसके मुताबिक आरोपी पंजाब में छुपा हुआ है। लिहाजा उत्तराखंड पुलिस की अलग-अलग टीम पंजाब में छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही पुलिस तरसेम सिंह की उन तमाम विवादित जमीनों का ब्यौरा भी इकट्ठा कर रही है, जिस पर लंबे समय से कुछ लोगों की नजर थी। उन जमीनों का पूरा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए उधमसिंह नगर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पुलिस की कई टीमें इस हत्याकांड को सुलझाने में लगी हुई है। इसके साथ ही पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी कर रही है।एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने दावा किया है कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा, क्योंकि आरोपी पुलिस की पकड़ से ज्यादा दूर नहीं है। पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। क्योंकि आरोपी सोशल मीडिया पर अपनी अलग-अलग लोकेशन बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रोजाना पुलिस से इस हत्याकांड का अपडेट ले रहे हैं।

बता दें कि नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख तारसेम सिंह की बीती 28 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 28 मार्च सुबह को तारसेम सिंह नानकमत्ता गुरुद्वारे में कुर्सी पर बैठे हुए थे, तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और 10 सेकंड में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर तारसेम सिंह की हत्या कर दी थी।

## उत्तराखंड का जवान मणिपुर में शहीद

**अल्मोड़ा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मणिपुर में तैनात अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर निवासी एक जवान के शहीद होने से परिवारजनों में कोहराम मचा हुआ है। जवान के सिर पर गोली लगने के बाद वह शहीद हो गये। बताया जा रहा है कि आज उनका पार्थिक शरीर उनके घर सोमेश्वर पहुंचेगा।

जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर तहसील के चनौदा, बूंगा निवासी कमल सिंह भाकुनी (24) ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये। उन्हे संदिग्ध हालात में गोली लगी। कमल 16 कुमाऊं रेजीमेंट के जवान थे, जो वर्तमान में मणिपुर में तैनात थे। बताया जा रहा है कि 25 दिन पहले ही वह अवकाश के बाद ड्यूटी पर लौटे थे। कमल चार साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। बेटे की शहादत की खबर सुन माताकृपिता



बेसुध हो गये। बताया जा रहा है कि शहीद कमल के पिता चंदन सिंह भाकुनी गांव में ही खेतीकृबाड़ी करते हैं, जबकि माता दीपा भाकुनी गृहणी हैं। उनका बड़ा भाई प्रदीप भाकुनी भी भारतीय सेना में है। शहीद का पार्थिव शरीर आज सोमेश्वर लाया जायेगा। गोली कैसे लगी, इसकी स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। जवान के शहीद होने की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर है। घटना की सूचना पर शहीद के घर में मातम छाया हुआ है। 16 कुमाऊं रेजीमेंट के शहीद सिपाही कमल सिंह वर्तमान में मणिपुर में तैनात था। बताया जा रहा है कि कमल सिंह अविवाहित थे। कमल के माता-पिता गांव में रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। वहीं घटना की सूचना देर शाम सेना की ओर से उनके परिजनों को दी गई।

### नक्सली हमले में कमल सिंह की शहादत पर सीएम धामी ने जताया दुख

**देहरादून।** मणिपुर में हुए नक्सली हमले में 16 कुमाऊं रेजीमेंट में तैनात कमल सिंह शहीद हो गए हैं। शहीद कमल सिंह अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर तहसील के चनौदा, बूंगा के रहने वाले हैं। कमल सिंह के शहीद होने की खबर जैसे ही गांव पहुंची, वैसे ही पूरा गांव सदमे में डूब गया। वहीं कम उम्र में कमल सिंह के चले जाना पूरे उत्तराखंड के लिए बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कमल सिंह भाकुनी के बलिदान पर दुख व्यक्त किया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शहीद कमल सिंह को पर दुख व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मणिपुर में मां भारती की सेवा करते हुए नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए सैन्यभूमि उत्तराखंड के लाल एवं 16 कुमाऊं रेजीमेंट में तैनात कमल सिंह भाकुनी की शहादत को शत्-शत् नमन।

## हरीश रावत के कई करीबियों ने छोड़ी कांग्रेस, आसान नहीं बेटे की राह



- **प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने दिलाई भाजपा की सदस्यता**
- **हरिद्वार लोकसभा सीट के प्रत्याशी त्रिवेन्द्र रहे मौजूद**

**हरिद्वार,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। बुधवार तीन अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी माने जाने वाले 6 से ज्यादा नेता कांग्रेस का हाथ छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए हैं। सभी नेताओं को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी के टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल करवाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले नेताओं में कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्य मंत्री राजेश रस्तोगी, मुख्यमंत्री रहते हरीश रावत के ओएसडी रहे पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी और कई विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की मुख्य धुरी रहे चेतन ज्योति आश्रम के स्वामी ऋषिश्वरानंद के साथ बड़ी संख्या में संत हैं। भाजपा का दामन थामने वाले पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि बीजेपी की रीति नीति से प्रभावित होकर वो पार्टी में शामिल हुए हैं। वहीं हरीश रावत से नाराजगी के सवाल पर उन्होंने हरदा को पिता तुल्य बताया है। पुरुषोत्तम शर्मा ने स्पष्ट किया कि हरीश रावत से उनकी कोई भी व्यतिगत नाराजगी नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल होने वाले संतों और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे देश में इस समय कांग्रेस में असंतोष है, जिसके बाद अब उत्तराखंड में भाजपा पांचों सीट जीतकर जीत की हैट्रिक लगाएगी।

### विधानसभा प्रत्याशी एसपी सिंह इंजीनियर ने भी छोड़ा हाथ

**देहरादून।** हरिद्वार लोकसभा में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष तथा विस प्रत्याशी रहे एसपी सिंह इंजीनियर सहित कई प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और समर्थकों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में हुए ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने सभी लोगों का स्वागत किया। उन्होंने फूलमाला एवं पटका बनाकर उन्हें पार्टी की औपचारिक सदस्यता दिलाई। इस दौरान अपने संबोधन में भट्ट ने सभी के मान सम्मान का भरोसा दिलाते हुए तत्काल चुनाव अभियान में जुटने का आग्रह किया । उन्होंने कहा, देश की तरह राज्य की जनता ने भी मोदी जी को रिकॉर्ड मतों से तीसरी बार पीएम बनाने का मन बनाया हुआ है। उनके साथ कमल थामने वालों में कांग्रेस ओबीसी मोर्चे के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, महामंत्री जिला कांग्रेस विजेंद्र चौहान, सोमवती ब्लॉक अध्यक्ष, जगपाल सिंह महासचिव एससी विभाग, प्रदीप, हरिंदर सिंह, प्रवीण कुमार, सतीश चौहान, आनंद चौहान, खुशहाल चौहान, करण चौहान, शिव कुमार, रविंद्र चौहान, विनोद, भगत, वीरेंद्र सैनी, तेजपाल प्रधान, मुकेश राठौर, सुशील, वीरेंद्र, मनोज, महिपाल, सूरजपाल, निवेश, सुनील, मांगेराम, जयपाल सिंह, अनुराग, शिवानी, विजय, नाती राम, राकेश, राजेश, कपिल, अजय गौड़, राजकुमार, संजय, संदीप कुमार, लवप्रीत, ओमवीर सिंह, अंकित कटारिया, फरमान, तस्लीम, उदय सिंह, संदीप, अजय, प्रमोद, सलीम, सोमपाल, नीतू, राम किशोर प्रमुख नाम रहे।

### पार्टी की गंदगी हो गई साफ : माहरा

**देहरादून,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियां तेज हैं। मतदान के पहले नेताओं के दल बदल का खेल भी चल रहा है। हालांकि इस दल बदल के खेल में प्रदेश के अंदर कांग्रेस को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता पार्टी का हाथ छुड़ाकर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। वहीं कांग्रेस छोड़कर जा रहे नेताओं को लेकर उत्तराखंड में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बड़ा बयान दिया। करण माहरा का कहना है कि जो लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं, वह एक तरीके से पार्टी में गंदगी फैलाने का काम कर रहे थे। इसीलिए उनके जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि कभी-कभी सफाई की आवश्यकता भी होती है। करण माहरा ने तर्क देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति पूरे दिन काम करता है। उसके बाद घर जाकर विश्राम करता है, और सवेरे स्नान करता है। सुबह स्नान करते समय शरीर के लिए कई गैर जरूरी चीजें बाहर जाती हैं, जो शरीर के लिए उपयोगी नहीं हैं।



# प्रादेशिकी

## लोस चुनाव को लेकर बूथों की व्यवस्था दुरस्त कराने के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। लिहाजा जिलाधिकारी डा.वीके सिंह व एसपी विकास कुमार लगातार बूथों की व्यवस्था को दुरस्त करानें के लिए पसीना वहा रहें है। डीएम-एसपी नें बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरस्त रखनें के निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने लोकसभा क्षेत्र के 192 विधानसभा कायमगंज के 7 पोलिंग सेंटर/32 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय शमसाबाद में रैंप खराब पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा रैंप सही कराने व रैंप पर रैलिंग लगवाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा कक्षा 7 के बच्चों से गणित के सवाल हल कराए गए जिन्हें बच्चे हल नही कर सके, शिक्षा का स्तर अत्यंत खराब पाया गया। डीएम द्वारा बच्चों को उनकी मातृभाषा में समझाने के निर्देश दिए गए।

# अति आत्मविश्वास से बचें कार्यकर्ता : योगी



**लखनऊ/ वाराणसी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीतने के साथ ही मतों के अंतर का भी रिकॉर्ड बनाना है। पीएम मोदी को इतने मतों से विजयश्री दिलाएं कि पूरा देश काशी की जनता पर गर्व करे। उन्होंने कहा कि पहली जून को अंतिम चरण में वाराणसी में मतदान होगा। इस दौरान प्रचंड गर्मी होगी। गर्मी में बूथ प्रबंधन

- वाराणसी में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ की बैठक
- केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को आमजन से साझा करें कार्यकर्ता

व जनसम्पर्क चुनौती भरा होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए बूथ प्रबंधन जितना ज्यादा शक्तिशाली-मजबूत होगा और जितना हमने जनसंपर्क किया होगा। ये प्रधानमंत्री के प्रति मतप्रतिशत को बढ़ाने और उनके द्वारा देश, प्रदेश व काशी के लिए किए गए लोक कार्य के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर होगा। योगी ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकट्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें।

केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें। हमारी सुविधा के लिए जरूरी है कि जिन विकास कार्यों को हम बोल रहे हैं, उसे जनता बोलने लगे तो हमारा कार्य आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवापुरी विधानसभा के लोगों को भी सहेजा। बोले कि सेवापुरी में विशेष जोर देना होगा क्योंकि वहां के विधायक अस्वस्थ हैं। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने व घटाने का कार्य अब भी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर तबके के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने योजना बनाई है। देश का सम्मान बढ़ा है। हमारी जिम्मेदारी बन रही है कि पीएम मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करें। इस बार मोदी जी को मिले मतों की बढ़त इतनी अधिक हो कि पूरा देश गौरव कर सके। यह काशी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है। व्यवहारिक धरातल पर क्या हो रहा है उसका ध्यान रखना होगा।

### मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को मंत्र देते हुए कहा कि हर बूथ पर 800 से लेकर 1000 मतदाता होते हैं। इस आधार पर 200 से 250 परिवार निवास करता होगा। इन परिवारों पर जरा सा ध्यान देंगे तो हमारा काम आसान हो जाएगा। जनसंपर्क करने की बात आएगी तो बूथ की टोली तीन से चार दिन में हर परिवार से संपर्क कर सकती है। यह रणनीति आपके कार्य को आसान बना सकती है। एक पन्ना प्रमुख के पास मुश्किल से पांच से छह परिवार आएगा। इतने ही परिवार से संपर्क करना होगा। घर जाकर सबसे बात कर लीजिए। किसी के घर उठना-बैठना कर लें तो सभी परिवार जुड़ जाएंगे। इससे कार्य सरल हो जाएगा। पूरा चुनाव बूथ पर केंद्रित होना है। बूथ कार्य को आसान बनाने के लिए हम सबने व्यवस्था बनाई है पन्ना प्रमुख की। इसके माध्यम से कार्य को सरल बना देना है। संपर्क व संवाद हमारी ताकत है। इस पर फोकस करना है। एक पन्ना प्रमुख के साथ तीन की टोली होगी। अनुसांगिक इकाइयों के लोग भी जुड़ेंगे। 6-7 लोगों की टीम परिवारों से संपर्क करें। इससे विचारों के प्रभाव से परिवर्तन दिखेगा। 80 वर्ष के बुजुर्गों की सूची बनाकर उनका मत दिलाना है। सरकारी कर्मचारी से संपर्क करें। मोर्चा प्रकोष्ठ को अपने साथ जोड़ना है। माइक्रो लेबल पर आपकी भूमिका होगी।

# महाकुंभ के लिए तैयार होगा रोपवे व डिजिटल कुंभ म्यूजियम

**लखनऊ,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रयागराज में अगले वर्ष होने जा रहे महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार ने कमर कस ली है। संगम स्थल के साथ-साथ आसपास कई प्रमुख कार्यों का विकास किया जाना प्रस्तावित है जो पर्यटकों के लिए महाकुंभ को खास बना देगा। इसके अंतर्गत हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है। इसके साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। महाकुंभ से पूर्व कार्य पूर्ण होने के बाद यह महाकुंभ के महाआयोजन को यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यादगार बना देंगे। 29 नवंबर 2023 को शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। संगम तक श्रद्धालुओं की पहुंच को और आसान बनाने के लिए रोपवे का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। संगम के पास बांध पर शंकर विमान मंडपम से लेकर अरैल के त्रिवेणी पुष्प तक 1281.5 मीटर लंबे और 62 मीटर ऊंचे रोपवे प्रोजेक्ट को 15 मार्च 2024 को नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लि. (एनएचएलएमएल) द्वारा अवार्ड किया गया है।

- महाकुंभ की तैयारियों के बीच रोपवे का काम प्रगति पर
- अरैल में तैयार हो रहा डिजिटल कुंभ म्यूजियम
- रक्षा मंत्रालय दे चुका है एनओसी

### कुल लागत 45.71 करोड़ रुपए प्रस्तावित

इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। परियोजना के लिए पीएमए द्वारा पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय पी.के.एस. बघेल. से लीगल ओपिनियन भी ली गई है। यही नहीं, सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमीशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए जाने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके लिए लीगल वेटिंग की जा रही है। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा व नवम्बर, 2024 में पूर्ण करने का लक्ष्य है। निर्धारित समय में कार्य पूरा होने के बाद अधिक संख्या में दर्शनार्थी यहां समाहित हो

## सार संक्षेप

### किसान ने मजदूर के सिर में डंडा मारा

**मवाना।** फलावदा थाना क्षेत्र के गांव गडीना में मजदूरी करने गए मजदूर को किसान ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई है। गांव गडीना निवासी सोनू ने तहरीर में जानकारी देते हुए बताया वह गांव में ही एक किसान के यहां मजदूरी करता है। सोनू ने बताया मंगलवार किसान के खेतों पर मजदूरी करने के लिए गया था। उसने आरोप लगाया है कि किसान ने बिना बात के उसके साथ गाली गलौच शुरु कर दी। सोनू के विरोध करने पर किसान ने उसके सिर में डंडा मार कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे सोनू को पुलिस ने उपचार के लिए मवाना सामुदायिक केंद्र भेजा। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई हे।

### बाइक विवाद में युवक को पीटा

**मवाना।** फलावदा कस्बे के मोहल्ला कपसाड़ियान निवासी सोनू पुत्र संजय कुमार के साथ दो युवकों ने बाइक के विवाद के चलते मारपीट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे सोनू का पुलिस ने मवाना सामुदायिक केंद्र में उपचार कराया। कस्बा निवासी सोनू ने बताया कि उसने आठ माह पहले लोन पर एक बाइक ली थी। लोन पर ली गई बाईक को उसने अपने दोस्त सागर के नाम पर लोन लेकर निकली थी, जिसकी किश्त वह बराबर भर रहा है। सोनू का आरोप है कि सागर उसकी बाइक उसको नहीं दे रहा है जिसके चलते सागर ने अपने साथी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए प्रेक्षक तैनात

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के कम में जनपद मेरठ में तीन अप्रैल को सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक का आगमन हो गया है। प्रेक्षकगण जनपद मेरठ स्थित सर्किट हाउस में ठहरे हुए हैं, जिनके मिलने का स्थान, समय व मोबाईल नम्बर निम्नवत् है। गुरिन्दर पाल सिंह सहुता, (सामान्य प्रेक्षक) मोबाईल नं.- 7599282376, मिलने का स्थान-एनेक्सी भवन, मीटिंग हॉल सर्किट हाऊस मेरठ तथा समय सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक है। दीपक पाण्डेय मोबाईल नं.8923338718, मिलने का स्थान मीटिंग हॉल सर्किट हाऊस मेरठ तथा समय सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक है।

### चौधरी चरण सिंह विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में केंद्रित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुवात सभी अतिथियों ने सरस्वती मां का द्वीप प्रवज्जलित करके की। सेमिनार का उद्देश्य शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक ज्ञान, स्वदेशी ज्ञान और जल संरक्षण रणनीतियों के बीच अंतरसंबंध का पता लगाना था।


**सूचना**

मैंने अपना नाम RAEESUDADEEN पुत्र HANEEF से बदलकर RAISUDDIN पुत्र HANEEF रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए

-गांव सरावनी जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश


## महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज में स्काउट गाइड शिविर आयोजित



**मवाना,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का बुधवार को समापन हुआ। शिविर का समापन मुख्य अतिथि कॉलेज चेयरमैन डॉ. प्रवीण मित्तल, कॉलेज निदेशक डॉ. मोहित यादव, कॉलेज रजिस्ट्रार संदीप कुमार और कॉलेज ऑपरेशनल हेड एडमिशन एंड ट्रेनिंग डॉ. अमित सहरावत द्वारा संयुक्त रूप से स्काउट गाइड ध्वजारोहण व स्काउट और गाइड द्वारा बनाए गए टैंट का निरीक्षण कर किया गया। टेंट निरीक्षण और निर्णायक मंडल की भूमिका में कॉलेज रजिस्ट्रार संदीप कुमार रहे। स्काउट गाइड के द्वितीय दिवस शिविर संचालक सचिन शर्मा और अमरदीप ने छात्र-छात्राओं को टेंट बनाने की विधि और विपरीत परिस्थितियों में भोजन बनाने और कम संसाधनों जीवन यापन करने की कला को सिखाया।

# चोटी बेधक कीट पर नियंत्रण कर गन्ना किसान पा सकेंगे ज्यादा कमाई

### गन्ने में चोटी बेधक कीट का प्रकोप-समेकित प्रबंधन आवश्यक

**मवाना,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मवाना शुगर मिल के क्षेत्र में कृषक लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्रफल में को.-0238 प्रजाति का गन्ना पैदा कर रहे हैं। कई वर्षो में इस प्रजाति में चोटी बेधक कीट (टॉप बोरर) का प्रकोप निरन्तर बढ़ता जा रहा है, जिस कारण गन्ना फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसकी पैदावार में इस साल भारी गिरावट देखने को मिली है। इससे कृषकों को गन्ना पैदावार में नुकसान हुआ है।

इस प्रजाति से लम्बे समय तक अच्छी उपज प्राप्त कर अधिक से अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त करने को चोटी बेधक कीट का समय से नियंत्रण करना अत्यन्त आवश्यक है। इस बारे में मवाना चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद कुमार बालियान ने कृषकों को बताया गया कि वर्तमान समय में चोटी बेधक कीट की प्रथम पीढ़ी की तितली निकलकर अण्डे दे रही है। इस कीट के प्रभावी नियत्रण के लिए अण्डे लगे पत्तियों को तोड़ना, खेत में प्रभावित गन्नों को काटकर खेत से बाहर निकालना व कोराजन का समय से प्रयोग करना जरूरी हैं। उधर चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण करते समय महाप्रबन्धक (गन्ना) कार्पोरेट अभिषेक श्रीवास्तव और उपमहाप्रबन्धक (गन्ना) एसपी सिंह ने किसानों को इस कीट की पहचान एवं नियत्रंण की जानकारी दी है।

#### कीट से प्रभावित खेत की पहचान

- कीट फरवरी मार्च माह में पत्तियों की निचली सतह पर अण्डे देते हैं।
- इनका समूह भूरे रंग के रूईनुमा बालों से ढके रहते है। इन समूहो को देखकर चोटी बेधक कीट की पहचान आसानी से की जा सकती है।
- अण्डे से निकलने वाले सूंडी गन्ने की पत्ती की मध्य शिरा से होती हुई गन्ने की शीर्ष (गोफ) में प्रवेश कर जाती है। इस कारण गन्ने की बढ़वार रूक जाती है तथा शीर्ष के निचले भाग से कल्ले निकलने लगते है।
- ऊपर की बढ़वार रूकने से गन्ने की पैदावार में भारी कमी आती है, इस कारण इस कीट का तत्काल नियंत्रण करना अत्यन्त आवश्यक है।

#### कृषकों को करने चाहिए उपाय

अण्डे लगी पत्तियों को तोड़कर खेत से बाहर निकालकर रख दें।

## चेयरमैन ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

**मवाना,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने बुधवार दोपहर वार्ड -7 मोहल्ला हीरालाल में दीपक मास्टर के मकान से तहसील मैन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य का मौके पर जाकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निस्तारण कराया। पालिका अध्यक्ष ने सम्बन्धित ठेकेदार को उक्त निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण व शीघ्रता से कार्य को पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा चेयरमैन अखिल कौशिक ने अलविदा जुम्मा व ईद के पर्व पर नगर में विशेष सफाई व्यवस्था कराए जाने के लिए कार्यालय में पालिका के सफाई नायकों के साथ बैठक कर कार्य योजना बनायी, जिसमें उन्होंने सफाई नायकों को आगामी अलविदा जुम्मा व ईद के पर्व पर नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने के आदेश दिये। धार्मिक स्थलों के आसपास कूड़ा व गंदगी नहीं फैलने चाहिए। इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



# 'निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों का सुचारू रूप से कराया जाए अनुपालन'

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों संग की समीक्षा



**मेरठ,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित मतदान, मतगणना कार्मिक व्यवस्था, माइक्रोआर्ब्जवर, कार्मिको का प्रशिक्षण, प्रेक्षक व्यवस्था, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ईवीएम, वीवीपैट, राजनैतिक दलो के साथ बैठक, निर्वाचन तैयारी का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना, कमिशनिंग, रेन्डेमाईजेशन, निर्वाचन सामग्री, मतपत्र व्यवस्था संबंधी कार्य, बैलेट पेपर प्रिन्टिंग, सीसीटीवी कैमरा, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लॉन, क्रिटीकल बूथ, बैरियर, वाहन अधिग्रहण, पोस्टल बैलेट प्लॉन, एपिक, पोलिंग बूथ, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, एमसीएमसी आदि कार्यों से संबंधित नोडल अधिकारियों को समग्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुचारू रूप से समयबद्ध संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, मुख्य कोषाधिकारी वरूण खरे, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## विनायक विद्यापीठ में विनयका आहारीका कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में गृह विज्ञान विभाग की ओर से विनयका आहारीका कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों की डिश तैयार की और उन्हें किस प्रकार से सर्विस की जाती है यह दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डोआब विलास होटल के सैफ रूपक शर्मा, विशिष्ठ अतिथि किसान इंटर कॉलेज दूल्हेरा की प्रधानाचार्य शशि, दशमेश गर्ल्स इंटर कॉलेज, कंकरखेड़ा के गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान इस दौरान विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु एवं गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष दीपिका शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुंबई छोड़कर अमेठी की वोटर बन गई स्मृति ईरानी

▪ स्वामीनाथ शुक्ल



**अमेठी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुंबई छोड़कर अमेठी की वोटर बन गई है। स्मृति ईरानी अमेठी में दस साल से किराए के घर में थी। एक महीने पहले अपने नए घर में गृह प्रवेश किया था। गांधी परिवार चालीस साल की राजनीति में अपना घर और वोटर कार्ड नहीं बनवाया था।

स्मृति ईरानी पांच साल के अंदर अमेठी में घर बनवा कर वोटर बन गई है। जिससे समर्थकों में खुशी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता ने कहा कि स्मृति ईरानी अमेठी को अपना घर मानती है। परिजनों के साथ रहने के लिए अमेठी में घर का निर्माण करवाया है। लोकसभा चुनाव के पहले गृह प्रवेश के बाद मेदन मेवई गांव में बूथ संख्या 347 की मतदाता बन गई है। इसके पहले स्मृति ईरानी महाराष्ट्र में मुंबई की मतदाता थी। मुंबई छोड़कर अमेठी की वोटर बन गई है। गुप्ता ने कहा कि स्मृति ईरानी 2019 के लोकसभा चुनाव में कहा था कि अमेठी की सांसद बनने के बाद यहां घर बनवा कर वोटर बनेगी। चुनावी वादे के मुताबिक घर और वोटर दोनों पूरे हो चुके हैं। स्मृति ईरानी के पहले राहुल गांधी तीन बार अमेठी के सांसद चुने गए थे। लेकिन अमेठी के वोटर नहीं बने थे। अमेठी की राजनीति में गांधी परिवार चालीस साल से है।

**आयोजन** — *वेंक्टेश्वरा संस्थान में 'युवा संवाद सम्मेलन-2024 का हुआ आयोजन*

# युवा के दम पर भारत बनेगा दुनिया का सिरमौर : अनुराग ठाकुर

**मेरठ, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में युवाओं का विकसित राष्ट्र एवं अखण्ड भारत निर्माण में योगदान के निमित युवा संवाद सम्मेलन-2024 का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार अनुराग ठाकुर ने युवाओं को राष्ट्र विकास की रीढ़ बताते हुए उनसे विकसित भारत निर्माण के लिए धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्रवाद एवं जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद की शपथ दिलायी।**

इसके साथ ही उन्होंने अखण्ड भारत निर्माण के लिए युवाओं से शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के पं.दीनदयाल मुख्य स्मृति द्वार पर आयोजित युवा संवाद सम्मेलन-2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री भारत सरकार अनुराग ठाकुर, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, आई.टी. सैल के प्रदेश कोर्डिनेटर नरेन्द्र भारती एवं भाजयुमों अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवा शक्ति के दम पर भारत फिर से पूरे विश्व का सिरमौर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन एवं यूरोप समेत पूरी दुनिया के लोग भारतीयों के स्वागत के लिए रेड कॉरपेट बिछा रहे हैं। ये बढ़ते हुए बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर है। उन्होंने अखण्ड भारत निर्माण के लिए उपस्थित हजारों युवाओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील भी की। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर.एस. शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार जैसवाल, डॉ. विश्वनाथ झा, एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, विशाल शर्मा, मारूफ चौधरी, मंजरी राना, एस.एस. बघेल मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने युवाओं से किया सीधा संवाद
- अखण्ड भारत निर्माण के लिए राष्ट्रवाद की शपथ दिलाई

## मतदाता पर्ची दस अप्रैल तक घरों पर पहुंच जाएगी

**मवाना,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बिजनौर लोक सभा क्षेत्र की हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में मतदाता पर्ची दस अप्रैल तक घरों तक पहुंच जाएगी। एसडीएम अंकित कुमार ने जिम्मेदारी सौंप दी है कि बीएलओ सभी मतदाताओं के घरों पर दस्तक देंगे। उधर इस विस क्षेत्र में 1826 नौकरी वाले मतदाता है। सर्विस वोटर या तो डाक मतपत्र के माध्यम से या उनके लिए नियुक्त प्रॉक्सी मतदाता के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे। हस्तिनापुर विस क्षेत्र में आने वाली 19 अप्रैल को 3,50,874 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। बीएलओ सभी मतदाताओं के घरों पर दस्तक देकर दस अप्रैल तक मतदाता पर्ची उपलब्ध कराएंगे।




देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 4 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# उप्र में क्षत्रिय समाज ने बढ़ाई भाजपा की चिंता

## गृहमंत्री अमित शाह ने मुरादाबाद में भाजपा विधायक और नेताओं को बुलाकर नाराजगी दूर करने का किया प्रयास

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षत्रिय समाज ने भारतीय जनता पार्टी की चिंता बढ़ा दी है। ठाकुर समाज में फैली हुई नाराजगी की काट ढूंढने के लिए भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने अपने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सबको पता है कि उत्तर प्रदेश में ठाकुर समाज से आने वाले योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश खासतौर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ठाकुर समाज भाजपा से नाराज बताया जा रहा है। भाजपा ठाकुरों की नाराजगी का रिस्क नहीं ले सकती है।

### टिकट ना मिलने से नाराज हैं ठाकुर समाज

उत्तर प्रदेश का ठाकुर समाज टिकट बंटवारे में नाराजगी के कारण भाजपा से नाराज बताया जा रहा है। अकेले पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां की 14 लोकसभा सीटों में से केवल मुरादाबाद की एक सीट पर ही भाजपा ने ठाकुर समाज के प्रत्याशी को टिकट दिया है। रही सही कमी ठाकुर समाज के गौरव रहे जनरल वी.के. सिंह का टिकट कटने से पूरी हो गई। ठाकुर समाज के लोग सवाल पूछ रहे हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद सीट से जनरल वी.के. सिंह का टिकट काटने का क्या कारण था ? भाजपा के नेता जनरल वी.के. सिंह का टिकट भारतीय राजनीति का चाणक्य माना जाता है। उत्तर प्रदेश में ठाकुर समाज की नाराजगी की आशंका को पहचानकर अमित शाह ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। अमित शाह ने ठाकुर समाज से जुड़े हुए सभी भाजपा नेताओं तथा विधायकों को तलब कर लिया है। बुधवार को अमित शाह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे पर है। अमित शाह उत्तर प्रदेश में एक के बाद एक चुनावी जनसभा करने के बीच ही ठाकुर समाज को भाजपा के पक्ष में बनाए रखने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। अमित शाह के निकटवर्ती सूत्रों का दावा है कि ठाकुर समाज की नाराजगी को जल्दी ही दूर कर लिया जाएगा। यह अलग बात है कि ठाकुर समाज अपने लोगों को टिकट ना मिलने को एक बड़ी राजनीतिक साजिश मानकर चल रहा है। यह साजिश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर बताई जा रही है। दरअसल देखा जाए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कई लोकसभा सीट पर राजपूत समाज का अच्छा खासा प्रभाव है। भाजपा हाईकमान ने समाज के इस प्रभाव को दरकिनार करके टिकट बंटवारे में क्षत्रिय समाज की अनदेखी की। गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट ऐसी सीट है जहां पर क्षत्रिय समाज निर्णायक भूमिका में है। भाजपा हाईकमान इसका अंदराजा नहीं लगा पाया कि क्षत्रिय समाज की अनदेखी पार्टी पर भारी पड़ने वाले हैं। क्षत्रिय समाज हमेशा भाजपा का परंपरागत वोट बैंक रहा। 2009, 2014, 2019 लोकसभा चुनाव में अन्य जातियों के वोट का धुव्रीकरण हुआ लेकिन राजपूत समाज उस समय भी भाजपा के साथ मजबूती से जुड़ा रहा। अगर भाजपा गाजियाबाद सीट से लगातार दो बार सांसद रहे जनरल वीके सिंह का टिकट का काटकर उनकी नाराजगी को और बढ़ा दिया। गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को क्षेत्र में विरोध का सामना करना पड़ा, यहां तक मुजफरनगर लोकसभा सीट से संजीव बलियान का कई गांव में विरोध हुआ। इसी तरह गौतमबुद्धनगर लोकसभा के दादरी क्षेत्र के राजपूत बहुल्य क्षेत्र साठा चौरासी, आकलपुर गांव, सिकंद्राबाद, खुर्जा आदि क्षेत्र में डॉक्टर महेश शर्मा को विरोध का सामना करना पड़ा। भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा ने बुधवार को नामांकन के दौरान जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और नोएडा विधायक पंकज सिंह को सामने लाकर एकजुटता दिखाने का प्रयास किया। अब यहां एकजुटता कब तक कायम रहेगी, जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचेगा तो उस समय देखने को मिलेगा भाजपा प्रत्याशी की एकजुटता दिखाने का प्रयास कितना कामयाब हो पाता है।



गाजियाबाद सीट से लगातार दो बार सांसद रहे जनरल वीके सिंह का टिकट का काटकर उनकी नाराजगी को और बढ़ा दिया

### पूर्वांचल में भी असर दिखाई देने लगा।

यही नहीं इस विरोध का असर धीरे-धीरे करके पूर्वांचल में भी असर दिखाई देने लगा। माना जा रहा है कि भाजपा इसी लिए गोंडा जिले के कैंसरगंज लोकसभा सीट पर अभी तक प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं कर पाया। अगर भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद ब्रजभूषण सिंह का टिकट काटा तो इसका प्रभाव आसपास की कई सीटों पर भी पड़ा सकता है। अब देखने की बात यह है कि भाजपा इनकी नाराजगी को कैसे दूर कर पाता है। वीके सिंह का टिकट काटने से उनकी जितनी नाराजगी है, सोशल मीडिया पर जिस तरह चल रहा है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री को भी बदला जा सकता है। इसका असर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दिखाई दे रहा है। इसका फायदा बसपा और सपा उठाने का प्रयास कर रही है। बसपा ने गौतमबुद्धनगर से राजपूत प्रत्याशी को टिकट दिया। बीके सिंह टिकट कटने के बाद बसपा ने पहले घोषित प्रत्याशी का टिकट काट कर वहां से राजपूत समाज का प्रत्याशी उतार दिया। ऐसे में राजपूत समाज के समाज अपनी नाराजगी का जवाब देने के लिए विकल्प मिल गया है।

# प्रचार करने आने वाले नेताओं को बताना होगा उन्होंने बिहार के लिए क्या किया : तेजस्वी यादव

**पटना,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राजद के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि चुनाव प्रचार को लेकर कई नेता आएंगे और जाएंगे, लेकिन उन्हें यह भी बताना होगा कि उन्होंने बिहार के लिए क्या किया। पटना में पत्रकारों ने जब गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के जमुई दौरे के संबंध में पूछा तो तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। लगातार वे परिवारवाद को लेकर बोलते रहे हैं और बिहार में चुनाव प्रचार की शुरुआत वे परिवारवाद के उम्मीदवार से कर रहे हैं, जो उनके उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि आप देख सकते हैं कि उनकी कथनी और करनी में कितना अंतर है। एनडीए खेमे से सबसे अधिक टिकट परिवारवाद से ही दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री हों या कोई और नेता, चुनाव प्रचार करने के लिए तो आएंगे ही, लेकिन उन्हें बताना होगा कि उन्होंने बिहार के लिए क्या किया। यहां से लोगों ने पिछले चुनाव में 39 सांसदों को जीत दिलाई थी, लेकिन क्या हुआ। उन्होंने एक बार फिर से एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा में जितने आरोपी नेता गए, उनका केस बंद कर दिया गया। पूर्णिया से पूर्व सांसद पप्पू यादव की उम्मीदवारी को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि वे पूर्णिया अपने दल के प्रत्याशी के नामांकन के लिए जा रहे हैं और वह भारी अंतर से जीतेगी।



मोदी चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। लगातार वे परिवारवाद को लेकर बोलते रहे हैं और बिहार में चुनाव प्रचार की शुरुआत वे परिवारवाद के उम्मीदवार से कर रहे हैं : तेजस्वी यादव, राजद नेता

### चर्चित सीट पूर्णिया से बीमा भारती ने दाखिल किया नामांकन, तेजस्वी यादव भी पहुंचे

बिहार की सबसे चर्चित लोकसभा सीट पूर्णिया से बुधवार को पूर्व मंत्री बीमा भारती ने बतौर राजद प्रत्याशी नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने गुरुवार को नामांकन भरने की बात कही है। जदयू से हाल में ही राजद में शामिल हुईं बीमा भारती ने नामांकन का पर्चा भरने के बाद कहा कि पूर्णिया की जनता की सेवा को लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं। यहां कई समस्याएं हैं, जिनका वह निराकरण करेंगी। नामांकन के बाद बीमा भारती सीधे रंगभूमि मैदान पहुंची, जहां महागठबंधन द्वारा आयोजित एक सभा में सम्मिलित हुईं। इस जनसभा को राजद के नेता तेजस्वी यादव और अब्दुल बारी सिद्दीकी भी संबोधित करेंगे। इस चुनाव में कांग्रेस, राजद और वामपंथी दल एक गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, पूर्णिया की तस्वीर बदली हुई है। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक रहे हैं। पप्पू यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'प्रणाम पूर्णिया सलाम पूर्णिया जोहार पूर्णिया! कल जन नामांकन है।

# शिवपाल को फिर मिला भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव

**इटावा,** 3 मार्च (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का खुला ऑफर दिया है। प्रो. कठेरिया ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि उनकी ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव को भाजपा में शामिल होने का खुला आफर दिया गया है, अगर शिवपाल सिंह यादव भाजपा में आते हैं तो उनका न केवल दिल से स्वागत किया जाएगा बल्कि जोरदार सम्मान भी किया जाएगा।



शिवपाल सिंह यादव को भाजपा में शमिल होने का खुला आफर दिया गया है, अगर शिवपाल सिंह यादव भाजपा में आते हैं तो उनका दिल से स्वागत व जोरदार सम्मान भी किया जाएगा : प्रो. रामशंकर, भाजपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होने कहा कि श्री मुलायम सिंह यादव ने बड़ी मेहनत और त्याग से जो समाजवादी पार्टी खड़ी की है, उसे उनके बेटे अखिलेश यादव ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है और इसीलिए एक के बाद एक करके यादव वर्ग के नेता अखिलेश का साथ छोड़ रहे है। अखिलेश के अंदर नेतृत्व की कोई क्षमता नहीं प्रतीत हो रही है।

उन्होंने कहा कि यादव वर्ग में खासा आक्रोश इसलिए देखा जा रहा है कि सपा की ओर से केवल सैफई के और परिवार के ही यादवों को टिकट दिए गए हैं। इसीलिए लगातार पार्टी से एक के बाद एक करके यादव नेता अलग होते चले जा रहे हैं।

# घाटी की सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उनकी पार्टी घाटी की सभी तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। महबूबा मुफ्ती ने पत्रकारों को बताया, 'उमर अब्दुल्ला ने जिस तरह से चुनाव में पीडीपी को पिछलग्गू कहकर खारिज कर दिया, उससे हम बेहद आहत हैं। उमर साहब ने यह कहकर मेरे कार्यकर्ताओं का मजाक उड़ाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) घाटी में सभी तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। उनके हिसाब से तो पीडीपी का कहीं अस्तित्व ही नहीं है।




पार्टी घाटी की सभी तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। 'उमर अब्दुल्ला ने जिस तरह से चुनाव में पीडीपी को पिछलग्गू कहकर खारिज कर दिया, उससे हम बेहद आहत हैं : महबूबा मुफ्ती, पीडीपी नेता

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पीडीपी के अधिकांश वरिष्ठ नेताओं को भाजपा ने बहका लिया है और अब उनके पास केवल उनके 'गरीब' पार्टी कार्यकर्ता बचे हैं, जो हर मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने पूछा, 'मैं उमर अब्दुल्ला द्वारा किए गए अपमान को हल्के में कैसे ले सकती हूं। उनके आदेश पर कैसे चल सकती हूं कि पीडीपी को घाटी में कोई उम्मीदवार नहीं उतारना चाहिए।' गठबंधन के प्रमुख और सबसे वरिष्ठ नेता के रूप में, पीडीपी ने लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों को मैदान में उतारने को लेकर उचित निर्णय लेने के लिए फारूक अब्दुल्ला पर भरोसा किया।

# अठारहवीं लोकसभा चुनाव में कायम रहेगा बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का जलवा



**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। विभिन्न राजनीतिक दलों ने विगत वर्षों की तरह 2024 में अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में भी बॉलीवुड सेलिब्रिटीज पर दांव लगाया है और उम्मीद है कि वे इस बार भी राजनीति के मंच पर अपनी जीत की चमक बरकरार रखेंगे।

देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) , कांग्रेस , तृणमूल कांग्रेस तथा अन्य दलों ने इस बार भी बहुत से अभिनेता-अभिनेत्रियों को दूसरी या तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारने के साथ ही कुछ कलाकारों को पहली बार मौका दिया है।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से अपने उम्मीदवार घोषित किये जाने का सिलसिला अब भी जारी है। अभी तक घोषित उम्मीदवारों की सूची में भाजपा ने सबसे ज्यादा बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को शामिल किया है। इनमें कंगना रनौत (मंडी), अरुण गोविल (मेरठ), मनोज तिवारी (उत्तर-पूर्वी दिल्ली), रविकिशन (गोरखपुर), स्मृति ईरानी (अमेठी), हेमा मालिनी (मथुरा), दिनेश यादव निरहुआ (आजमगढ़), लॉकेट चटर्जी (हुगली) और मलयालम गायक सुरेश गोपी(त्रिशूर) शामिल हैं।

वहीं तृणमूल कांग्रेस ने जिन सेलिब्रिटीज को उतारा है, उनमें पश्चिम बंगाल में शत्रुघ्न सिन्हा (आसनसोल), सायोनी घोष (जादवपुर), जून मोलिया (मेदिनीपुर) दीपक अधिकारी (घाटल), शताब्दी रॉय (बीरभूम) और रचना बनर्जी (हुगली) प्रमुख हैं। कांग्रेस की ओर से राज बब्बर तथा अन्य बॉलीवुड कलाकारों को उम्मीदवार बनाये जाने की उम्मीदें हैं।

देश के चुनावी इतिहास में ऐसे बहुत से मौके आये जब राजनेताओं ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को मात देने के लिए बॉलीवुड सेलीब्रिटीज को जरिया बनाया, वहीं इन हस्तियों ने भी चुनाव के मैदान में राजनीति के बड़े-बड़े धुरंधरों को पछाड़ा है। लोकप्रियता और प्रशंसकों की पसंदगी की बदौलत चुनावी राजनीति के परदे पर अपने जलवे बिखेरने वाली बॉलीवुड हस्तियों में अभिनेता से बने सुनील दत्त, महानायक अमिताभ बच्चन, ड्रीमगर्ल हेमा मालिनी, विनोद खन्ना, शत्रुघ्न सिन्हा, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, जयाप्रदा, राज बब्बर, गोविंदा, स्मृति ईरानी, परेश रावल, किरण खेर प्रमुख हैं।

सत्तर के दशक में बॉलीवुड की सक्रियता उस समय भी जोरों पर थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल घोषित कर दिया। अन्य क्षेत्रों की तरह मुंबईया फिल्मों के लोग भी आपातकाल के विरोध में सामने आये। 'एवरग्रीन' हीरो के नाम से मशहूर देव आनंद ने बॉलीवुड के साथी कलाकारों और समर्थकों के साथ 1977 के आम चुनाव में सरकार के खिलाफ खुलकर प्रचार किया। देव आनंद ने राजनीति में सक्रिय भागीदारी के उद्देश्य से एक नये राजनीतिक दल 'नेशनल पार्टी' का भी गठन किया , हालांकि इस पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली और बाद में इसे भंग कर दिया गया।

सिनेमा के रूपहले परदे के साथ ही राजनीति के पटल पर अपनी आभा बिखेरने वाली बॉलीवुड हस्तियों में सुनील दत्त का नाम प्रमुख है। फिल्मों के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में सुनील दत्त के योगदान को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें एक वर्ष के लिए मुंबई के शेरिफ पर नियुक्त किया। तत्कालीन दौर में पंजाब में आतंकवाद ने अपने पैर पसारे थे और ऐसे समय में उन्होंने शांति एवं सद्भाव का संदेश देने मुंबई से अमृतसर तक की पदयात्रा की, जिसमें उनकी पुत्री प्रिया दत्त ने भी कदमताल मिलाकर साथ दिया। वर्ष 1984 में सुनील दत्त कांग्रेस में शामिल हुए तथा मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट का पांच बार प्रतिनिधित्व किया। वह केंद्र की मनमोहन सरकार में खेल एवं युवा कल्याण मामलों के मंत्री रहे। उनके निधन के पश्चात रिक्त मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट के लिए 2005 में उपचुनाव हुए , जिसमें सुश्री प्रिया दत्त निर्वाचित हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सखा रहे बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन अपने मित्र का साथ देने राजनीति में उतरे और कांग्रेस में शामिल हुए। वर्ष 1984 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश में राजनीति के पुरोधा लोकदल नेता हेमवती नंदन बहुगुणा को शिकस्त देने के लिए अमिताभ को ब्रह्मास्त्र के रूप में प्रयोग किया गया और उन्हें श्री बहुगुणा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा। रील लाइफ के साथ रियल लाइफ में भी 'छोरा गंगा किनारे वाला ' की विरासती छवि और पिता हरिवंश राय बच्चन की प्रसिद्धि के साथ स्वयं के फिल्मी ग्लैमर की चकाचौंध से परिपूर्ण अमिताभ के सामने श्री बहुगुणा की राजनीतिक चमक फीकी साबित हुई और वह चुनाव हार गये।

# धनबाद में हैवीवेट उम्मीदवारों के बीच ट्रांसजेंडर सुनैना सिंह भी चुनावी दंगल में

**धनबाद,** 3 मार्च (एजेंसियां)। देश की कोयला राजधानी धनबाद में चुनावी सरगर्मी तेज़ हो गई है। एक ओर जहां भाजपा अपने दबंग बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी घोषित कर उनके लिए वोट मांग रही है, वहीं, इंडिया गठबंधन ने अब तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। लेकिन चुनाव में थर्ड जेंडर की एंट्री ने सबको चौंका दिया है। वर्तमान राजनीति में थर्ड जेंडर की भागीदारी शून्य है। जबकि एक समय ऐसा था, जब देश की पहली ट्रांसजेंडर विधायक और महापौर मध्य प्रदेश से निर्वाचित हुए थे। ट्रांसजेंडर कमला बुआ और शबनम मौसी के प्रतिनिधि बनने के बाद से ही देश में एक नई राजनीति की शुरुआत हुई थी। इन दोनों ही ट्रांसजेंडर्स ने समाज को समता, समानता का संदेश दिया था। लेकिन, बदलते वक्त ने थर्ड जेंडर को राजनीति से बाहर कर दिया, मगर इस बार झारखंड के कोयलांचल में थर्ड जेंडर की चुनावी मैदान में दावेदारी ने इनके समाज मे जान फूंक दी है। कोयलांचल के थर्ड जेंडर संघ की जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह ने इस बार लोकसभा चुनाव में ताल ठोक दी है। कल तक जो सभी को दुआएं देने वाले हाथ उठाया करती थी, उसी हाथ को मजबूत करने के मकसद से ट्रांसजेंडर समाज अपनी अध्यक्ष सुनैना सिंह राजपूत के लिए वोट मांग रहा है।



- वर्तमान राजनीति में थर्ड जेंडर की भागीदारी शून्य है
- चुनाव में थर्ड जेंडर की एंट्री ने सबको चौंका दिया

# पश्चिमी यूपी की कई सीटों पर बसपा के जाति कार्ड खेलने से मुकाबला हुआ दिलचस्प

**लखनऊ,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा के पहले चरण की कई सीटों पर बसपा के जाति कार्ड खेलने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। पश्चिमी यूपी में मायावती का एक खास वोट बैंक भी है। इसके अलावा, सपा कांग्रेस से नाराज लोगों के भी बसपा की तरफ जाने की संभावना है। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि भाजपा ने पहले चरण की आठ में से एक बिजनौर सीट रालोद को दी है। इस पर रालोद ने चंदन चौहान को उतारा है। भाजपा ने सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर अपने प्रत्याशियों पर दोबारा भरोसा जताया है। सपा और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन ने भी चुनावी मोहरे सोच समझकर चले हैं। लेकिन बसपा ने बहुत सही गणित लगाकर मुकाबलों को दिलचस्प बना दिया है। पश्चिम की कई ऐसी सीटें है जहां पर बसपा की स्थिति मजबूत है। कैराना सीट से भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने कैराना से लगातार तीसरी बार मौजूदा विधायक चौधरी नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी की घोषणा की है। उनके परिवार का राजनीतिक रसूख ठीक ठाक है। बसपा की तरफ से श्रीपाल राणा मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला इस बार प्रदीप, इकरा और श्रीपाल राणा के बीच ही है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक अमोदकांत मिश्रा का कहना है कि पश्चिमी यूपी मायावती का गढ़ आज से नहीं जमाने से है। अगर चुनावी ट्रैक को देखें तो बिजनौर और आस पास की सीटों पर उनका वर्चस्व रहा है। उन्होंने बताया कि बिजनौर में मायावती का उम्मीदवार सबसे ज्यादा ताकतवर लग रहा है। बिजनौर सीट पिछली बार भाजपा हार गई थी। लेकिन इस बार यह सीट गठबंधन कोटे में रालोद के हिस्से में चली गई। 2019 में यहां से बसपा जीती थी। बसपा की तरफ से चौधरी विजेंद्र सिंह इस बार उतरे हैं।



### बसपा ने 12 उम्मीदवारों का किया ऐलान राजनाथ सिंह के खिलाफ मैदान में सरवर मलिक

बसपा की घोषित सूची के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ लखनऊ से सरवर मलिक के अलावा गाजियाबाद से नंदकिशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार बंटी उपाध्याय, मथुरा से सुरेश सिंह को मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा मैनपुरी से डॉ. गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकी जी, उन्नाव से अशोक पांडेय, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशांबी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदु चौधरी, मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

# बिहार में खोई 'सियासी जमीन' पर 'लाल झंडा' लहराने के बेताब वामदल के पांच 'सूरमा'

**पटना,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के घटक वाम दल के पांच 'सूरमा' करीब 25 साल से खोयी हुयी 'सियासी जमीन' पर ' लाल झंडा ' लहराने के लिए बेताब है।

वर्ष 1999 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में बिहार से वामदलों का कोई प्रत्याशी संसद नहीं पहुंचा है। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में वामदल में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने 09, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने दो सीट, और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) ने 23 सीट पर चुनाव लड़ा था। भागलपुर से माकपा प्रत्याशी सुबोध राय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभास चंद्र तिवारी को पराजित कर लोकसभा पहुंचे थे। इस चुनाव में भाकपा और भाकपा माले को कोई सीट नहीं मिली। माकपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सुबोध राय अंतिम वामदल के सांसद थे। इसके बाद वर्ष 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी वामदल का खाता बिहार में नहीं खुला। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों में तालमेल के तहत कांग्रेस नौ, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, और वाम दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। वामदल में शामिल (भाकपा-माले) आरा, काराकाट और नालंदा, (भाकपा) बेगूसराय और (माकपा) खगड़िया सीट से चुनाव लड़ेगी। भाकपा माले ने आरा संसदीय क्षेत्र से भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा से विधायक सुदामा प्रसाद, काराकाट से पूर्व विधायक राजा राम सिंह और नालंदा संसदीय क्षेत्र से पटना जिले के पालीगंज से विधायक संदीप सौरभ को अपना उम्मीदवार बनाये जाने का ऐलान किया। इसी तरह बेगूसराय सीट पर भाकपा ने बेगूसराय जिले की बछ्वाड़ा सीट से तीन बार जीते पूर्व विधायक अवधेश राय को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है जबकि खगड़िय सीट से माकपा ने पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह के पुत्र और विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार के भाई संजय कुमार चुनाव लड़ेंगे। संजय कुमार खगड़िया से माकपा के जिला सचिव हैं। संजय कुमार पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार की चुनावी रणभूमि में यदि वामदल के योद्धा राजग घटबंधन में शामिल राजनेताओं को परास्त करने में सफल रहे तो तो वे 25 बाद बिहार में खोयी हुयी सियासी जमीन पर वामदल का 'लाल झंडा' बुलंद करने में सफल हो जायेंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन में सीटों में तालमेल के तहत राष्ट्रीय जनता दल को 20, कांग्रेस को नौ, उपेन्द्र कुश्वाहा की पार्टी (राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) को पांच, मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को तीन और जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को तीन सीट मिली थी। राजद ने अपने कोटे से एक सीट आरा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी- लेनिनवादी) को दी थी। भाकपा और माकपा महागठबंधन से बाहर थी। भाकपा माले ने आरा के अलावा सीवान, काराकाट और जहानाबाद में अपने उम्मीदवार उतारे थे। भाकपा ने बेगूसराय और पूर्वी चंपारण में जबकि माकपा ने उजियारपुर में अपने प्रत्याश उतारे। वामदल के सात प्रत्याशी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उतरे थे लेकिन बिहार की चालीस सीटों में किसी भी सीट पर वामदलों का खाता नहीं खुल पाया। वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में भाकपा ने दो सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे लेकिन दोनों को हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1957 में हुये दूसरे लोकसभा चुनाव में भाकपा के 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे लेकिन सभी को पराजय का सामना करना पड़ा।1962 के लोकसभा चुनाव में पहली बार बिहार से वामदल का खाता खुला। पहली बार अविभाजित बिहार की जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाकपा के उदयकर मिश्रा ने कांग्रेस प्रत्याशी एन.सी.मुखर्जी को पराजित कर चुनाव जीता। इस चुनाव में भाकपा ने बिहार से 16 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें जीत सिर्फ जमशेदपुर में ही हुयी।

वर्ष 1964 में ज्योति बसु, हरकिशन सिंह सुरजीत समेत अन्य नेताओं ने भाकपा से अलग होकर माकपा का गठन किया था। वर्ष 1967 में भाकपा ने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें 05 सीट केसरिया, जयनगर ,बेगूसराय,पटना और जहानबाद पर उसने जीत हासिल की।वर्ष 1967 में माकपा ने बिहार में दो प्रत्याशी चुनावी रणभूमि में उतारे लेकिन दोनों को पराजय मिली। वर्ष 1971 में भाकपा के टिकट पर 17 सीट पर उम्मीदवार लड़े ,जिसमें पांच सीट केसरिया, जयनगर, जमुई (सु),पटना और जहानाबाद के प्रत्याशी लोकसभा पहुंचने में सफल हुये। वहीं माकपा ने चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन सभी को पराजय का सामना करना पड़ा।



- 1999 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में बिहार से वामदलों का कोई प्रत्याशी संसद नहीं पहुंचा
- वर्ष 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी वामदल का खाता बिहार में नहीं खुला

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 1.97 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.67 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.56 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.51 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.41 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.62 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.43 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.35 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.16 प्रतिशत |
| बजाज फिन सर्व | 1.08 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 69,640 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# अडाणी ग्रीन एनर्जी बनी 10 हजार मेगावाट से अधिक रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन करने वाली भारत की पहली कंपनी

**अहमदाबाद,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) 10 हजार मेगावाट से अधिक रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। यह जानकारी बुधवार को कंपनी की ओर से दी गई। एजीईएल की ओर से उत्पादित 10,934 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी से 5.8 मिलियन से अधिक घरों को बिजली मिलेगी। यह सालाना लगभग 21 मिलियन टन कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन को भी रोकेगा।

अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने कहा कि हमें रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत का पहला 'दस हजारी' होने पर गर्व है।

अडाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन ने कहा कि एक दशक से भी कम समय में अडाणी ग्रीन एनर्जी ने न केवल एक हरित भविष्य की कल्पना की है, बल्कि इसे साकार भी किया है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए 10 हजार मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करने की क्षमता हासिल की है। इसमें 7,393 मेगावाट सौर ऊर्जा, 1,401 मेगावाट पवन ऊर्जा और 2,140 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा शामिल है। यह मील का पत्थर भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनियों में से एक एजीईएल और उसके साझेदारों की स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो 2030 तक 45 हजार गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं।



- 10,934 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी से 5.8 मिलियन से अधिक घरों को मिलेगी बिजली

हमें रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत का पहला 'दस हजारी' होने पर गर्व है : गौतम अडाणी

गौतम अडाणी ने कहा कि यह उपलब्धि उस तेजी और पैमाने का प्रदर्शन है, जिस पर अदाणी समूह का लक्ष्य भारत को स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा की ओर ले जाना है। गौरतलब है कि कंपनी गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बंजर भूमि पर 30 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी परियोजना विकसित कर रही है। 538 वर्ग किमी की इस परियोजना का आकार पेरिस के आकार से पांच गुना और लगभग मुंबई शहर जितना बड़ा है।

## विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत किया





**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने कहा है कि वित्त वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वर्ल्ड बैंक ने पहले के अनुमान में 1.2 प्रतिशत तक संशोधन किया है। नया अनुमान अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान देश की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के बाद आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जनवरी-मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत की विकास दर से बढ़ने की राह पर है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025 में विकास दर धीमी होकर 6.6 प्रतिशत हो जाएगी। मध्यम अवधि में, भारत में राजकोषीय घाटा और सरकारी ऋण में गिरावट का अनुमान है, जो मजबूत जीडीपी वृद्धि से समर्थित है। 2 अप्रैल को जारी अपने नवीनतम अपडेट में विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया के लिए स्वस्थ विकास दर की भविष्यवाणी की, जिसका श्रेय मुख्य रूप से भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था को जाता है। रिपोर्ट बताती है कि 2025 में 6.1 प्रतिशत की अनुमानित विकास दर के साथ अगले दो वर्षों तक दक्षिण एशिया सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बनेगा। बांग्लादेश में 2024-25 में उत्पादन में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। उधर श्रीलंका की जीडीपी में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

## फोनपे ने की स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। फोनपे ने आज ग्राहकों को मासिक और सालाना भुगतान के विकल्पों के साथ हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की ।

इस साझेदारी से, अब फोनपे ऐप पर यूजर एक करोड़ रुपए तक के कवरेज वाला 'स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी' ले सकेंगे। पहले अपने मोटर इंश्योरेंस प्रोडक्ट के साथ बाज़ार में खूब सफल होने के बाद, इस लॉन्च से फोनपे ने हेल्थ इंश्योरेंस केटेगरी में अपने यूजर के लिए नए विकल्प पेश किए हैं। इस साझेदारी के ज़रिए, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस को ग्राहकों के लिए पहली बार मासिक प्रीमियम पेमेंट प्लान के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। यह इस इंडस्ट्री में फोनपे की ओर से लाया गया अपने तरह का पहला प्लान है।

यूजर यूपीआई ऑटोपे मैंडेट के साथ अपने प्रीमियम के पेमेंट का विकल्प भी चुन सकते हैं और सुविधाजनक अनुभव का लुत्फ़ उठा सकते हैं। यह कदम इस ज़रूरी विचार को ध्यान में रखकर लिया गया था कि हर महीने छोटे पेमेंट से यूजर का फाइनेंशियल बोझ कम किया जा सकता है और वे अपना खर्चा बढ़ाए बिना ज़्यादा बेहतर इंश्योरेंस कवरेज चुनने के लिए सशक्त और सक्षम बन सकते हैं।




- फोनपे ऐप पर यूजर एक करोड़ रुपए तक के 'स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस' ले सकेंगे

स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी सबसे लोकप्रिय फायदों जैसे ओपीडी और मेटरनिटी कवरेज वाली एक पावर-पैक इंश्योरेंस प्लान है। हेल्थ इंश्योरेंस खरीदते समय ये दो सुविधाएं ग्राहकों की पसंदीदा हैं।

## बाजार में खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जबरदस्त तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 112 रिंगिट उबलकर 4576 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.37 सेंट की तेजी के साथ 48.97 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

## मारुति सुजुकी ने बनाए तीन करोड़ वाहन

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां।) यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 3 करोड़ से अधिक वाहनों का संचयी उत्पादन करने की घोषणा की है।

इस उपलब्धि में कंपनी के गुरुग्राम, मानेसर (हरियाणा में) और हंसलपुर (गुजरात में) विनिर्माण संयंत्रों में किया गया उत्पादन शामिल है। दिसंबर 1983 में उत्पादन शुरू होने के बाद से रिकॉर्ड 40 वर्ष और 4 महीने में सभी सुजुकी उत्पादन बेस के बीच, भारतीय परिचालन यह उपलब्धि सबसे तेज गति से हासिल करने में सफल रहा। जहां कंपनी के हरियाणा स्थित संयंत्रों में 2.68 करोड़ से अधिक वाहनों का निर्माण किया गया है, वहीं एमएसआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुजुकी मोटर गुजरात में 32 लाख से अधिक वाहनों का उत्पादन किया गया है। देश में मोबिलिटी क्रांति की शुरुआत करने वाले प्रतिष्ठित एम800 ने 29 लाख से अधिक इकाइयों के साथ इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य शीर्ष योगदानकर्ताओं में ऑल्टो 800, ऑल्टो10, स्विफ्ट, वैगनआर, डिज़ायर, ओमनी, बलेनो, ईको, ब्रेज़ा और अर्टिगा जैसे सफल मॉडल शामिल हैं।




- कंपनी ने 1987 में शुरू किया था निर्यात
- भारत से वाहन निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान

कंपनी ने 1987 में निर्यात शुरू किया और आज भारत से कुल वाहन निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान करती है। इस उपलब्धि को ग्राहकों के प्यार और स्नेह को समर्पित करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा कि हम अपने ग्राहकों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने 1983 में विनिर्माण शुरू करने के बाद से साल दर साल हमारे उत्पादों के प्रति अपना विश्वास बनाए रखा है। इन वर्षों में, हम अपने कार्यबल और मूल्य श्रृंखला भागीदारों के निरंतर सहयोग के साथ उत्पादन को अधिकतम बनाने में सक्षम हुए हैं, जिन्होंने हमें ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद बनाने में मदद की है।


# आठ समूहों में बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट जारी

- सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 पर
- निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 पर बंद
- मझौली व छोटी कंपनियों में दूसरे दिन भी रही तेजी

**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और सर्विसेज समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार का फिसलना आज लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में आज लगातार दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी रही, जिससे मिडकैप 0.61 प्रतिशत उछलकर 40,670.70 और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,556.08 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3965 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2798 में तेजी जबकि 1054 में गिरावट रही वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 30 कंपनियों में बिकवाली जबकि 20 में लिवली हुई। बीएसई के आठ समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे रियल्टी 2.45, सीडी 0.13, एफएमसीजी 0.27, हेल्थकेयर 0.10, ऑटो 0.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.23, धातु 0.05 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत गिर गए। वहीं, वित्तीय सेवाएं 0.45, इंडस्ट्रियल्स 0.48, आईटी 0.78, यूटिलिटीज 1.45, तेल एवं गैस 0.43, पावर 1.20 और टेक समूह 0.73 प्रतिशत मजबूत रहा।




विदेशी बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.40, जापान का निक्केई 0.97, हांगकांग का हैंगसेंग 1.22, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.68 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.18 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.32 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 147 अंक टूटकर 73,757.23 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,540.2 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में नेस्ले इंडिया 2.62, कोटक बैंक 1.43, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.35, टाइटन 1.16, बजाज फिन सर्व 1.08, इंडसइंड बैंक 0.98, रिलायंस 0.97, मारुति 0.87, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.86, टाटा स्टील 0.64, एलटी 0.64, आईसीआईआई बैंक 0.39, अल्ट्रासिमको 0.34, सन फार्मा 0.20, इंफ़ोसिस 0.17 और आईटीसी 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एनटीपीसी 1.97, टीसीएस 1.67, टेक महिंद्रा 1.56, एक्सिस बैंक 1.51, भारती एयरटेल 1.41, बजाज फाइनेंस 1.38, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.67, एचसीएल टेक 0.48, पावरग्रिड 0.48, एसबीआई 0.47, टाटा मोटर्स 0.47, विप्रो 0.45, एचडीएफसी बैंक 0.18 और एशियन पेंट के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

## अम्बर ग्रुप को एसी कल-पुर्जा पीएलआई योजना के तहत काम करने की मंजूरी

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबर समूह को देश में विनिर्माण उद्योग को प्रोत्साहित करने की केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की योजना - पीएलआई योजना के तहत एयर कंडीशनरों के कल पुर्जों को निर्मित करने की मंजूरी मिल गयी है।

समूह की विज्ञप्ति में अंबर समूह के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसबीर सिंह के हवाले से कहा गया है कि पीएलआई योजना ने भारतीय उपभोक्ता उपकरण विनिर्माण उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की प्राप्ति में सहायक रही है। इसकी शुरुआत से ही यह योजना एयरकंडीशनर के घरेलू निर्माण क्षमता को बढ़ावा दिया है। कंपनी ने कहा कि पीएलआई योजना के आने के बाद भारत में एसी के कल पुर्जों की विनिर्माण क्षमता 2021 के 25 प्रतिशत की तुलना में बढ़ कर 45 प्रतिशत हो गई है। इस पीएलआई योजना के लिए मंजूरी के साथ, अंबर समूह अब वित्त वर्ष 2028 की निर्धारित समय सीमा के भीतर एयर कंडीशनर और इसके घटकों के उत्पादन में स्थानीय मूल्यवर्धन 75 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ अपनी विनिर्माण क्षमता को वैश्विक स्तर पर ले जाने की अच्छी स्थिति में है।

### सार संक्षेप

## सोने की मांग बढ़ने से कीमतों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** भारत में सोने की कीमत बुधवार को एमसीएक्स पर 69,640 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। मध्य एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव व रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सुरक्षित निवेश के लिए सोने की मांग बढ़ने के कारण इसकी कीमतों में तेजी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, पहले सत्र में 2,288.09 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद सुबह के कारोबार में हाजिर सोना 0.2 प्रतिशत बढ़कर 2,283.76 डॉलर प्रति औंस पर था। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 10.8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और लगातार सातवें दिन इसमें बढ़ोतरी हुई। कामा ज्वेलरी के संस्थापक एमडी कॉलिन शाह ने कहा कि सोने की कीमतों में वृद्धि जारी है और आज यह एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया। आगामी दिनों में भी इसकी कीमतों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सोने की कीमतों में बढ़ोतरी का एक प्रमुख कारण यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती भी है। इसके चलते लोगों ने सोने में निवेश को सुरक्षित माना।

## गुलमर्ग गोंडोला केबल कार परियोजना से एक साल में 110 करोड़ की कमाई

**श्रीनगर।** पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए गुलमर्ग की रिसॉर्ट गोंडोला केबल कार परियोजना ने वित्त वर्ष 2023-2024 में दस लाख से अधिक पर्यटकों और स्थानीय लोगों को ले जाकर 110 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट पर्यटकों के लिए पसंदीदा जगह बनी हुई है। गोंडोला केबल कार परियोजना स्की रिसॉर्ट में आने वाले लोगों के लिए एक बड़ा आकर्षण है। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट हैंडल पर कहा कि गुलमर्ग गोंडोला नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1 मिलियन से अधिक पर्यटकों ने गुलमर्ग गोंडोला केबल कार की सवारी की। राजस्व 110 करोड़ से अधिक हो गया।

## अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री 7 अप्रैल तक लाइव रहेगी

नई दिल्ली। अमेजन डॉट इन के होम शॉपिंग स्ल्लप्री के संग इस गर्मी के मौसम में अपने लिविंग स्ल्लपेस को नया जीवन दें, जो आपके लिए उत्पादों के विशाल सलेक्ल्लशन पर ढेर सारे आकर्षक ऑफर की पेशकश करता है। नई डेकोर, रसोई के सामान, आउटडोर एसेंशियल्ल्लस की दुनिया से रुबरु होने के लिए तैयार हो जाइए। 4 से 7 अप्रैल 2024 तक, ग्राहक अर्बन कंपनी, अगारो, रॉयल एनफील्ड, सोलिमो, एक्कागार्ड और कई अन्य मशहूर ब्रांड पर शानदार डील का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक होम, किचन और आउटडोर पर 1000 रुपये तक की अतिरिक्त 10 प्रतिशत कूपन डिस्ल्लकाउंट के साथ महीने के सबसे कम दाम पर उत्ल्लपाद खरीद सकते हैं, द बेटर होम, बर्गनर, कैंडेस, बीएसबी होम और कई अन्य मशहूर ब्रांड पर शानदार डील्ल्लस का लाभ उठाएं, ग्राहक एचडीएफसी बैंक ईएमआई कार्ड पर 1000 रुपये तक का 10त्न इंस्ल्लटेंट बैंक डिस्ल्लकाउंट प्राप्त कर सकते है ।

## शिक्षा सशक्तिकरण की राह पर यामाहा

नोएडा 3 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड (आईवायएम) ने आज यूपीएस खोदना खुर्द, ब्ल्ललॉक बिशरख, जीबी नगर, उत्तर प्रदेश में स्कूल की एक नई इमारत के उद्घाटन का जश्न मनाया। यह शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के प्रति यामाहा की प्रतिबद्धता में एक महत्ल्लवपूर्ण उपलब्धि है। यामाहा की कॉर्पोरेट सोशल रिस्ल्लपॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत की गई यह पहल शैक्षणिक इंफ्रास्ल्लट्रक्ल्लचर को बेहतर बनाने और हमारे देश के युवाओं के लिये एक बेहतर भविष्ल्लय की राह तैयार करने में कंपनी के समर्पण को दर्शाता है।




इस प्रोजेक्ल्लट की शुरूआत जुलाई 2023 में की गई थी। पांच महीनों के कड़े परिश्रम और प्रयासों के साथ दिसंबर 2023 में इस इमारत का निर्माण पूरा किया गया। इसे बनाने में 47 लाख रुपये खर्च हुये। यह सुनिश्चित करने में कि चार शिक्षकों के साथ 100 विद्यार्थियों को यहां पर रहने में कोई परेशानी न हो और उन्ल्लहें शिक्षा एवं विकास के लिये एक समावेशी परिवेश उपलब्ल्लध कराया जा सके, कंपनी ने इसके निमार्ण में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# यूपी में नगर निगमों ने राजस्व संग्रह में की 133 फीसद की वृद्धि

**लखनऊ,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग के अंतर्गत नगर निगमों द्वारा कुल कर और राजस्व संग्रह में वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 133 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में कुल राजस्व संग्रह 2340.35 करोड़ रुपए था, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 3102.08 करोड़ रुपए हो गया है। नगर निगमों ने कर राजस्व, विज्ञापन, दुकान किराया, नामांतरण, डॉग लाइसेंस, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन संग्रह और फूड वैन-कैंटीन यूजर चार्जेज जैसे विभिन्न टाइटल्स के अंतर्गत अपने राजस्व में वृद्धि दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत वर्ष नगर निगमों में बोर्ड के गठन के बाद सभी महापौर के साथ बैठक में राजस्व संग्रह बढ़ने के लिए कदम उठाने को कहा था।

सूत्रों के अनुसार कर राजस्व में, नगर निगमों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,585.59 करोड़ रुपए का संग्रहण किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 124.8 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। विज्ञापन मद के अंतर्गत, राजस्व 7,817.08 लाख रुपए तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। दुकान किराया से संग्रहण 3,174.74 लाख रुपए रहा, जबकि नामांतरण से 7,446.26 लाख रुपए संग्रहित किए गए। कुत्ते के लाइसेंस के तहत राजस्व 85.62 लाख रुपए रहा।

नगर विकास विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार

- वित्त वर्ष 2022-23 में कुल राजस्व संग्रह 2340.35 करोड़ रुपए था
- वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 3102.08 करोड़ रुपए हो गया

सिंगल यूज प्लास्टिक बैन संग्रह से 716.10 लाख रुपए और फूड वैन/कैंटीन यूजर चार्जेज से 2722.63 लाख रुपए का संग्रहण किया गया। उन्होने बताया कि राजस्व संग्रह में इस वृद्धि का श्रेय विभाग द्वारा अपनाई गई नीतियों और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग को दिया जा सकता है।

विभाग ने संपत्ति कर संग्रह और बिल भुगतान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग पर बल दिया है। इसके अलावा, विभाग ने राजस्व संग्रह में सुधार के लिए क्षेत्र-वार निगरानी भी शुरू की है। इसके साथ, विभाग ने जीआईएस आधारित सर्वेक्षण की तकनीक का उपयोग करते हुए राजस्व संग्रह में सुधार के लिए क्षेत्र-वार निगरानी भी शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए विभाग ने कई स्ट्रेटजी अपनाई हैं।

# खेल जगत

## बांग्लादेश दौरे पर जाएगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 28 अप्रैल से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पांच मैचों के दौरे का शेड्यूल जारी किया है। टीमें 28 अप्रैल से 9 मई के बीच पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगी और सभी मैच सिलहट में होंगे। पांच में से तीन मैच डे-नाइट खेले जाएंगे, जो सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। बाकी दो दिन के मैच हैं जो बाहरी स्थल पर होंगे। यह श्रृंखला इस साल के अंत में बांग्लादेश में खेले जाने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए दोनों टीमों की तैयारी में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# धवन व गिल होंगे आज आमने–सामने

## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कौन मारेगा बाजी, धवन की परीक्षा लेंगे शुभमन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस को ट्रेड किए जाने पर नए कप्तान नौजवान शुभमन गिल की अगुआई में पिछली उपविजेता गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 क्रिकेट सीजन का आगाज पांच बार चैंपियन रह चुकी मुंबई इंडियंस को अपने अहमदाबाद के मैदान पर छह रन से हरा कर अगले मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से उसके घर में 63 रन से हारने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में सात विकेट से हरा फिर जीत की राह पर लौट चुकी है। गुजरात टाइटंस अब बृहस्पतिवार को अपने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने चौथे मैच में पंजाब किंग्स को हरा अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के मकसद से उतरेगी। पंजाब किंग्स ने मौजूदा संस्करण में अपने घर मोहाली में दिल्ली कैपिटल्स पर चार विकेट से जीत से आगाज करने के बाद अगला मैच आरसीबी से बेंगलुरु में चार विकेट से हारने के बाद पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंटस से लखनऊ में 21 रन से हार चुकी है। गुजरात टाइटंस ने अब तक आईपीएल में पंजाब किंग्स से तीन में से दो मैच जीते हैं और एक हारा है। इन तीन में से दो में फैसला जिस तरह अंतिम ओवर में हुआ उसके मद्देनजर गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच बृहस्पतिवार को भी अहमदाबाद में बेहद रोचक मुकाबले की आस है।



आईपीएल 2024

■ गुजरात और पंजाब किंग्स में रोचक मुकाबले की आस

■ मोहित व राशिद की मौजूदगी में दमदार है गुजरात का गेंदबाजी

बतौर कप्तान शुभमन गिल की खुशकिस्मती है कि गुजरात टाइटंस के पास चीफ कोच आशीष नेहरा के रूप में ऐसा पथ प्रदर्शक है जो उसे मुश्किल घड़ी में मैदान से बाहर प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए बराबर बल्लेबाजी और गेंदबाजी की बिसात बिछा कर उसे मात देने का जतन करने में लगा रहता है। हार्दिक पांड्या के गुजरात टाइटंस छोड़ अब मुंबई इंडियंस से बतौर कप्तान जुड़ने और एड़ी के ऑपरेशन के बाद फिट होने में जुटे अपने तुरुप के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के उपलब्ध न होने के बावजूद खासतौर पर शुरू के और आखिर के मारधाड़ वाले ओवर में सटीक दिशा से गेंदबाजी कर पांच विकेट चटका मौजूदा सीजन में विकेट लेने में दूसरे स्थान पर चल रहे तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के साथ अब तक तीन तीन मैचों में तीन तीन विकेट चटका चुके तेज गेंदबाज अजमत उल्लाह उमरजई व उमेश यादव और दुनिया के सबसे खतरनाक लेग स्पिनर राशिद खान के साथ नूर अहमद, तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर जैसा विकेट चटकाने की कला में माहिर स्पिनरों की मौजूदगी में गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण धारदार दिखाई देता है।

पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी मौजूदा सीजन में उसके लिए तीन मैचों में एक अर्द्धशतक सहित कुल 137 रन बनाने में सबसे आगे चल रहे कप्तान शिखर धवन, एक अर्धशतक सहित तीन मैचों में उसके लिए एक अर्द्धशतक सहित कुल 86 रन बना दूसरे नंबर पर चल रहे सैम करेन के साथ पिछले मैच में अपने कप्तान व सलामी जोड़ीदार शिखर धवन के साथ शतकीय भागीदारी करने वाले जॉनी बैरिस्टो पर निर्भर करेगी। पंजाब किंग्स के लिए लियाम लिविंगस्टोन और प्रभसिमरन मैदान पर उतर कर तेजी से आगाज करने में जरूर सफल रहे हैं लेकिन उसे बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहने के टीम को पिछले मैच में हार झेलनी पड़ी है। पंजाब किंग्स के पास बेशक विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा है लेकिन शुरू के तीन मैचों में उनका बल्ला खामोश ही रहा है। खासतौर पर गुजरात टाइटंस के लिए शुरू के ओवर में उमेश यादव और अजमतुल्लाह उमरजई, स्पेंसर जॉनसन और उमेश यादव जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति ने शुरू मे प्रतिद्वंद्वी टीम के विकेट चटकाए है तो आखिर के ओवर में मोहित ने गजब के नियंत्रण के साथ धार और रफ्तार दिखाकर तथा बीच के ओवरों में लेग स्पिनर राशिद खान और नूर अहमद ने जिस बढ़िया नियंत्रण से गेंदबाजी की है इसके मद्देनजर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को उनके खिलाफ जोश के साथ होश भी दिखाना होगा। दरअसल पंजाब किंग्स के शिखर और बैरिस्टो की सलामी जोड़ी को गुजरात टाइटंस के उमरजई और उमेश ने आउट कर जल्दी पैवेलियन लौटा दिया तो फिर उसके लिए बड़ा स्कोर खड़ा करना बड़ी चुनौती बन जाएगा। गुजरात टाइटंस के लिए शुरू के तीन मैचों में कुल सबसे ज्यादा 127 रन सई सुदर्शन ने बनाए जबकि मध्यक्रम में डेविड मिलर ने एक 44 रन की तेज पारी जरूर खेली है लेकिन कप्तान शुभमन गिल (कुल 75 रन) और उनके सलामी जोड़ीदार रिद्धिमान साहा(कुल 65 रन) अच्छे आगाज को बड़े स्कोर में बदल नहीं पाए है। यदि केन विलियमसन पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार के मैच के लिए फिट हो गए तो फिर गुजरात टाइटंस को जरूरी संतुलन मिल जाएगा।



## शिवम मावी हुए आईपीएल से बाहर

**लखनऊ,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोट के कारण आईपीएल 2024 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि, लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी ने अभी तक मावी के प्रतिस्थापन का खुलासा नहीं किया है। वह सीज़न के लिए टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, इसलिए हम और साथ ही शिवम निराश हैं कि उसका सीजन इतनी जल्दी समाप्त हो गया। फ्रेंचाइजी शिवम का समर्थन करना जारी रखेगी और उसकी



रिकवरी प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। एलएसजी के बयान में कहा गया है, हम उनकी शीघ्र और पूर्ण वापसी की कामना करते हैं और हमें यकीन है कि वह अधिक फिट और मजबूत होकर वापसी करेंगे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो 2023 में गुजरात टाइटन्स के साथ थे, दिसंबर में नीलामी के बाद 6.4 करोड़ रुपये में एलएसजी में शामिल हो गए। प्री–सीजन से कैंप का हिस्सा रहे मावी ने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला था। मैं इसे बहुत मिस करूंगा। मैं चोट के बाद यहां आया था और सोचा था कि मुझे टीम के लिए मैच खेलने का मौका मिलेगा। लेकिन दुर्भाग्य से, मुझे जाना होगा, क्योंकि मुझे चोट लग गई है। एलएसजी द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में मावी ने कहा कि इसके लिए एक क्रिकेटर को मानसिक रूप से मजबूत होना होगा। यदि आपको इस तरह की चोट है, तो आप कैसे वापसी करेंगे और आप इसकी देखभाल कैसे करेंगे। हमारे पास यहां एक बहुत अच्छी टीम है। एलएसजी, वर्तमान में दो मैचों में जीत के साथ चौथे स्थान पर है, 7 अप्रैल को बीआरएसएबीवी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस की मेजबानी करेगा।

## बेन स्टोक्स का पुरुष टी-20 विश्व कप से बाहर होना कोई बड़ा आश्चर्य नहीं है : माइकल आथर्टन



**लंदन,** 3 अप्रैल (एजेंसियां) इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने कहा है कि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भाग लेने से खुद को बाहर करना कोई बड़ा आश्चर्य नहीं है, क्योंकि घुटने की सर्जरी से रिकवरी अभी भी जारी है। स्टोक्स ने कहा कि वह नहीं चाहते कि पुरुष टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में चयन के लिए उनके नाम पर विचार किया जाए, जो 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में होगा। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान इंग्लैंड द्वारा जुलाई से वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने पर होगा।

पुरुष टी20 विश्व कप

मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ा आश्चर्य है क्योंकि 50 ओवर के विश्व कप के लिए उनके ऑपरेशन और घुटने की चोट से उबरने में पहले ही देरी हो चुकी है। उन्हें निश्चित रूप से चुना जाता। वह टेस्ट टीम में एक ऑलराउंडर के रूप में वापसी करना चाहते हैं लेकिन इंग्लैंड के लिए भी 2025 बहुत महत्वपूर्ण है जब वे घरेलू मैदान पर भारत से और फिर एशेज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे। स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट पर आथर्टन ने कहा कि तीनों प्रारूपों में से टी20 प्रारूप, क्योंकि यह खेल का सबसे छोटा प्रारूप है और इसमें खिलाड़ियों के पास अपनी छाप छोड़ने का सीमित मौका होता है, यह इंग्लैंड के लिए सबसे कम मूल्यवान है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड अपनी टी20 और 50 ओवर की टीम में कुछ नया खून भरने के लिए शुरुआत करेगा। स्टोक्स ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद अर्धशतक बनाया और इंग्लैंड को पाकिस्तान को हराकर एमसीजी में 2022 पुरुष टी20 विश्व कप खिताब जीतने में मदद की। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने ट्रॉफी के खिताब की रक्षा के लिए स्टोक्स की अनुपस्थिति को एक बड़ा झटका बताया। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है लेकिन यह थोड़ा झटका है। आप अपने बड़े खेल वाले खिलाड़ियों को चाहते हैं।

# मयंक यादव की रफ्तार से आईपीएल में सभी अचंभित

**बेंगलुरु,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। पहले दो आईपीएल मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच, आईपीएल में सबसे अधिक लगातार 155 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से गेंद, लीग के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद (156.7 किमी प्रति घंटा)। 21 साल के मयंक यादव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जिताऊ स्पैल डालने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इसको दोहराया। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेकर बेहतरीन स्पैल डाला, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन के विकेट शामिल थे।

ये ऐसे बल्लेबाज़ हैं,जो ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर खेलने के आदी हैं, वहीं एक विकेट रजत पाटीदार का भी इसमें शामिल था। मैच के बाद मयंक ने कहा कि दो मैचों में दो प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड लेकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं इससे अधिक खुश हूं कि हम दोनों मैच जीते। मेरा लक्ष्य देश के लिए काफ़ी वर्षों तक अच्छा करना है, जितना मैं कर सकूं। यह बस शुरुआत है मेरा फोकस मेरे मुख्य लक्ष्य पर है। मयंक ने कहा कि उनका पसंदीदा विकेट ग्रीन का था जो एक तेज़ गेंद पर बीट होकर बोल्ड हो गए और गेंद स्टंप्स से लगकर वन बाउंस बाउंड्री तक पहुंची। मयंक ने कहा कि आपको इस गति से गेंदबाज़ी करने के लिए कुछ चीज़ों की ज़रूरत होती है, जैसे डाइट, सोना और ट्रेनिंग। अगर आप इस गति से गेंदबाज़ी करना चाहते हो तो आपको हर चीज़ में सटीक होना जरूरी है। मेरा फोकस मेरी डाइट पर है और साथ ही मेरी रिकवरी पर भी जिसमें आइस बाथ शामिल है। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल कीपिंग कर रहे थे और उन्होंने कहा कि मयंक की एक गेंद उनके ग्लव्स पर बहुत ही तेज़ लगी थी। राहुल ने कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है जिस तरह की इन मैचों में मयंक ने गेंदबाज़ी की है। वह शांति से और संयम के साथ डगआउट में बैठकर पिछले दो सीज़न से इंतज़ार कर रहा था। वह पिछला सीज़न चोटिल होने के कारण नहीं खेल सका। लेकिन वह मुंबई में फ़िजियो के साथ रहकर काफ़ी कड़ी मेहनत कर रहा था। वह जानता है कि 155 किमी प्रति घंटा की गति से गेंदबाज़ी करना आसान नहीं है।





उसको अपनी टीम में देखकर खुश हूं। वह बहुत ही अच्छी गेंदबाज़ी कर रहा है : डिकॉक



यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है जिस तरह की इन मैचों में मयंक ने गेंदबाजी की है : राहुल

## हैदराबाद के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल 2024 में सीएसके के आगामी मैच से चूकने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अमेरिकी वीजा की प्रक्रिया के लिए अपने देश वापस चले गए हैं। टी20 विश्व कप 26 मई को चेन्नई में आईपीएल फाइनल के तुरंत बाद 1 जून को शुरू होगा। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सीएसके अपने घर के बाहर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी और मुस्तफिजुर के रविवार या सोमवार को लौटने की उम्मीद है, हालांकि यह इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें अपना पासपोर्ट कब वापस मिलता है। एक रिपोर्ट में बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया है, मुस्तफिजुर अमेरिकी वीजा के लिए आईपीएल से मंगलवार रात लौटे हैं। वह कल (4 अप्रैल) यूएस एंबेसी में अपना फिंगरप्रिंट देंगे और बाद में सीएसके में शामिल होने के लिए भारत वापस लौटंगे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बाएं हाथ का तेज गेंदबाज केवल अप्रैल के अंत तक आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध होगा, क्योंकि उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 मई से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले राष्ट्रीय टीम में शामिल होना है। यूनुस ने कहा कि टूर्नामेंट के लिए उनकी एनओसी 30 अप्रैल तक रहेगी और हमें उम्मीद है कि वह इसके बाद आईपीएल से वापस आ जाएंगे। मुस्तफिजुर सीएसके के गेंदबाजी लाइनअप में एक शक्तिशाली हथियार रहें है। वो फिलहाल तीन मैचों में सात विकेट लेकर पर्पल कैप सूची में शीर्ष पर हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में 4-29 के शानदार आंकड़े हासिल करके चेन्नई की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 2 विकेट लिए, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में महंगे साबित हुए क्योंकि उन्होंने अपने चार ओवरों में एक विकेट लेकर 47 रन दिए।



## साई शक्ति, ओडिशा नेवल टाटा सेंटर ने सातवें दिन जीत हासिल की


**लखनऊ,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। साई शक्ति टीम और ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग फाइनल्स के सातवें दिन अपने–अपने मैच जीते। दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता को 9–0 से हराया। पूर्णिमा यादव (16%, 21%, 35%) और खुशी (39%, 44%, 57%) ने हैट्रिक बनाई, भव्या (30%, 43%) ने दो गोल किए, जबकि कप्तान तनुजा (9%) ने पहला गोल किया। दिन के दूसरे मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई–परफॉर्मेंस सेंटर ने खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस सेंटर, बिलासपुर को 7–1 से हराया।ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई–परफॉर्मेंस सेंटर की कप्तान स्वीटी कुजूर ने हैट्रिक (27%, 38%, 57%) के साथ स्कोरिंग का नेतृत्व किया, जबकि नेहारिका टोप्पो (9%), अमीषा एक्का (22%), डोली भोई (25%) और अनुष्का भावरे (56%) ने टीम के लिए एक–एक गोल किया।



सब-जूनियर महिला हॉकी

# मेरा सपना नेशनल टीम में जगह बनाना है : रिनजुआला





**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। आईएसएल या आई–लीग में किसी भारतीय फारवर्ड को स्कोरर चार्ट में दोहरे अंकों में देखना आम बात नहीं है। ऐसे में किसी भारतीय खिलाड़ी के शीर्ष स्कोरर पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने के बारे में सोचना तो दूर की बात है। पिछले 10 सीजन में केवल दो बार भारतीय नाम आई–लीग के शीर्ष स्कोरर की सूची में शामिल हुए हैं। 2013–14 में बेंगलुरु एफसी के खिताब जीतने वाले सीजन में सुनील छेत्री के 14 गोल और टीआरएयू एफसी के टाइटल चैलेंज में विद्यासागर सिंह के 12 गोल 2020–21 में इस लिस्ट में शामिल है। हालांकि, आई–लीग के 2023–24 सीजन में एक 23 वर्षीय खिलाड़ी सुर्खियों में है, जिसने अपने पहले आने वाले खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। लाल रिनजुआला लाल बियाकनिया, जिन्हें उनके करीबी लोग प्यार से रिनजुआला कहते हैं, उन्होंने आइज़ॉल एफसी के लिए अपने डेब्यू सीजन में 19 मैचों में 15 गोल किए हैं। एक सीजन में किए गए गोलों की संख्या के मामले में रिनजुआला पहले ही सुनील छेत्री, बाईचुंग भूटिया (1996–97 में 14 गोल), जेजे लालपेखलुआ (2010–11 में 12 गोल) को पीछे छोड़ चुके हैं, लेकिन 23 वर्षीय वर्तमान में अधिक गौरव की प्राप्ति की ओर अग्रसर है।वो 2023–24 आई–लीग सीजन में शीर्ष स्कोरर पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। उन्होंने गोकुलम के एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज़ से एक कम स्कोर किया है। हालांकि, आइजोल के खिलाड़ी ने सीजन की शुरुआत में जो लक्ष्य तय किया था, वह उससे काफी आगे निकल चुका है। रिनजुआला ने कहा कि जब मैं सीजन की शुरुआत में आइजोल में शामिल हुआ था तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतने सारे गोल करूंगा। मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य आइजोल के लिए शायद पांच या छह गोल करना था। मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे इतने सारे मैचों की शुरुआत करने का मौका मिलेगा। सभी फॉरवर्ड खिलाड़ियों की तरह, रिनजुआला का भी सीजन के बीच में खराब प्रदर्शन रहा, जब एक छोटी सी चोट के कारण उन्होंने पांच मैच तक स्कोर नहीं किया। हालांकि, मध्य सीजन के ब्रेक ने उन्हें ठीक होने का समय दिया और रिनजुआला ने मार्च में हर मैच में गोल किया।

■ रिनजुआला ने आइजॉल एफसी के लिए अपने डेब्यू सीजन में 19 मैचों में 15 गोल किए हैं

## सार संक्षेप

### ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे पांच पहलवान रूस में लेंगे प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे पांच पहलवान रूस में प्रशिक्षण लेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पांच पहलवानों को टॉपस के तहत विदेशी प्रशिक्षण शिविरों के लिए भी मंजूरी दे दी है। ओलंपियन दीपक पूनिया, सुजीत और नवीन इस महीने के आखिरि में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने साथी खिलाड़ियों, मुख्य कोच रवि और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ रूस में प्रशिक्षण लेंगे।

### श्रीलंका ने डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पाकिस्तान को पीछे छोड़ा

**चटगांव।** दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश पर 192 रन की जीत के बाद, श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में पाकिस्तान को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका ने बुधवार को दो मैचों की श्रृंखला में बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से सीरीज अपने नाम की। श्रृंखला की इस जीत ने डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में बड़ा उलटफेर किया। श्रीलंका अब पाकिस्तान से आगे स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है। उनसे पहले, भारत (पहले नंबर), ऑस्ट्रेलिया (दूसरे) और न्यूजीलैंड (तीसरे) की टीमें ही उनसे आगे हैं।दूसरी ओर, बांग्लादेश इस साल के अंत में पाकिस्तान में होने वाली अपनी अगली श्रृंखला के साथ दक्षिण अफ्रीका के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गया, जब वे दो टेस्ट मैचों के लिए यात्रा करेंगे। श्रीलंका को इस चक्र में अभी भी दो घरेलू श्रृंखलाएं खेलनी हैं, जिसमें इस साल के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच और फिर 2025 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो और टेस्ट मैच शामिल हैं।

### ओलंपिक में भाग लेने वाले मुक्केबाज प्रशिक्षण के लिए तुर्की जाएंगे

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले मुक्केबाजों के तुर्की में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जबकि वैश्विक आयोजन के आगाज में अब बस कुछ ही महीने शेष हैं। मंत्रालय ने कहा कि टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत एमवायएएस भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन, प्रीति पवार, परवीन हुडा और लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ दो कोचों और एक फिजियो को तुर्की में एक विशेष विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। मुक्केबाजों के अलावा, एमओसी ने पांच टॉप्स पहलवानों के लिए विदेशी प्रशिक्षण शिविरों को भी मंजूरी दे दी।